


दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन

वर्ष 53/ अंक 278/ पृष्ठ 8 / मूल्य₹ 2.10
संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल
■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14
भोपाल, मंगलवार 21 मई 2024 भोपाल से प्रकाशित
dainiksandhyaprakash.in




सांध्यप्रकाश विशेष

## रामचरित मानस समेत 3 भारतीय ग्रंथ यूनेस्को में सूचीबद्ध

यूनेस्को अर्थात संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक और सांस्कृतिक संगठन है। यह शिक्षा, विज्ञान, संस्कृति, संचार और सूचना में अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को बढ़ावा देकर शांति और सुरक्षा में योगदान देता है। यह मानवता के लिए उत्कृष्ट मूल्य




मानी जाने वाली सांस्कृतिक और प्राकृतिक विरासत को पहचान, सुरक्षा और संरक्षण प्रदान करती हैं। भारत में 42 विश्व धरोहर स्थल है। भारत के विभिन्न कालखंड और क्षेत्र से निकले इन साहित्यिक खजानों ने देश के सांस्कृतिक परिदृश्य पर एक अमिट छाप छोड़ी है। यह गहन ज्ञान और कलातिक शिक्षाएं विश्व की आने वाली पीढियां के लिए बनी रहेगी।

'यूनेस्को' द्वारा भारतीय ज्ञान,परम्परा की अनुपम कृति गोस्वामी तुलसीदास जी कृत श्रीरामचरितमानस, विष्णु शर्मा द्वारा लिखित पंचतंत्र और आचार्य आनंद वर्धन की पुस्तक 'सहृदयलोक लोकन' प्रसिद्ध ग्रंथ हैं जिन्हें 'यूनेस्को' ने विश्व स्मृति अभिलेख के रूप में सूचीबद्ध किया है। यह फैसला कुछ दिन पूर्व ही हुआ है। भारत के सांस्कृतिक विरासत के लिए यह ऐतिहासिक अवसर है, जो हमेशा के लिए सुरक्षित रहेगी। यह हमारे लिए गर्व और उत्साह का क्षण है।इससे हमारे समृद्ध साहित्य विरासत को नया आयाम मिला है। जिससे हमारी सांस्कृतिक धरोहर पहले से और अधिक मजबूत हुई है।

विष्णु दत्त शर्मा द्वारा संस्कृत में लिखित 'पंचतंत्र' प्राचीन और प्रसिद्ध कहानियों का संग्रह है। जिसमें विभिन्न प्राणियों के जीवन के प्रसंग, दृष्टांत माध्यम से लिखे है। जिससे हम हमारे जीवन को समृद्ध कैसे कर सकते हैं, यह समझाया है। हर कहानी के अंत में सीख दी गई है। हम प्राणियों के स्वभाव को तो तुरंत स्वीकार करते हैं कि हाथी धीरे चलता है, वह शाकाहारी है। शेर का स्वभाव है कि वह भूख लगने पर शिकार करता है। लोमड़ी चालाक होती है। खरगोश डरपोक होता है। यह पुस्तक पढने से मनुष्य के अलग-अलग स्वभाव को स्वीकार करने की हमारी आदत बनती है, जो जीवन को आसान बनाती है।

'सहृदयलोक लोकन' आचार्य आनंद वर्धन द्वारा लिखित भारत की साहित्यिक उत्कृष्टता और सांस्कृतिक समृद्धि का प्रमाण है। यह काव्य शास्त्रों की शुरुआती रचनाओं में से एक है। यह ध्वनि मर्म को समझाते हैं। कविता किस बारे में है, उसके गुण दोष, वह किस रस के प्रति प्रेरित करती है। अर्थात काफी महीन रूप से काव्य को समझती हैं। राष्टीय कला केंद्र में कला विभाग के प्रमुख प्रो रमेश चंद्र गौड़ ने भारत का प्रतिनिधित्व करते हुए, एक निर्णायक भूमिका निभाई है।

## अब भोपाल नहीं उज्जैन से संचालित होगा धर्मस्व विभाग का दफ्तर, कैबिनेट की बैठक में लिया गया फैसला

**भोपाल।** मध्य प्रदेश सरकार का धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व संचनालय उज्जैन से संचालित होगा, जिसे लेकर पूरी तैयारी की जा रही है. पूर्व में यह विभाग भोपाल से संचालित होता था, मंदिरों का शहर होने की वजह से कैबिनेट की बैठक में उज्जैन से धर्मस्य विभाग संचालित करने का फैसला हुआ था, जिस पर अब धीरे-धीरे अमल भी शुरू हो रहा है।



मध्य प्रदेश सरकार का धर्मस्व विभाग उज्जैन से संचालित होने के निर्देश होने के बाद अब अधिकारियों के भी उज्जैन पहुंचने का सिलसिला जारी है. धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व संचनालय डायरेक्टर रमेश कुमार ने महाकालेश्वर मंदिर पहुंचकर भगवान महाकाल का आशीर्वाद लिया. उन्होंने मंदिर में चल रहे निर्माण कार्य का निरीक्षण भी किया। महाकालेश्वर मंदिर भवन समिति के प्रशासन मृणाल मीना ने डायरेक्टर का अभिनंदन किया. डायरेक्टर रमेश कुमार ने महाकालेश्वर मंदिर के पंडित और पुरोहितों से बातचीत भी की. उन्होंने पंडितों को होने वाली कठिनाई के बारे में भी समझा. इसके अलावा अपनी ओर से कुछ सुझाव भी दिए।

## ठगे गए राजकुमार: ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महानआर्यमन से 12 लाख की ठगी

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महानआर्यमान की कंपनी के साथ 12 लाख रुपए की धोखाधड़ी हुई है। यह धोखाधड़ी ग्वालियर स्थित कंपनी के ही प्रोक्योरमेंट मैनेजर ने की है। जिस कंपनी के साथ ठगी हुई है वह महानआर्यमन सिंधिया की हायपर ग्रोसर प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है। यह कंपनी फल और सब्जियों से जुड़ा व्यापार करती है। कंपनी ने प्रोक्योरमेंट मैनेजर शिवम गुप्ता को कंपनी के लिए किसानों और कारोबारियों से फल और सब्जी खरीदने की जिम्मेदारी दी गई थी। इस खरीद में उसने 12 लाख का गबन कर डाला।



**फर्जी फर्म दिखाकर किया गबन-** शिवम गुप्ता ने पहले तो किसानों से कम दाम में फल और सब्जियां खरीदी और कंपनी को अधिक दाम दिखाया। इसके बाद श्री श्याम ट्रेडिंग नाम की फर्जी कंपनी से खरीद दिखाकर गबन किया। इस प्रकार उसने कंपनी से कुल 12 लाख की धोखाधड़ी की। यह फर्जी कंपनी भी शिवम द्वारा ही चलाई जाती थी। संदेह होने पर मामले की पूरी जांच की गई जिसमें शिवम गुप्ता ने ठगी करना स्वीकार किया। जनकगंज थाना पुलिस में महानआर्यमन सिंधिया की कंपनी के साथ धोखाधड़ी का केस दर्ज कर दिया गया है।

**उद्यमी हैं महानआर्यमन सिंधिया-** ज्योतिरादित्य सिंधिया के बेटे महानआर्यमन सिंधिया एक उद्यमी हैं। उन्होंने साल 2022 में अपने दोस्त सूर्यांश राणा के साथ माई मंडी नाम का स्टार्टअप शुरू किया था। इस स्टार्टअप में स्वयं रतन टाटा ने इंवेस्टमेंट की थी। 2023 में उनके स्टार्टअप ने 1 करोड़ का रेवेन्यू हासिल किया था। माई मंडी ताजे फलों और सब्जियों का व्यापार है। यह ऑनलाइन एग्रीगेटर के तौर पर फल और सब्जियां सप्लाई करती है।

## इस गांव में 100 प्रतिशत वॉटिंग का इतिहास बना, एक वोटर ने फ्लाइट से आकर वोट डाला

**ललितपुर।** झांसी-ललितपुर लोकसभा क्षेत्र के एक गांव के मतदाताओं ने दोपहर एक बजे तक 100 प्रतिशत मतदान कर मिसाल कायम की। डीएम (कलेक्टर) अक्षय त्रिपाठी ने बताया कि ग्राम प्रधान और अधिकारियों के प्रयास से यह सफलता मिली। लेकिन, एक वोटर को बंगलुरू से बुलाने के लिए डीएम ने जो किया वो अपने आप में अनोखी पहल है।



देश में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने को लेकर हर संभव कोशिशें की जा रही है। मतदाताओं को मतदान केंद्र तक लाने के लिए भी कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही। वहीं झांसी-ललितपुर संसदीय क्षेत्र के ललितपुर जिले में महरौनी विधानसभा क्षेत्र के आदिवासी बाहुल्य गांव सोल्दा के मतदाताओं ने दोपहर 1 बजे तक 100त्न मतदान कर मिसाल कायम कर दी। मतदान को 100त्न तक ले जाने के लिए गांव के एक मतदाता को बंगलूरु से फ्लाइट से बुलाया गया। इसके अलावा ललितपुर के दो अन्य गांवों में भी शत-प्रतिशत मतदान हुआ।

**मतदान करने बेंगलुरु से आया-** मतदान करने वाले वोटर शेर सिंह यादव ने बताया कि प्रशासन और प्रधान की ओर से उसको बार-बार मतदान करने आने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। सोमवार सुबह उन्होंने बंगलूरु से भोपाल के लिए फ्लाइट पकड़ी और सुबह 9 बजे भोपाल पहुंचे। भोपाल से कार के जरिये वह दोपहर में गांव पहुंचे और मतदान किया।



## भ्रष्टाचार का पता है इंडी गठबंधन, 20 लाख करोड़ के घोटालेबाज एक साथ: पीएम मोदी

**पटना।** पीएम नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को मोतिहारी और महाराजगंज में सभा की। महाराजगंज में उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का पता है इंडी गठबंधन। इनके नेताओं में 3 बातें एक जैसी है। कम्युनल, जातिवादी और परिवारवाद। इंडी गठबंधन में 20 लाख करोड़ के घोटालेबाज एक साथ हैं।

पीएम की सभा में कुछ लोग पोल पर चढ़े दिखे। प्रधानमंत्री ने सुरक्षाकर्मियों को बोलकर सभी को नीचे उतरवाया। उन्होंने इसके बाद नीचे उतरने वाले लोगों से माफी मांगी। पीएम ने कहा कि आपके सम्मान को ठेस पहुंची हो तो माफी मांगता हूं। आप सभी मेरा परिवार हो।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, मैं आपको गारंटी देता हूं, मैं आपके लिए दिन-रात मेहनत करूंगा, पहले से भी ज्यादा मेहनत करूंगा। मुझे आपके लिए, आपके भविष्य के लिए, आपके बच्चों के भविष्य के लिए विकसित बिहार बनाना है, विकसित भारत बनाना है। इससे पहले पीएम ने मोतिहारी के गांधी मैदान में सभा की। उन्होंने भीड़ देखकर कहा कि आपका ये सैलाब बता रहा है कि छठे और सातवें चरण में क्या होने वाला है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, कल ही 5वें चरण का चुनाव पूरा हुआ है। पहले चरण में इंडी गठबंधन पस्त हो गया था और इसके बाद के चरणों में इंडी गठबंधन ध्वस्त हुआ और अब कल जो 5वां चरण हुआ, इंडी गठबंधन पूरी तरह परास्त हो चुका है। पीएम नरेंद्र मोदी महाराजगंज में सभा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार का पता है इंडी गठबंधन। इनके नेताओं में 3 बातें एक जैसी है। कम्युनल, जातिवादी और परिवारवाद। इंडी गठबंधन में 20 लाख करोड़ के घोटालेबाज एक साथ हैं।

## काम पर लौटी सरकार, सीएस और बड़े अफसरों के साथ मीटिंग

**भोपाल।** करीब 2 महीने तक लोकसभा चुनाव में 200 से ज्यादा सभाएं, 60 से अधिक रोड शो करने के बाद मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव अब सरकारी काम पर लौट रहे हैं। यह कवायद 5 दिन पहले शुरू होने वाली थी, पर उत्तरप्रदेश और महाराष्ट्र में चुनाव प्रचार के कारण ये निर्धारित मीटिंग टल गई थी। मुख्यमंत्री सबसे पहले विभागों को दिए टारगेट की समीक्षा करेंगे। इसके लिए आज 21 मई से समीक्षा अभियान शुरू किया जा रहा है। इनमें से कई काम ऐसे हैं जिनके लिए सरकार को चुनाव आयोग की इजाजत लेना पड़ेगी क्योंकि, अभी चुनाव आचार संहिता लागू है।

गौरतलब है कि प्रदेश में मुख्यमंत्री पद की कमान संभालते ही डॉ मोहन यादव ने सबसे अधिक सुशासन और विकास पर फोकस किया था। इसके लिए उन्होंने विभागों को टारगेट भी दिया था। हालांकि, इसके लिए सरकार को चुनाव आयोग की अनुमति लेना पड़ेगी। 16 मार्च को लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लगने के साथ ही मुख्यमंत्री सरकारी कामों से अलग हो गए थे। अब, जबकि प्रदेश में चौथे और आखिरी चरण का मतदान हो गया, तो मुख्यमंत्री एक बार फिर से सरकारी कामकाज में जुटेंगे। मुख्यमंत्री की पहली प्राथमिकता विभागों को दिए लक्ष्य का आकलन करना है। इसलिए अब विभागों के कामकाज की समीक्षा शुरू होगी।



### समीक्षा के मुद्दे

मंत्रालयीन सूत्रों के अनुसार मुख्यमंत्री की समीक्षा के प्रमुख विषय होंगे गेहूं खरीदी तथा भुगतान की स्थिति, खरीफ की बुवाई के लिए खाद-बीज की स्थिति, सिंहस्थ 2028 तथा शिप्रा नदी की सफाई के लिए अब तक किए गए कार्य की समीक्षा। इसके अलावा मिशन 2047 के लिए मध्यप्रदेश में की गई तैयारियों की समीक्षा तथा केन्द्र सरकार को भेजी जाने वाली रिपोर्ट पर चर्चा। विभागों का एक साल, दो साल, तीन साल व पांच साल के कामकाज के रोडमैप पर चर्चा, भाजपा के संकल्प पत्र के कार्यों की समीक्षा और मुख्यमंत्री द्वारा संभागवार की गई समीक्षा में दिए गए निर्देशों के पालन प्रतिवेदन पर चर्चा होगी।


### शुरुआत अधिकारियों की बैठक से

जानकारी के अनुसार, मुख्यमंत्री ने आज मुख्य सचिव वीरा राणा तथा विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव तथा प्रमुख सचिवों की बैठक बुलाई है। बैठक में मुख्यमंत्री पिछले दो माह में किए गए कार्यों की समीक्षा करेंगे। इसके बाद विभागवार समीक्षा कर आगे के रोडमैप पर चर्चा करेंगे। इसके लिए सभी विभागों की अलग-अलग बैठक कर निर्देश देंगे। मुख्यमंत्री का पहला लक्ष्य डिलीवरी सिस्टम को ठीक करना है। इसमें जो कमियां है, उसे कैसे दूर किया जा सकता है। ताकि आमजनता की सरकार की योजनाओं का नियमानुसार समय पर लाभ मिल सके। उल्लेखनीय है कि जमीनी स्तर पर सरकार के कामकाज को बेहतर बनाने के लिए मुख्यमंत्री ने संभागवार एसीएस तथा एडीजी को जिम्मेदारी दी थी और खुद संभागवार समीक्षा कर निर्देश दिए थे। अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट मुख सचिव वीरा राणा को सौंप दी है।

## दिल्ली सहित पांच राज्यों में प्रचंड गर्मी, लू का रेड अलर्ट

### औसत अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार

**नई दिल्ली।** दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, पंजाब और राजस्थान समेत उत्तर पश्चिमी मैदानी क्षेत्र में पारा चढ़ता जा रहा है। मौसम विभाग ने पांच दिन के लिए प्रचंड गर्मी व भीषण लू का रेड अलर्ट जारी किया है। इन पांचों राज्यों में सोमवार को औसत अधिकतम तापमान 45 डिग्री के पार रहा।



मौसम विभाग के मुताबिक, अगले पांच दिन भीषण लू के चलते सुबह से ही दिन तपने लगेगा, जनजीवन प्रभावित होगा। मध्य प्रदेश, ओडिशा और गुजरात में भी पांच दिन लू के आसार हैं। पारा दो से तीन डिग्री तक चढ़ेगा। अधिकतम तापमान 47 डिग्री तक पहुंचने के आसार हैं। हालांकि, हिमाचल प्रदेश के कुछ हिस्सों में सोमवार को बारिश हुई, पर लू के अलर्ट के मद्देनजर स्कूलों का समय बदल दिया गया।

### दिल्ली में लगातार दूसरे दिन पारा 47 डिग्री पार

दिल्ली में सोमवार को लगातार दूसरे दिन पारा 47 डिग्री के पार चढ़ा। दिल्ली के नजफगढ़ में सोमवार को अधिकतम तापमान 47.4 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं मुंगेशपुर में अधिकतम तापमान 47.1 डिग्री रहा। पीतमपुरा में 46.6 डिग्री, पूसा में 46.1 डिग्री, आया नगर में 45.7 डिग्री और पालम में तापमान 45.2 डिग्री दर्ज किया गया। दिल्ली सरकार ने जिन स्कूलों में ग्रीष्मावकाश नहीं हुए, उन्हें तत्काल प्रभाव से छुट्टियां करने का निर्देश दिया।

संबित पात्रा बोले

## भगवान जगन्नाथ मोदी के भक्त, बाद में माफी मांगी

ओडिशा के पुरी लोकसभा सीट से भाजपा उम्मीदवार संबित पात्रा ने सोमवार को एक न्यूज चैनल से बात करते हुए कहा कि भगवान जगन्नाथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भक्त हैं।



पात्रा के बयान पर ओडिशा के सीएम नवीन पटनायक, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, राहुल गांधी समेत कई बड़े नेताओं ने आपत्ति जताई। इसके बाद पात्रा ने माफी मांग ली। संबित पात्रा ने रात 1 बजे वीडियो जारी कर कहा- आज महाप्रभु जगन्नाथ को लेकर मुझसे जो भूल हुई है, उसको लेकर मेरा मन दुखी है। मैं जगन्नाथ जी के चरणों में शीश झुकाकर माफी मांगता हूं। मैं अपनी गलती को सुधारने और पश्चाताप के लिए अगले 3 दिन उपवास करूंगा।

## केजरीवाल बोले- योगी के दुश्मन उन्हीं की पार्टी में हैं, मोदी और शाह उन्हें कुर्सी से हटाना चाहते हैं

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मंगलवार (21 मई) को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कल दिल्ली आए थे। उन्होंने मुझे गालियां दीं। योगी जी आपके असली दुश्मन आपकी ही पार्टी में हैं।



आप बीजेपी में अपने दुश्मनों से लड़ें। आप केजरीवाल को गाली क्यों दे रहे हैं? प्रधानमंत्री मोदी और गृहमंत्री अमित शाह आपको हटाना चाहते हैं। आपको यूपी के सीएम की कुर्सी से हटाने की पूरी तैयारी चल रही है। आप उनसे निपटिए। केजरीवाल ने आगे कहा- अमित शाह ने कल दिल्ली की रैली में कहा था कि आपा का समर्थन करने वाले पाकिस्तानी है। दिल्ली के लोगों ने हमें 62 सीटें और पंजाब के लोगों ने हमें 117 सीटों में से 92 सीटें देकर हमारी सरकार बनाई है। मैं अमित शाह से पूछना चाहता हूं कि क्या दिल्ली और पंजाब के लोग पाकिस्तानी हैं?

केजरीवाल ने कहा कि मोदी ने अमित शाह को अपना उत्तराधिकारी चुना है। इस बात का शाह को इतना घमंड हो गया कि ये लोगों को गालियां देने लगे हैं। अमित शाह अभी पीएम नहीं बने हैं, फिर भी उनको इतना अहंकार हो गया है।

## ओडीए के होंगे चुनाव, शेड्यूल एक-दो दिन में, डेली कालेज से सुलझा विवाद

**इंदौर।** देश के प्रसिद्ध स्कूल में शामिल इंदौर के डेली कॉलेज और इनसे पासआउट छात्रों की संस्था ओडीए यानी ओडीए (ओल्ड डेलियंस एसोसिएशन) के बीच में चुनाव को लेकर हुए विवाद का मुद्दा सुलझ गया है। डेली कॉलेज ने चुनाव कराने की रजामंदी का पत्र ओडीए को भेज दिया है और अब ओडीए द्वारा संभवत- मंगलवार को ही चुनाव शेड्यूल जारी कर दिया जाएगा।




**ओडीए न अंडरटेकिंग नहीं देगा और न डेली कॉलेज लेगा-** तय हुआ कि ओडीए सदस्य डेली कॉलेज सोसायटी का सदस्य नहीं है इस संबंध में अंडरटेकिंग देने की कोई बात नहीं होगी। ना ओडीए देगा और ना ही डेली कॉलेज मांगेगा। सभी की सहमति से चुनाव की प्रक्रिया जल्द शुरू कर दी जाएगी और शेड्यूल भी एक-दो दिन में ही जारी कर दिया जाएगा।

**ये बोल रहे दोनों पक्ष-** ओडीए प्रेसीडेंट कमलेश कासलीवाल ने कहा कि कोई विवाद नहीं है, चुनाव शेड्यूल घोषित करने के लिए प्रिंसीपल का पत्र आ गया है, क्योंकि संविधान के तहत उन्हीं से पत्र आना जरूरी है, वह आ गया है। जल्द चुनाव घोषित हो जाएंगे। ओडीए और डेली कॉलेज मिलकर काम करेगा। वहीं डेली कॉलेज प्रबंधन प्रबंधन का कहना है कि हाईकोर्ट में मामला सबज्यूडिस है। लेकिन ओडीए के साथ चर्चा हो चुकी है, ताकि हम 150 साल की परंपरा का निर्वाह करते हुए चुनाव करा सकें। इसके लिए ओडीए को पत्र भेजा जा चुका है।

### इस पत्र के कारण उठा था विवाद

प्रिंसीपल ने ओडीए सचिव जुनेजा को इसके बदले में एक पत्र भेजा। इसमें कहा गया कि हाल ही में आपके एसोसिएशन के कुछ सदस्यों ने द डेली कॉलेज सोसायटी के भी सदस्य होने का दावा किया है। जबकि ऐसा नहीं है। इसलिए पहले आप यह घोषणापत्र और अंडरटेकिंग इस फैक्ट को लेकर दीजिए कि ओडीए और डेली कॉलेज सोसायटी दोनों अलग-अलग है। इसके बाद चुनाव के लिए सदस्यों की सूची जारी की जाएगी। इस मामले में ओडीए कमेटी ने फैसला लिया गया कि वह कोई अंडरटेकिंग और घोषणापत्र नहीं देंगे। इस पूरे मुद्दे को हम अपनी एजीएम (वार्षिक साधारण सभा) में रखेंगे।

## कान्स फिल्म फेस्टिवल: डिनर पार्टी में बार्बी गर्ल बनकर पहुंची कियारा आडवाणी

**नई दिल्ली।** दुनिया के प्रतिष्ठित समारोह में से एक कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 पर बॉलीवुड सितारे भी रेड कारपेट पर जलवा दिखाते हैं। इस साल अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने कान्स में डेब्यू किया। कान में रेड सी फिल्म फाउंडेशन के वीमिन इन सिनेमा गाला डिनर में बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी शामिल हुईं। उन्होंने इस डिनर के लिए डिजाइनर प्रबल गुरुंग द्वारा डिजाइन किया गया आउटफिट पहना, जिसमें वह बिल्कुल बार्बी डॉल की तरह लग रही थीं।



कान्स फिल्म फेस्टिवल 2024 को शुरू हुए 6 दिन हो गए हैं। इन 6 दिनों में कई सेलेब्स ने रेड कार्पेट पर अपना जादू बिखेरा। इन्हीं में से एक थीं बॉलीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी। अभिनेत्री ने वुमेन इन सिनेमा गाला डिनर में अपने देश का प्रतिनिधित्व किया। उनका लुक सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वह बेहद खूबसूरत लग रही थीं. एक तरफ सोशल मीडिया पर फैंस उनके लुक की तारीफ कर रहे हैं तो वहीं दूसरी तरफ एक्ट्रेस को ट्रोल भी किया जा रहा है, जिसकी वजह उनका बात करने का तरीका है। कान्स फिल्म फेस्टिवल से कियारा आडवाणी का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वह मीडिया से बातचीत करती नजर आ रही हैं।

# लव जेहाद और दुल्हा-दुल्हन के मंच पर देरी से पहुंचने पर पंचायत ने जताई चिंता

## सिंधी सेन्ट्रल पंचायत भोपाल की महत्वपूर्ण बैठक सिंधी कम्युनिटी हाल में रखी




**संत हिरदाराम नगर।** सिंधी समाज की प्रमुख सामाजिक संस्था सिंधी सेन्ट्रल पंचायत की बैठक सिंधी कम्युनिटी हाल प्रभुनगर, नानक टेकरी पर रखी गई। जिसमें बैठक में मोहल्ला पंचायतों के पदाधिकारियों के अलावा, सिंधू भवन ट्रस्ट, सिंधी मेला समिति के पदाधिकारी भी उपस्थित थे। बैठक दो प्रमुख मुद्दों पर चर्चा के लिए बुलाई गई थी। शादियों में दूल्हा दुल्हन के देर से मंच पर आने के कारणों को जानकर इस समस्या का निदान किया जाए। दूसरा लव जेहाद के मामलों में जागरूकता फैलानें के लिये मोहल्लों में मां बेटी सम्मेलन पर चर्चा की गई। सभी ने अपने-अपने सुझाव रखें। जिसके बाद पंचायत ने दोनों मुद्दद्दों पर फैसला लिया है कि ऐसे मोहल्लों में जहां लव जेहाद के मामले सामने आए हैं या जिन मोहल्लों में समस्या है, वहां, मोहल्ला पंचायतों के सहयोग से मां-बेटी जागरूकता सम्मेलन आयोजित किए जाए और उन्हें जागरूक किया जाएगा। इस कार्य के संयोजक पंचायत के उपाध्यक्ष प्रदीप आर्तवानी रहेंगे। वहीं शादियों में दूल्हा-दुल्हन आमंत्रण कार्ड में घोषित समय से देर से मंच पर आने के कारणों पर विस्तार से चर्चा हुई, कई कारण सामने आए। सभी एक मत से सहमत थे कि इस समस्या का जल्द और प्रभावी हल निकालना जरूरी है।

निर्णय हुआ कि इस गंभीर समस्या पर समर्थन जुटानें के लिये समाज के प्रबुद्धजनों, युवाओं,परिवारजनों से चर्चा कर एक बड़ा सम्मेलन बुलाकर इस विषय पर सहमति बनाई जाएगी और यह तय हो कि विवाह जैसे पवित्र बंघन के सभी कार्यक्रम समय पर,विधि विधान से और पवित्रता से संपन्न हो। इस मामले में सेन्ट्रल पंचायत, मोहल्ला पंचायतों और समाज के प्रबुद्धजनों की स्पष्ट भूमिका भी तय होगी और उसका पालन कड़ाई से कराया जाएगा। इस अवसर पर सिंधी सेन्ट्रल पंचायत के अध्यक्ष किशोर तनवानी, मुख्य सलाहकार भगवानदेव ईसरानी, सिंधू भवन ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेन्द्र मनवानी, वरिष्ठ समाजसेवी भगवान रामानी, विधि सलाहकार परिषद के सदस्य नरेश गांगुली, जीतेंन्द्र जादवानी के अलावा सभी मोहल्ला पंचायतों के अध्यक्ष, पदाधिकारियों ने इस विस्तृत चर्चा में भाग लिया।

## लॉयन्स इंटरनेशनल वार्षिक डिस्ट्रिक्ट कान्फ्रेंस अबीर संपन्न

# पब्लिसिटी एवं मीडिया की पत्रिका का विमोचन



**भोपाल।** लायन्स क्लब इंटरनेशनल की सातवीं वार्षिक इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट कान्फ्रेंस अबीर संपन्न हुई एवं उस अवसर पर पब्लिसिटी एवं मीडिया की पत्रिका का विमोचन किया गया। डिस्ट्रिक्ट कान्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में इंटरनेशनल डायरेक्टर डॉ. जितेन्द्र सिंह चौहान थे एवं विशेष अतिथि के रूप में पास्ट मल्टीपल चेयर पर्सन कुलभूषण मित्तल थे, एवं अध्यक्षता डिस्ट्रिक्ट गर्वनर जे.पी.एस.जौहर ने की। उस अवसर पर लायन्स क्लब इंटरनेशनल के डिस्ट्रिक्ट चेयर पर्सन एवं पी.आर.ओ. लायन संजय गुप्ता द्वारा लिखित मीडिया एवं पब्लिसिटी की पुस्तक का भी विमोचन किया गया। समारोह में माननीय महामहिम गर्वनर मंगू भाई पटेल के संदेश का भी वाचन लायन संजय गुप्ता एडवोकेट द्वारा किया गया। उपरोक्त समारोह में कई आयोजन किये गये एवं फैशन शो का एवं वेनर प्रजेन्टेंशन एवं कई आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किये गये एवं तत्पश्चात चुनाव संपन्न हुये एंव चुनाव में डिस्ट्रिक्ट गर्वनर के पद पर लायन मनीष शाह एवं प्रथम वायस गर्वनर के पद पर लायन प्रवीण वशिष्ट एवं द्वितीय वायस गर्वनर पर महेश मालवीय निर्वाचित हुये। उपरोक्त डिस्ट्रिक्ट कान्फ्रेंस में विशेष रूप से डॉ. परमानंद राजानी, बी.सी.जैन, अलका विजय, गुलशन छाबडा, डॉ. पी.सी.कोठारी, रवि सक्सेना इत्यादि उपस्थित थे।

# भोपाल कलेक्टर की पहल से आमजन को मिली राहत, भरण-पोषण मामलों में त्वरित कार्रवाई

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जनसमस्याओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए, कलेक्टर कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए विशेष ध्यान केंद्रित किया है। उनके निर्देशन में, एसडीएम गोविंदपुरा, श्री रवीश श्रीवास्तव ने माता-पिता और वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण अधिनियम के अंतर्गत आवेदकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया। इसी क्रम में, आवेदक नागेंद्र प्रसाद सिंह, जो अपने बेटे और बहू की प्रताड़ना से परेशान थे, को न्याय मिला। उनके बेटे और बहू के खिलाफ सुनवाई करते हुए, उन्हें उनके मकान से निष्कासित कर राहत प्रदान की गई। इस कार्रवाई से यह स्पष्ट होता है कि कलेक्टर भोपाल जनसमस्याओं के प्रति गंभीर हैं और उनके अधीनस्थ अधिकारी और कर्मचारी भी इसी दिशा में कार्यरत हैं। इस प्रकार की सक्रियता से आमजन में न्याय के प्रति विश्वास मजबूत होता है।

## बाजार में हिंदुस्तान के सबसे हैवी वेट वाले बकरे




**भोपाल।** बकरा ईद क इस साल 16 या 17 जून को मनाई जाएगी। इसके के पास आते ही,बकरा मंडी में भी बकरों की खरीद-फरोख्त जोरों पर होने लगती है,वहीं भोपाल के आसपास भी बकरों की मंडी लगना शुरू हो गई है। जिसमें काफी अलग अलग नस्ल के बकरे बाजारों में दिखाई दे रहे हैं,वही हम आपको बता दें की,राजधानी स्थित नारियल खेड़ा रेशम केंद्र मैं आज,भोपाली गोट फॉर्म ने हिंदुस्तान के सबसे हैवी वेट,एक दर्जन बकरों की लॉन्चिंग की,वहीं बकरों के मालिक शाहब अली ने हमें बताया कि,हम लोग लगभग 16 साल से बकरों को तैयार कर रहे हैं,हर साल लगभग 15 से 20 बकरा तैयार करते हैं,जो अच्छी कीमतों में बिकते हैं,हमारे यहां तैयार किए गए,बकरों का वजन लगभग 150 किलो से 180 किलो तक रहता है,हमारे यहां तैयार किए गए,ये बकरे मुंबई एवं पुणे में बिके हैं,वहीं हमारे दो बकरे जिसमे टोरंटो 161किलो का जो 7.30 लाख पुणे में बिका है, वहीं दूसरा रफ्तार जो155 किलो का 7 लाख रुपए में पुणे में बिका है। क्षेत्रीय विधायक आतिफ अकील भी इस कार्यक्रम में शिरकत की।

## मांगा था न्याय मिला निलंबन

# कर्मचारी मंच ने मुख्य सचिव से निलंबित शिक्षकों को बहाल करने की मांग की

**भोपाल ।** महात्मा गांधी सी एम् राइज स्कूल भोपाल के सात शिक्षकों को मुख्यमंत्री से न्याय मांगने पर निलंबन की सजा मिली है जबकि सर्वोच्च न्यायालय के स्पष्ट आदेश है कि कर्मचारियों को मौलिक अधिकार प्राप्त है और वह सीधे मुख्यमंत्री प्रधानमंत्री महामहीम राष्ट्रपति या महामहिम राज्यपाल से न्याय की गुहार लगा सकता है मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर सी एम् राइज स्कूल के निलंबित किए गए सात शिक्षकों को तत्काल बहाल करने एवं उनकी समस्याओं का निराकरण करने की मांग करी है। मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेश अध्यक्ष अशोक पांडे ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया है कि महात्मा गांधी सी एम् राइज स्कूल भोपाल के सात शिक्षकों का जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल ने शहर से ग्रामीण क्षेत्र में स्थानांतरण कर दिया जब शिक्षकों ने आयुक्त लोक शिक्षण, शिक्षा मंत्री और शिक्षा विभाग की वरिष्ठ अधिकारियों को अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए स्थानांतरण निरस्त करने की मांग करी तो किसी भी अधिकारी ने शिक्षकों की सुनवाई नहीं करी ना ही उनकी समस्या का निराकरण किया मजबूर होकर शिक्षकों ने मुख्यमंत्री का दरवाजा खटखटाया लेकिन मुख्यमंत्री कार्यालय से न्याय मिलता उससे पहले ही जिला शिक्षा अधिकारी भोपाल ने सातों शिक्षकों को निलंबित कर दिया शिक्षकों को तानाशाही निर्णय लेकर निलंबित करने की घटना से प्रदेश के कर्मचारी जगत में आक्रोश व्याप्त हो गया है यदि शीघ्र ही शिक्षकों को बहाल नहीं किया गया तो कर्मचारी वर्ग आंदोलन करेगा।

## 16 जून से आउटसोर्स कर्मचारियों का घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन

**भोपाल ।** भोपाल में 16 जून 2024 को सरकार के सताए ग्राम पंचायत, अंशकालीन, अल्प वेतन भोगी, ठेका, और आउटसोर्स कर्मचारियों द्वारा घेरा डालो-डेरा डालो आंदोलन किया जा रहा है। इस आंदोलन के तहत कर्मचारियों ने अपने अधिकारों की रक्षा के लिए एकजुट होकर आवाज उठाई है। यह आंदोलन न्यूनतम वेतन और अन्याय के खिलाफ एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसका उद्देश्य सरकार को अपने कर्मचारियों के लिए उचित वेतन देने के लिए मजबूर करना है। आपके साथियों के संघर्ष को सफल बनाने के लिए आपकी समर्थन आवश्यक है। इस आंदोलन के नेतृत्व में निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष अनिल वाजपेयी, ग्राम पंचायत भृत्य चौकीदार संघ के अध्यक्ष यशवंत गेडाम, और अंशकालीन कर्मचारी संघ के अध्यक्ष उमाशंकर पाठक शामिल हैं।

# प्लेटफॉर्म और डिब्बे के बीच फंसा यात्री, ट्रेन मेनेजर ने निकाला बाहर



विदिशा । विदिशा से सुमावली यात्रा करते समय एक यात्री की सतर्कता और ट्रेन के गार्ड की त्वरित कार्रवाई ने एक बड़े हादसे को टाल दिया। यात्री, जो एक अंतिम संस्कार में भाग लेने के लिए जा रहे थे, चलती ट्रेन में चढ़ने की कोशिश में असंतुलित हो गए और प्लेटफॉर्म और डिब्बे के बीच फंस गए। ट्रेन मैनेजर रोमेश चौबे ने तुरंत स्थिति को भांपते हुए ट्रेन को रोका और यात्री को सुरक्षित बाहर निकाला। यात्री को हल्की चोटें आईं, लेकिन उन्हें तुरंत प्राथमिक चिकित्सा दी गई और उन्हें चाय और नाश्ता प्रदान किया गया। बाद में, उन्हें गंज बासौदा में जनरल डिब्बे में सुरक्षित बिठाया गया। इस घटना ने न केवल ट्रेन कर्मचारियों की सजगता को दर्शाया, बल्कि यात्रियों को भी यह संदेश दिया कि चलती ट्रेन में चढ़ने या उतरने की कोशिश न करें।

## एमसीयू में भारतीय ज्ञान परम्परा के अंतर्गत टास्क फोर्स का गठन

# भारतीय ज्ञान परंपरा के उद्देश्य से स्थापित की गई टास्क फोर्स: कुलगुरु प्रो.सुरेश

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में भारतीय ज्ञान परंपरा (आईकेएस) के अंतर्गत टास्क फोर्स का गठन किया गया है । विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा जारी किए गए दिशा-निर्देशों के बाद विश्वविद्यालय में क्रियान्वयन हेतु गठित सात सदस्यीय टास्क फोर्स में डीन अकादमिक डॉ. पी. शशिकला, भरतमुनि शोध पीठ के समन्वयक श्री गिरीश उपाध्याय, पुस्तकालय एवं सूचना विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. आरती सारंग, सहायक प्राध्यापक लोकेन्द्र सिंह, एडजंक्ट प्रोफेसर शिवकुमार विवेक, सहायक कुलसचिव अकादमिक गिरीश जोशी एवं तारा चित्तुर मेनन हैं । विश्वविद्यालय के कुलगुरु प्रो.के.जी. सुरेश ने कहा कि यह टास्क फोर्स पाठ्यक्रम में भारतीय ज्ञान परंपरा को शामिल करने के उद्देश्य से स्थापित की गई है । उन्होंने कहा कि टास्क फोर्स राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अंतर्गत जनरल इलेक्टिव के लिए मॉड्यूल तैयार करेगी एवं आवश्यकता अनुसार संदर्भ ग्रंथ और पाठ्यपुस्तकों को भी तैयार करेगी । उल्लेखनीय है कि कुछ दिनों पूर्व ही विश्वविद्यालय में देवर्षि नारद भारतीय ज्ञान खंड की स्थापना कुलगुरु प्रो. सुरेश द्वारा गई थी । इसमें भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित पुस्तकें रखी गई हैं ।

# स्व. रियाज कौसर मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट, टीम तारीक़ 11 ने जीती ट्रॉफी




**भोपाल।** बेस्ट शॉट्स इनडोर स्पोर्ट्स क्लब कोहे -फिजा भोपाल द्वारा संपंन्न चार दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का आज फाइनल मैच संपन्न हुआ इस अवसर पर मुख्य अतिथि मुनव्वर कौसर ने कहा कि खेल जगत में क्रिकेटर हमारे जीवन में महत्वपूर्ण बदलाव लाता है उन्होंने उपस्थित सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस अवसर पर उत्तर विधायक श्री आतिफ आरिफ अक़ील भी मौजूद थे उन्होंने कहा कि कौसर परिवार युवा क्रिकेट प्रेमियों को इस मंच के जरिए जो अवसर प्रदान कर रहे हैं वह सराहनीय है मैं उन्हें और उपस्थित सभी खिलाड़ियों को बधाई देता हूं कौसर एवं आतिफ आरिफ अक़ील ने प्रथम विजेता टीम तारीक़ इलेवन को नगद राशि रुपए 41000 एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया एवं दित्तीय पुरस्कार विजेता स्टार वारियर्स को ? 21000 नगद एवं ट्रॉफी प्रदान की! इस मैच में सर्वश्रेष्ठ गेन्दबाज़ योगेश सिंह योगी रहे एवं सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज मक़बूल रहे टूर्नामेंट का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी अदनान रहे! बेस्ट शॉट्स इनडोर स्पोर्ट्स क्लब कोहेफिजा भोपाल के संचालक शाहबाज़ कौसर एवं सूफियान अली ने मुख्य अतिथियों का स्वागत करते हुए धन्यवाद दिया और सभी उपस्थित खिलाड़ियों और दर्शकों को शुभकामनाएं दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की !

# पॉवेरलीफिटिंग एंड बेंचप्रेस प्रतियोगिता में सब जूनियर वर्ग में 105कलोग्राम में विशाल खत्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया



**भोपाल।** डिस्ट्रिक्ट पावर एसोसिएशन द्वारा मानस भवन मे आयोजित पॉवेरलीफिटिंग एंड बेंचप्रेस प्रतियोगिता में भोपाल जिम के सभी भार वर्ग के 28 खिलाड़्यों ने भाग लिया। जिसमे से (सब जूनियर वर्ग में 105कलोग्राम में विशाल खत्री ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जूनियर वर्ग 59 कलोग्राम में अमन अहिरवार तीसरे स्थान, 66 किलोग्राम अमन पंथी दूसरे स्थान, 93 कलोग्राम अभिषेक पंथी पहले स्थान तथा स्ट्रांग मेन, 105 कलोग्राम मयंक मीणा पहले स्थान, मो. अयन दूसरे स्थान प्राप्त किया सीनियर वर्ग में 53 किलोग्राम रेंद्र वासुदेव पहले स्थान 59 द्मद्द मो फईम तीसरे, उमेश महरा दूसरे, 66 च्यत्र में ताबिश अली बैग ने प्रथम तथा स्ट्रांग मेन स्थान प्राप्त किया, 74 किलोग्राम जुबैर अली तीसरे , 83 कलोग्राम वीरेंद्र सिंह दूसरे स्थान, 105 कलोग्रामशैलेन्द्र पांडेय दूसरे स्थान, नईम अली तीसरे स्थान, 120+ कलोग्राम शुभम खटीक पहले स्थान प्राप्त किया एवं मास्टर केटेगरी में 66 कलोग्राम ताबिश अली पहले स्थान, 74 कलोग्राम भगवानदास दूसरे, 83 कलोग्राम बी.पि शुक्ल तीसरे स्थानपर रहे वही अमर चौरसिआ, मनोहर उइके, चेतन कुशवाह, मो नईम खान, मंजीत कुशवाहा, अनिकेत सिंह, उत्कर्ष चौरसिआ, सुमित पवार,विश्वजीत सिंह और विकाश यादव ने पार्टिसिपेट किया भोपाल जिम द्वारा लगभग 28 खिलाड़ियों द्वारा उतारकर टीम चैंपियनशिप में दूसरा स्थान प्राप्त किया गया (भोपल जिम स. 1961 से संचालित किया जा रहा है जिसकी स्थापना स्व. राजी अली बैग द्वारा की गयी थी अब उनके पुत्र ताबिश अली बैग द्वारा भोपाल जिम का संचालन किया जा रहा ह। और अघोरी मंच के अध्यक्ष राकेश पहलवान ने युवाओं को प्रोत्साहन किया।

# दिल्ली में पार्टी प्रत्याशियों के लिए प्रचार कर रहे मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## कई जगह की जनसभाएं, बोले-भगवान श्रीराम के मंदिर बनने में कांग्रेस ने अड़ंगे क्यों लगाए





**नई दिल्ली।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने उत्तर पश्चिम दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चांदोलिया एवं उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी मनोज तिवारी के समर्थन में जनसभाओं एवं कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब एक ही परिवार के लोगों को मौका देने का जमाना गया, अब तो गरीब और किसान परिवार से प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री बन रहे हैं। बिहार और यूपी में एक ही परिवार वाले इतने चालू हैं कि वे सारे पद अपने ही घर में रख लेते हैं। घमंडिया गठबंधन के लोग कहते हैं कि मांस की दुकान खोलकर बैठ रहे हैं, तो इन्हें समस्या क्या है? पाकिस्तान की जनसंख्या 22 करोड़ है, उससे ज्यादा सदस्य तो हमारी भारतीय जनता पार्टी में है। अब कांग्रेस या आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी आएं तो पूछना कि हमारे धर्म से क्या परेशानी है, भगवान श्रीराम के मंदिर बनने में अड़ंगे क्यों लगाए।

**बिहार, यूपी में कुछ राजनीतिक दलों में परिवारवाद हावी:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा बिहार, यूपी में कुछ राजनीतिक दलों में परिवारवाद इतना हावी हैं कि वे सारे पद अपने ही घर में रख लेते हैं। किसी को मौका ही नहीं देते, लेकिन भाजपा में ऐसा नहीं होता है। अगर ऐसा होता तो मुझे कौन मौका देता। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि भारतीय जनता पार्टी के शीर्ष नेतृत्व और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी ने मुझे ये मौका दिया है। भाजपा सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास को लेकर चलती है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि उत्तरप्रदेश में कई दलों ने चार-चार बार सरकार बनाई, लेकिन आज तक वे मथुरा के अंदर भगवान श्रीकृष्ण को मुस्कुराहट नहीं दे पाए। जनता के पास वोट मांगने तो जाते थे, लेकिन वे भगवान श्रीराम, श्रीकृष्ण का मंदिर नहीं बनवा पाए। इतना ही नहीं ये तो इतने निष्ठुर है कि जब अयोध्या में भगवान श्रीराम का मंदिर बन गया तो वहां पर अब तक दर्शन करने के लिए भी नहीं जा सके हैं। ऐसे कांग्रेसियों के साथ समाजवादी वाले दोस्ती करते हैं।

**यह लोकतंत्र है यहां पर सबका अधिकार है:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि यह लोकतंत्र है और इसमें सबको अधिकार है कि वे प्रधानमंत्री बने, मुख्यमंत्री बने, मंत्री, सांसद, विधायक बनें, लेकिन आज भी कांग्रेस में सिर्फ एक ही परिवार को सारे पद चाहिए। अब एक ही परिवार के लोगों को मौका देने का जमाना गया। देश में अब गरीब परिवार का बेटा प्रधानमंत्री बन सकता है, किसान परिवार का बेटा मुख्यमंत्री बन सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस या आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी आएं तो उनसे पूछना कि हमारे धर्म से क्या परेशानी है? भगवान श्रीराम के मंदिर बनने में कांग्रेस ने क्यों अड़ंगे लगाए? भगवान श्रीकृष्ण ने हमें शिक्षा का महत्व समझाया। उन्होंने उज्जैन में सांदीपनी आश्रम में जो शिक्षा ली उसके बल पर महाभारत के कठिन समय में भी संयम रखते हुए गीता का वाचन किया। इतनी अच्छी शिक्षा को पाठ्यक्रम में शामिल होना चाहिए। लॉर्ड मैकाले की शिक्षा नीति ने केवल कागज की डिग्री लेने लायक बनाया। इससे हम जड़ों से कट रहे हैं। देश की आजादी के बाद शिक्षा नीति में सुधार हो सकता था, लेकिन कांग्रेस ने ऐसा नहीं किया। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी की पूर्ण बहुमत की सरकार बनी तो वर्ष 2020 में नई शिक्षा नीति आई। मप्र में हमने सबसे पहले नई शिक्षा नीति के तहत अपने देवी-देवताओं के प्रसंगों को पाठ्यक्रम में शामिल किया।

**जितने भाजपा के कार्यकर्ता उतनी तो पाकिस्तान की जनसंख्या है:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी दुनिया की सबसे बडी पार्टी है। हमारी सदस्यों की संख्या 25 करोड़ से ज्यादा है। पाकिस्तान की जनसंख्या 22 करोड़ है, उससे ज्यादा तो हमारी पार्टी में सदस्य हैं। हमें गर्व है कि हम उस पार्टी के कार्यकर्ता हैं, जिसका नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्ति के हाथों में है। भारतीय जनता पार्टी, सबका साथ सबका विकास और सबका विश्वास पर काम करती है। मुलायम सिंह जी को धन्यवाद देता हूं, जिन्होंने मोदीजी को देश के नेतृत्व के लिए शुभकामनाएं दी थी। मैं समझता हूं कि अगर थोड़ी सी समझ हो तो आज धारा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी की तरफ बह रही है। अगर किसी से गठबंधन ही करना है तो गठबंधन उससे करो, जिससे आपकी भी गरिमा बड़े और समाज का आनंद आए।

**अखिलेश यादव और राहुल गांधी की जोड़ी, बेमेल है, इसका कोई तालमेल नहीं:** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि राहुल गांधी और अखिलेश यादव की जोड़ी बेमेल है, इनका कोई तालमेल नहीं है। समाजवादी पार्टी के स्व. मुलायम सिंह जी ने कांग्रेस पार्टी से हमेशा से नफरत की थी और उन्होंने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदीजी को शुभकामना दी थी। अभी ये अवसर परस्ती की दोस्ती कितनी चलेगी, आप भी देखोगे, हम भी देखेंगे। राहुल गांधी सभाओं में संविधान की किताब दिखा रहे हैं। राहुल गांधी उस संविधान के बजाय दूसरी कोई किताब दिखाकर मूल संविधान और बाबा साहब की आत्मा के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। वो पहले संविधान को समझ लें, उनकी दादी ने संविधान को अलग करके देश में आपातकाल लगाया था। बाबा साहब अंबेडकर ने 1950 में जो मूल संविधान लागू किया था, उसमें कांग्रेस की 5 पीढ़ियों ने सौ बार से ज्यादा संविधान संशोधन कर दिए। जिन्होंने खुद पाप किए वो दूसरे से कहां सर्टिफिकेट लेंगे।

**केजरीवाल बहन-बेटियों को पिटवाते हैं और पीए को बचाने का नाटक करते हैं:** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने अरविंद केजरीवाल पर तंज कसते हुए कहा कि उनको मालूम है कि उन्हें 2 दिन के बाद कहां जाना है? कौन डर गया है? जमानत पर कौन आया है? जमानत निरस्त कराएं, अभी अंदर चले जाएंगे। बड़े दुर्भाग्य के साथ कहना पड़ रहा है कि इतने बड़ी जवाबदारी वाली जगह पर रहकर, कितनी हल्केपन की राजनीति करते हैं। महिलाओं के साथ दुर्व्यवहार में इस ढंग का प्रदर्शन करके आप क्या चाह रहे हो? आप बहन-बेटी का अपमान कर रहे हो, ये गलत बात है। कांग्रेस और आप पार्टी सब मिलकर गठबंधन करती है और इस ढंग के हालात करती है कि पहले घर के अंदर आईएएस अधिकारी, चीफ सेक्रेटरी को मारते हैं और अब बहन को पिटवाते हैं और अपने पीए को बचाने के लिए नाटक करते हैं। उन्होंने कहा कि बहन के अपमान के लिए अरविंद केजरीवाल माफ़ी नहीं मांगते। एक बार भी नहीं बोलते कि स्वाति मालीवाल के साथ ये घटना नहीं होनी चाहिए। अपने प्रदेश के मुख्यमंत्री हो, इस ढंग की व्यवहार आप करोगे तो कौन बर्दाश्त करेगा। इन सब घटनाओं के लिए केवल अपने पाप को छिपाने के लिए जनता बहुत अच्छे से आप पार्टी को जान गई है, जो झूठों के पहाड़ पर खड़ी है। जिसने झूठ के आधार पर कहा था कि हम राजनीतिक दल नहीं बनाएंगे, राजनीतिक दल बनाया। उन्होंने कहा कि मकान नहीं लेंगे, मकान लिया। सुरक्षा नहीं लेंगे, सुरक्षा ली। कोई गलत काम नहीं करेंगे, सबसे पहले शराब के घोटाले में बंद हुए और इनके चार-चार मंत्री भी इसमें शामिल हैं। अब घर में बुलाकर बहन-बेटी को पिटवा रहे हैं, ये बातें जनता बर्दाश्त नहीं करेगी।

### बैठक में सीएम हेल्पलाइन एवं राजस्व प्रकरणों की समीक्षा

# राजस्व प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता एवं गति लाए : कलेक्टर

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सोमवार को कलेक्टर कौशलेन्द्र विक्रम सिंह ने सभी विभागों के अंतर्गत लंबित सीएम हेल्पलाइन प्रकरणों की समीक्षा कर निर्देश दिए कि सभी विभाग प्रमुख स्वयं शिकायतकर्ता से 07 दिवस के भीतर संपर्क कर शिकायत की वास्तविकता को समझकर निराकरण करना सुनिश्चित करेंगे। समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने स्वयं 2 शिकायतकर्ताओं से फोन पर बात की एवं उनकी शिकायत सुनी और संबंधित अधिकारी को निराकरण के निर्देश दिए। साथ ही अधिक से अधिक शिकायतों को संतुष्टिपूर्वक बंद करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने लीड डिस्ट्रिक्ट मैनेजर को बैंकिंग से संबंधित शिकायतों का अधिक से अधिक निराकरण करने के निर्देश दिए।आरसीएमएस पोर्टल पर राजस्व प्रकरणों की समीक्षा के दौरान कोलार, टीटी नगर, एमपी नगर, हुजूर, बैरागढ़ एवं गोविन्दपुरा तहसील के प्रकरणों को देखा तथा सीमांकन, नामांतरण, बटांकन के प्रकरणों को जल्द से जल्द निपटाने के निर्देश दिए। सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदारों एवं राजस्व अधिकारियों को कार्य को गंभीरता से करने के निर्देश दिए।

शहर में कही भी अवैध कॉलोनी न कटे। सभी एसडीएम, तहसीलदार एवं संबंधित अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें कि शहर में कही भी अवैध कॉलोनी का निर्माण न हों। अवैध कॉलोनी निर्माण की जानकारी लगने पर तुरंत कार्रवाई कर प्रकरण दर्ज करें। मतगणना संबंधी सभी व्यवस्थायें समय पर कर ले, मतगणना के संबंध में आदेश जारी किया जा चुका हैं सभी संबंधित अधिकारी अपनी-अपनी तैयारी पूरी कर लें।

कलेक्टर सिंह ने महिला एवं बाल विकास अधिकारी को आंगनबाड़ियों के रंग-रोगन एवं सुव्यवस्थित करना, पानी की उचित व्यवस्था, स्कूल, शिक्षा विभाग एवं अनुसूचित जाति एवं जनजाति विभाग को अपने स्कूल एवं हॉस्टल में नए सत्र प्रारंभ होने के पहले मरम्मत के कार्य एवं पानी, शौचालय उचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। भोपाल के सभी संस्थानों में फायर सेफ्टी सिस्टम एवं इलेक्ट्रीकल्स सेफ्टी सिस्टम ऑडिट करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर सिंह ने भोपाल जिले में खनिज अधिकारी को पुलिस एवं प्रशासन के संयुक्त दल के साथ अवैध रेत एवं अवैध उत्खनन पर सख्त से सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही फूड सेफ्टी अधिकारी को मिलावट के खिलाफ अभियान और सख्त करने के भी निर्देश दिए गए।

# वन भवन से उल्लू का रेस्क्यू कर वन विहार लाया गया

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

वन मुख्यालय (वन भवन) से 17 मई, 2024 को सामान्य वन मण्डल भोपाल की रेस्क्यू टीम द्वारा एक उल्लू को रेस्क्यू कर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में लाया गया।

उक्त उल्लू का तत्समय वन्यप्राणी चिकित्सक श्री रजत कुलकर्णी द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उसके पंखों में चोट पाए जाने पर उसका इलाज कर पिंजरे में क्वॉरेन्टाईन बाड़े में रखा गया है। यह उल्लू कामन-बार्न आऊल प्रजाति का है वैज्ञानिक नाम (ज्ञ4ह्लश्च डुद्यड्ढड्ड) है। यह वन्यप्राणी संरक्षण अधिनिम 1972 (यथा संशोधित 2022) के शेडयूल-1 पार्ट-क्क के अंतर्गत आता है। वर्तमान में उक्त उल्लू स्वस्थ है एवं नियमित भोजन भी कर रहा है। उल्लू के पूर्ण स्वस्थ होने पर उसे प्राकृतिक रहवास (वन क्षेत्र) में छोड़ दिया जायेगा।

# कैलीग्रॉफी एण्ड ग्रॉफिक डिजाईन सेंटर के नए बैच में प्रवेश 21 जून तक

**भोपाल।** कौमी काउंसिल बराए फरोग-ए-उर्दू जबान, नई दिल्ली द्वारा मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग की निगरानी में स्थापित कैलीग्रॉफी एण्ड ग्रॉफिक डिजाईन सेंटर'' में वर्ष 2024-26 सत्र के लिये प्रवेश की प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। यह कोर्स दो वर्ष का है। पहले वर्ष कैलीग्रॉफी की ट्रेनिंग दी जायेगी तथा दूसरे वर्ष में ग्रॉफिक डिजाईन की ट्रेनिंग दी जायेगी।

सेंटर में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवार अकादमी से प्राप्त निर्धारित फार्म 21 जून, 2024 तक कार्यालय में समय से जमा कर सकते हैं। फार्म सीमित हैं, जो अंतिम तिथि से पूर्व समाप्त हो सकते हैं।

उम्मीदवार को कम से कम उर्दू विषय सहित मैट्रिक पास या उसके समकक्ष अदीब, माहिर या अदीब कामिल होना आवश्यक है। उर्दू भाषा का अच्छा ज्ञान हो एवं आयु 15 से 35 वर्ष होना चाहिये, जिसका प्रमाण पत्र लगाना आवश्यक है। इस सेंटर में प्रवेश एवं ट्रेनिंग की कोई फीस नहीं है। साथ ही ट्रेनिंग से संबंधित सामग्री एवं पुस्तकें सेंटर से निःशुल्क दी जायेंगी।

# हज यात्रियों को मुंबई जाने रेल मे अतरिक कोच लगाने की मांग, मण्डल रेल प्रबंधक को सौंपा पत्र

**भोपाल।** भोपाल मण्डल पश्चिम मध्य रेलवे को एक पत्र विधायक आरिफ मसूद ने लिख कर मांग करते हुए कहा कि 2024 के हज यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए गाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाए जाए जिससे की आगामी दिनों से हज यात्रा प्रारंभ होने जा रही है जिसमें शामिल होने के लिए भोपाल एवं आसपास के जिलों के यात्री भोपाल मण्डल से चलने वाली रेल गाड़ियों से भोपाल - मुम्बई की यात्रा करते हैं गाड़ियों में सीटें सीमित होने के चलते हज यात्रियों के टीकीट कन्फर्म नहीं हो पाते जिस कारण उनको भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है। हज 2024 के यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दिनांक 30 मई 2024 से 06 जून 2024 तक भोपाल से मुम्बई जाने वाली गाड़ियों में अतिरिक्त कोच लगाए जाने का प्रबंध किया जाना चाहिए जिससे की हज यात्रियों को सुविधा हो ।

# पर्यावरण एवं जैवविविधता से ही पक्षियों और मनुष्यों का संरक्षण: योग गुरु महेश अग्रवाल

**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल कई वर्षो से निःशुल्क योग प्रशिक्षण के द्वारा लोगों को स्वस्थ जीवन जीने की कला सीखा रहें है। वर्तमान में भी ऑनलाइन एवं प्रत्यक्ष माध्यम से यह क्रम अनवरत चल रहा है। कोविड 19 महामारी में भी हजारों योग साधक अपनी योग साधना की निरंतरता से विपरीत परिस्थितियों में भी स्वयं स्वस्थ एवं सकारात्मक रहते हुए सेवा के कार्यों में लगे है। केन्द्र पर सभी महत्वपूर्ण अंतर्राष्ट्रीय दिवस के महत्व के बारे में बताया जाता है एवं स्वच्छता, स्वास्थ्य, प्रकृति का सरंक्षण का संकल्प लिया जाता है। योग गुरु अग्रवाल ने अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस के अवसर पर कहा कि प्रकृति और मानव जीवन के बीच एक स्थायी संबंध है। हम अपने भोजन और स्वास्थ्य के लिए स्वस्थ, विविध प्राकृतिक प्रणालियों पर निर्भर हैं। इसलिए, कई जैव विविधता मुद्दों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए 22 मई को अंतरराष्ट्रीय जैव-विविधता दिवस के रूप में मनाया जाता है। प्रकृति ने सब कुछ दिया है, हम, वास्तव में, प्रकृति से लाभ लेते हैं लेकिन ज्यादातर हम इसे ग्रांटेड लेते हैं। खुद को बचाने के लिए प्रकृति का संरक्षण करना आवश्यक है। यह एक तत्काल आवश्यकता है। यह दिन प्रकृति को धन्यवाद देने के लिए भी मनाया जाता है।

# गंदगी फैलाने वालों से वसूला फाइन

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा सोमवार को निगम के जोन 9 के अमले ने प्रभात पेट्रोल टैंक के पास स्थित बस स्टॉप पर अन्नपूर्णा टिफिन सेंटर की प्रचार सामग्री लगाकर सम्पत्ति विरूपण करने वाले टिफिन सेंटर संचालक से 02 हजार रुपये की राशि वसूल की जबकि जोन क्र. 14 के अमले ने गंदगी, प्रदूषण फैलाने वालों व सार्वजनिक स्थलों पर सी.एण्ड.डी. वेस्ट फैलाने वालों के विरूद्ध कार्यवाही करते हुए 06 प्रकरणों में 06 हजार 550 रुपये की राशि स्पॉट फाईन के रूप में वसूल की। निगम आयुक्त हरेंद्र नारायन द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने वालों तथा सार्वजनिक स्थलों पर बिना अनुमति के प्रचार-प्रसार सामग्री लगाने वालों के विरूद्ध सम्पत्ति विरूपण की कार्यवाही करने संबंधी निर्देशों के परिपालन में निगम के जोन क्र. 09 के अमले ने रायसेन रोड पर प्रभात पेट्रोल टैंक के सामने स्थित बस स्टॉप पर टिफिन सेंटर संचालक द्वारा पम्पलेट चिपकाकर सम्पत्ति विरूपण करने 01 प्रकरण में 02 हजार रुपये की राशि वसूल की जबकि जोन क्र. 14 के अमले ने जोन अंतर्गत आने वाले वार्ड क्र. 56 एवं 60 में कार्यवाही करते हुए 06 प्रकरणों में 6 हजार 550 रुपये की राशि स्पॉट फाईन वसूला।

# एम्स के कार्यपालक निदेशक डॉ. अजय सिंह ने लखनऊ में डाला वोट



**भोपाल।** एम्स भोपाल के कार्यपालक निदेशक प्रोफ़ेसर (डॉ) अजय सिंह का लोकतंत्र में अटूट विश्वास है। उनका यह विश्वास केवल उनकी बातों में ही नहीं बल्कि उनके कार्यों में भी परिलक्षित होता है। यही कारण है कि आज लखनऊ में हो रहे मतदान के लिए, अपने मताधिकार का प्रयोग करने प्रोफ़ेसर अजय सिंह भोपाल से लखनऊ पहुंचे। प्रोफेसर सिंह ने कहा कि मतदान का दिवस अवकाश का दिवस नहीं होता, बल्कि यह दिन जिम्मेदारी निभाने का दिन होता है। अपने मताधिकार का प्रयोग करके हम राष्ट्र के निर्माण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। प्रोफ़ेसर सिंह ने आम नागरिकों का आवाहन करते हुए कहा कि, जब मैं भोपाल से अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए लखनऊ आ सकता हूं तो आप अपने मताधिकार का प्रयोग क्यों नहीं कर सकते। उन्होंने लोगों से ज्यादा से ज्यादा मतदान करने की अपील करते हुए राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान करने को कहा। हमारे एक वोट से राष्ट्र की दिशा और दशा निर्धारित हो सकती है। इसलिए आगे आएं, घर से बाहर निकले और मतदान करें।

# भानपुर आवासीय परियोजना परिसर में बेहतर सफाई करें : निगम आयुक्त

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



निगम आयुक्त हरेन्द्र नारायन ने हाउसिंग फॉर ऑल के तहत भानपुर परिसर में निर्मित आवासों का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता को देखा और सम्पूर्ण परिसर में बेहतर ढंग से साफ-सफाई सुनिश्चित कराने, पुताई कराने तथा गार्डन में घांस एवं बड़े आकार के पौधे लगाकर सौंदर्यीकरण करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नारायन ने यहां स्थापित लिफ्ट में बैठकर इसका परीक्षण भी किया। निरीक्षण के दौरान अधीक्षण यंत्री संतोष गुप्ता, नगरयंत्री जेड.ए.खान सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे।

निगम आयुक्त ने सोमवार को हाउसिंग फॉर ऑल के तहत भानपुर आवासीय परियोजना में निर्मित एल.आई.जी आवासों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगम आयुक्त श्री नारायन ने आवासों के अंदर जाकर निर्माण कार्यों में प्रयुक्त सामग्री की गुणवत्ता देखी और रहवासियों से भी चर्चा की। निगम आयुक्त श्री नारायन ने सफाई व्यवस्था से संलग्न कर्मचारियों व निर्माण कार्यों के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त ने भानपुर आवासीय परियोजना के पार्किंग एरिया, ब्लॉकों के बीच रिक्त स्थान, डक्ट आदि सहित सम्पूर्ण परिसर की बेहतर ढंग से साफ-सफाई व पुताई कराने तथा मलमा उठवाने के निर्देश दिए।

स म्पा द की य

# घोटाला..जांच एजेंसी के अफसर भी शामिल हुए..

व्यापमं घोटाले का हश्र तो सभी को मालूम है। दर्जनों निर्दोषों की मौतों और सैकड़ों युवाओं का भविष्य बर्बाद करने के साथ ही तमाम लोगों को जेल में डाले जाने के बावजूद असल किरदार आज तक पकड़ में नहीं आ सके। लेकिन नर्सिंग घोटाले ने अचानक नया मोड़ ले लिया है। इस घोटाला प्रदेश में यह नया घोटाला नहीं है। और यह भी कोई चौंकाने वाली बात नहीं है कि जांच करने वाले ही रिश्वत लेते पकड़े गए। वो भी घोटाले का हिस्सा बन गए, असल बात यह है कि इस मामले के कई असल किरदार सार्वजनिक हो गए। जो व्यापमं में नहीं हो पाया था। सीबीआई कैसे जांच करती है, इसके दो इंस्पेक्टरों ने साबित कर दिया।

पहले उस खबर पर नजर डालते हैं, जो कल से चल रही है। प्रदेश में नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच में जुटे सीबीआई के दो इंस्पेक्टर समेत तेरह आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद इस मामले में कई खुलासे हो रहे हैं। आरोपी रिश्वत के लेन देन में छाछ गिलास, अचार की बरनी जैसे विशेष कोडवर्ड का इस्तेमाल कर रहे थे। पैसा उठाने वाले को कैरियर, लाखों रुपए को अचार की बरनी और रुपयों की गिनती किलो आम कहते थे। फिलहाल सीबीआई सभी आरोपियों को पूछताछ के लिए दिल्ली लेकर गई है। इससे पहले 13 में से 12 आरोपियों को रविवार और सोमवार को कोर्ट में पेश किया गया। जहां से आरोपियों को 29 मई तक रिमांड पर भेजा गया।

सीबीआई विजिलेंस टीम ने मध्यप्रदेश में भोपाल, इंदौर और रतलाम के अलावा राजस्थान के जयपुर में 31 ठिकानों पर छापेमारी कर सीबीआई के तीन अधिकारियों समेत 23 लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया है। यहां से कुल 2.33 करोड़ नकद के अलावा चार सोने के बिस्किट और 36 डिजिटल डिवाइज बरामद की गई है। आरोपियों से 150 से अधिक अनाधिकृत दस्तावेज भी मिले हैं। सीबीआई अफसरों के मुताबिक सीबीआई भोपाल ने हाईकोर्ट के निर्देश पर नर्सिंग कॉलेजों की जांच के लिए सात कोर टीम और चार सपोर्टिंग टीम बनाई थीं।

सीबीआई की विजिलेंस टीम को शिकायत मिली थी कि सीबीआई के इन्सपेक्टर राहुल राज समेत अन्य सीबीआई अधिकारी रिश्वत लेकर कॉलेजों को मनमाफिक रिपोर्ट दे रहे हैं। आंतरिक जांच के बाद पूरा सर्च ऑपरेशन किया गया। सोमवार को ही नर्सिंग कॉलेज घोटाले की जांच कर रही सीबीआई टीम के एक और इंस्पेक्टर सुशील मजोकर को सीबीआई दिल्ली की विजिलेंस टीम ने दो लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया है। मजोकर एसीबी भोपाल सीबीआई में अटैच था। इसके अलावा रतलाम नर्सिंग कॉलेज के वाइस प्रिंसिपल जुगल किशोर शर्मा और भाभा कॉलेज भोपाल के प्रिंसिपल जलपना अधिकारी को भी गिरफ्तार किया है। इससे पहले रविवार रात सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज को 10 लाख रुपए की रिश्वत लेते गिरफ्तार किया था। सीबीआई निरीक्षक राहुल राज को रिश्वत देने वाले भोपाल के मलय कॉलेज ऑफ नर्सिंग के चेयरमैन अनिल भास्करन, प्रिंसिपल सूना अनिल भास्करन और दलाल सचिन जैन को भी सीबीआई ने गिरफ्तार किया था।

यह जांच भी सीबीआई हाईकोर्ट के निर्देश पर कर रहा है। सीबीआई के जांच दल में एमपी नर्सिंग काउंसिल के अधिकारी, सीबीआई के अफसर और पटवारी शामिल हैं। फिर भी जांच अधिकारियों ने रिश्वत लेने से परहेज नहीं किया। वैसे हम व्यापमं घोटाले में देख चुके हैं कि कितने जांच अधिकारियों ने करोड़ों की रिश्वत ली और कितने लोगों ने मूल किरदारों पर परदा डाला। इसमें सीबीआई की हिस्सेदारी भी बराबर रही। सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज के प्रोफेसर कॉलोनी स्थित घर पर छापा मारा, तो तलाशी में 7 लाख 88 हजार रुपए नकद और 100-100 ग्राम के सोने के बिस्किट भी मिले हैं। और इस घूसखोर इंस्पेक्टर राहुल राज को अगस्त 2023 में उत्कृष्ट जांच के लिए केंद्रीय गृहमंत्री पदक से सम्मानित किया गया था। राहुल राज सीबीआई के उन 15 अफसरों मे शामिल थे, जिन्हें उत्कृष्ट जांच के लिए ये सम्मान मिला था। इससे यह भी समझा जा सकता है कि कैसे लोगों को पदक और सम्मान मिलता है।

यह भी माना जा सकता है कि रिश्वत देकर सम्मान प्राप्त कर लिया हो। हालांकि इससे कुछ अच्छे अधिकारियों को तकलीफ अवश्य होगी। लेकिन सच तो सामने है। यह उत्कृष्ट अधिकारी रिश्वत लेते पकड़ा गया। वह भी उस घोटाले की जांच के लिए रिश्वत ले रहा था, जिससे हजारों युवाओं का भविष्य जुड़ा हुआ है। असल में मध्यप्रदेश में घोटालों का सिलसिला कोई नई बात नहीं है। यहां हर दूसरे विभाग में घोटाला होता है। व्यावसायिक परीक्षा मंडल में तो लगातार घोटाले हुए। कुछ दबा दिए गए, बहुत कम में कार्रवाई हुई। और जब घोटाले रोक नहीं पाए, तो मंडल का नाम ही बदल दिया गया। जैसे नाम बदलने से उसमें घोटाले रुक जाएंगे।

खैर...। इस घटना से सीबीआई जैसी जांच एजेंसी पर एक बार फिर संदेह बढ़ता है। यह बात अवश्य है कि सीबीआई ने ही अपने अधिकारियों को पकड़ा है, लेकिन यह भी सही है कि मध्यप्रदेश में जितने मामलों की जांच सीबीआई ने की, उनमें से नब्बे प्रतिशत में कोई नतीजा नहीं निकला। चाहे शेहला मसूद हत्याकांड हो, सपना-सिल्की हत्याकांड हो। या फिर सरला मिश्रा हत्याकांड। बहुत लंबी फेहरिस्त है। और फिलहाल चुनावी दौर में सरकार की जांच एजेंसियां विपक्ष के निशाने पर हैं, विरोधियों को जेल में भेजने का अभियान चल रहा है, लेकिन सत्तापक्ष में बैठे घोटालेबाजों पर कोई उंगली तक नहीं उठा रहा। ऐसे आरोप लगाए जा रहे हैं। यह आइना है, यदि कोई देखे तो। नहीं तो अंधभक्ति का दौर चल रहा है। यहां से भी नजरें घुमाई जा सकती हैं।

# राजीव को गए आज 33 साल हो गए

**कौशल किशोर चतुर्वेदी**

चुने हुए प्रधानमंत्री की बात करें, तो भारत के छठे और कार्यवाहक प्रधानमंत्री को भी गिनती में शामिल करें, तो भारत के सातवें प्रधानमंत्री राजीव गांधी की हत्या के 33 साल आज पूरे हो गए हैं। तब भी लोकसभा चुनावों का दौर था और अब भी चुनावों का दौर चल रहा है। भारत में सात चरण के इस लोकतांत्रिक पर्व के पांच चरण पूरे हो चुके हैं। छठवें और सातवें चरणों की बारी है। चुनावों का प्रचार करते हुए 21 मई, 1991 को लिबरेशन टाइगर्स ऑफ़ तमिल ईलम नामक आतंकवादी संगठन के आतंकवादियों ने श्री पेरंबदूर में राजीव गांधी की एक बम विस्फ़ोट में हत्या कर दी थी। और इस त्रासदी में अपना सब कुछ खोने वाले सोनिया परिवार के चिराग राहुल गांधी अब सत्ता में वापसी की हरसंभव कोशिश में जुटे हैं। जिस तरह पिता राजीव का मन राजनीति में आने का नहीं था, पर भाई संजय गांधी की मृत्यु ने उन्हें राजनीति में धकेल दिखा था। ठीक उसी तरह सोनिया अपने पति की मौत के बाद परिवार सहित राजनीति से दूर रहना चाहती थी। पर समय ने उन्हें परिवार सहित राजनीति में आने का ताना बुना और वह जब आईं तब फिर पीछे मुड़कर नहीं देखा। दस साल तक यूपीए सत्ता में रही। राजीव गांधी ने अपने राजनैतिक जीवन में अमेठी के रास्ते शुरुआत की थी, वहीं से लोकसभा पहुंचने वाले राहुल गांधी अब अमेठी से हारकर वायनाड पहुंचे। पर मां सोनिया के रायबरेली सीट छोड़कर राज्यसभा जाने पर राहुल ने इस बार वायनाड के साथ रायबरेली से भी चुनाव लड़ा है।



तो फिर बात राजीव की। राजीव गांधी (20 अगस्त, 1944-21 मई, 1991), इन्दिरा गांधी और फिरोज गांधी के बड़े पुत्र और जवाहरलाल नेहरू के दौहित्र, भारत के सातवें प्रधानमन्त्री थे। राजीव का विवाह सोनिया गांधी से हुआ जो उस समय इटली की नागरिक थी। विवाहोपरान्त उनकी पत्नी ने नाम बदलकर सोनिया गांधी कर लिया। कहा जाता है कि राजीव गांधी से उनकी मुलाकात तब हुई जब राजीव कैम्ब्रिज में पढ़ने गये थे। उनकी शादी 1968 में हुई जिसके बाद वे भारत में रहने लगी। राजीव व सोनिया के दो बच्चे हैं, पुत्र राहुल गांधी का जन्म 1970 और पुत्री प्रियंका गांधी का जन्म 1972 में हुआ था।

राजीव गांधी के जन्म दिन के अवसर पर 20 अगस्त को सद्भावना दिवस मनाया जाता है। सद्भावना दिवस पर भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के द्वारा विशेष आयोजन होता है। देश भर में पार्टी सदस्य अपने पूर्व नेता राजीव गांधी को श्रद्धांजली देते हैं, उन्हें श्रद्धा सुमन अर्पित करते हैं। दिल्ली में स्थित राजीव गाँधी के समाधि स्थल 'वीरभूमि' में राजीव गाँधी का पूरा परिवार, करीबी मित्र, रिश्तेदार और कांग्रेस पार्टी के मुख्य लोग एकत्र होते हैं, इसके अलावा देश के और भी दूसरी पार्टी के प्रमुख नेता भी राजीव गाँधी को श्रद्धांजलि देने के लिए वहां जाते है।

फिर बात राजीव की। राजीव गांधी की राजनीति में कोई रूचि नहीं थी और वो एक एयरलाइन पायलट की नौकरी करते थे। परन्तु 1980 में अपने छोटे भाई संजय गांधी की एक हवाई जहाज दुर्घटना में असामयिक मृत्यु के बाद माता इन्दिरा गाँधी जी को सहयोग देने के लिए सन् 1981 में राजीव गांधी ने राजनीति में प्रवेश लिया। वो अमेठी से लोकसभा का चुनाव जीत कर सांसद बने और 31 अक्टूबर 1984 को अंगरक्षकों द्वारा प्रधानमन्त्री इन्दिरा गांधी की हत्या किए जाने के बाद भारत के प्रधानमन्त्री बने और अगले आम चुनावों में सबसे अधिक बहुमत पाकर प्रधानमन्त्री बने रहे। राजीव गांधी ने 1985 में मुंबई में एआईसीसी के पूर्ण सत्र में 'संदेश यात्रा' की घोषणा की थी।

अखिल भारतीय कांग्रेस सेवा दल ने इसे पूरे देश में चलाया था। प्रदेश कांग्रेस समितियों (पीसीसी) और पार्टी के नेताओं ने मुंबई, कश्मीर, कन्याकुमारी और पूर्वोत्तर से एक साथ चार यात्राएं कीं। तीन महीने से अधिक समय तक चली यह यात्रा दिल्ली के रामलीला मैदान में संपन्न हुई। राहुल की भारत जोड़ो न्याय यात्रा शायद पिता से प्रेरणा का प्रतिफल ही है।

राजीव गांधी भारत में सूचना क्रान्ति के जनक माने जाते हैं। देश के कम्प्यूटराइजेशन और टेलीकम्युनिकेशन क्रान्ति का श्रेय उन्हें जाता है। स्थानीय स्वराज्य संस्थाओं में महिलाओं को 33त्न रिजर्वेशन दिलवाने का काम उन्होंने किया। मतदाता की उम्र 21 वर्ष से कम करके 18 वर्ष तक के युवाओं को चुनाव में वोट देने का अधिकार राजीव गांधी ने दिलवाया।

तो आज जिन युवाओं को पहली बार वोट डालने में बहुत खुशी मिलती है, वह राजीव के प्रति सद्भाव प्रकट कर सकते हैं। आज राजीव को गए 33 साल हो गए। उनके संग विवादों की लंबी सूची भी है। पर आज दिन श्रद्धांजलि अर्पित करने का है।

## शोध ग्रंथ विमर्श: साहित्य में पर्यावरण का वैज्ञानिक अध्ययन

# हिंदी साहित्य का अछूता प्रयोग, आधुनिक तकनीक पारिस्थितिकी से माफी मांगे: मनोज श्रीवास्तव

'साझा संसार' नीदरलैंड द्वारा मीरा गौतम की पुस्तक साहित्य में पर्यावरण का वैज्ञानिक अध्ययन पर नीदरलैंड, भारत, सूरीनाम, आस्ट्रेलिया, कनाडा, यूएई सहित कई देशों के साहित्यकारों ने विचार व्यक्त किए।

पुस्तक 'साहित्य में पर्यावरण का वैज्ञानिक अध्ययन वाकई हिंदी साहित्य का अछूता प्रयोग है। मैंने जब इस पुस्तक को पढ़ा तो सुखद आश्चर्य से भर गया क्योंकि इसमें वैज्ञानिकता का टेरर नहीं है। यह आवश्यक है कि ऐसे शोध और हों। पर्यावरण संरक्षण में संविधान और मीडिया की सतर्कता बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। हमारा साहित्य प्रेम और प्रकृति सौन्दर्य से भरा पड़ा है।

यह बात प्रख्यात वरिष्ठ साहित्यकार एवं मध्यप्रदेश शासन के सेवानिवृत अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव (आईएएस) ने की। वे 'साझा संसार' नीदरलैंड्स की पहल पर साहित्य में पर्यावरण का वैज्ञानिक अध्ययन शोध ग्रंथ पर आयोजित विमर्श के दौरान बोल रहे थे। ऑनलाइन हुए इस आयोजन में विशिष्ट वक्ता कवि, आलोचक और इग्नू (दिल्ली) के अन्तर्राष्ट्रीय विभाग के निदेशक जितेन्द्र श्रीवास्तव, कनाडा से डॉ. शैलजा सक्सेना, यूएई से डॉ. आरती लोकेश और स्पेन से पूजा अनिल रहे। सभी ने पुस्तक विमर्श में विचार व्यक्त किए। संचालन नीदरलैंड्स से शगुन शर्मा व तकनीकी संचालन राजेंद्र शर्मा ने किया।

पुस्तक में उल्लिखित पुष्टिमार्ग की चर्चा करते हुए सेवानिवृत्त आईएएस श्रीवास्तव ने कहा कि मीरा गौतम की आधुनिकता इसमें है कि वे पुष्टि से पोषण का, धरती से पोषण का अर्थ समझाती हैं। वह सही निष्कर्ष निकालती हैं। भारतीय संस्कृति में श्रीकृष्ण पर्यावरण के सबसे बड़े संरक्षक कहे जा सकते हैं। श्रीवास्तव के मतानुसार आधुनिक तकनीकी को पर्यावरण से माफी माँगनी चाहिए।




**पुरातन में नवीनतम का समावेश**

इग्नू दिल्ली से आए जितेन्द्र श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण विमर्श, जीवन विमर्श है। पर्यावरण जीवन का अभिन्न हिस्सा है। किसान चेतना की समझ से पर्यावरण की चिंता जागेगी। यह पुस्तक शोधार्थियों के लिए सैकडों दरवाजे खोलती है। डॉ. शैलजा सक्सेना ने कहा कि साहित्य ने मनुष्य को अधिक संवेदना दी है। मनुष्य प्रकृति के साथ सामंजस्य पूर्वक रहे अन्यथा समस्याएँ बनी रहेंगी। पुस्तक प्रस्थान बिंदु है। मीरा गौतम ने मशाल जलाई है। पूजा अनिल ने कहा कि यह पुस्तक पुरातन से नवीनतम का समावेश है। साहित्य ने मानव जीवन को सदा समृद्ध ही किया है।

**अभीष्ट से अनिष्ट की व्याख्या करते श्लोक**

डॉ. आरती लोकेश ने कहा कि मीरा गौतम ने भगवद्गीता के श्लोकों में पर्यावरण को टटोला है। वे अभीष्ट से अनिष्ट को व्याख्यायित करती हैं। पुस्तक इस मिथ को तोड़ रही है कि प्रकृति ही पर्यावरण है। संयोजक रामा तक्षक ने कहा कि पर्यावरण की महत्ता एक छोटी सी वैदिक बात से समझ आती है कि खुरपी से हटाई गई मिट्टी को पुन: वापस वहीं डालना, पर्यावरण के संरक्षण, पर्यावरण के प्रति जागरूकता का सबसे अच्छा उदाहरण है। उन्होंने कहा कि अनपढ़ और पढ़े लिखे सब पर्यावरण की अनदेखी करते हैं। धन नया धर्म बन गया है। धन के लिए मानव अपने आत्मीय सम्बंध, अपना जीवन, आर्थिक विकास के पीछे, धन के आगे नतमस्तक रहता है। ऐसे में हम अपना सब, पूरी विरासत बलिदान करने के लिए राजी है।

**भारत सरकार की एक विज्ञप्ति से हुई शुरुआत**

मीरा गौतम ने बताया कि इस शोध की शुरुआत भारत सरकार की एक विज्ञप्ति ने की। सामान्यत: ऐसे शोध अंग्रेजी में ही होते रहे हैं। मेरा प्रयास था कि इस शोध को हिंदी भाषा में लिखकर, हिंदी की क्षमताओं को सामने लाऊँ। ज्ञात रहे कि शोध योजना के लिए, %मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार %अब (शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार) और %अखिल भारतीय दार्शनिक अनुसंधान परिषद% ने मिलकर मीरा गौतम का चयन किया था।

**मिल चुका है कृति कुसुम पुरस्कार-2024**

इस शोध ग्रंथ को हाल ही में मध्य प्रदेश शासन तथा शासकीय इंदौर संभाग पुस्तकालय संघ इंदौर द्वारा प्रतिष्ठित %कृति कुसुम पुरस्कार-2024% मिला है। ग्रंथ को विश्व प्रसिद्ध प्रकाशन संस्थान आईसेक्ट पब्लिकेशन, भोपाल ने प्रकाशित किया है। आयोजन में गुजरात से प्रबोध पारीख, सूरीनाम से सान्द्रा लुटावन, ऑस्ट्रेलिया से निर्मल जसवाल आदि विद्वानों ने भाग लिया।

# सब क्रिएटर बन गये तो दर्शक कौन?

-राकेश दुबे

याद कीजिए,वर्ष 1995 में जब इंटरनेट की शुरुआत हुई या 1990 के दशक के अंत में गूगल सर्च या 2005 में यूट्यूब के साथ स्ट्रीमिंग वीडियो आया तब बहुत सी बातें इतनी स्पष्ट और आम नहीं थीं।यहां तक कि जब सोशल मीडिया जैसे कि फेसबुक (2004) और ट्विटर (2006 में अब एक्स) ने दस्तक दी थी तब भी चीजें इतनी स्पष्ट नहीं थीं। इसका सार यह है कि अब यह वैश्विक मीडिया अर्थव्यवस्था के कारोबारी और रचनात्मक दोनों हिस्सों को प्रभावित कर रहा है। इन सभी बदलावों में से दो बड़े बदलाव अब स्पष्ट रूप से दिख रहे हैं।

पहला- कलाकारों और दर्शकों को अलग करने वाली सभी बाधाओं को खत्म करना है। जब भी कोई फिल्म रिलीज होती है या कोई शो आता है तब एक्स या इंस्टाग्राम पर आपको जबरदस्त तरीके से मीम, कमेंट, समीक्षाएं देखने को मिलती हैं। अधिकांशत: आम लोग यह बताने में बहुत खुशी महसूस करते हैं कि उन्हें किसी किताब, नाटक या कलाकृति में क्या चीज अच्छी लगी।आप सोच सकते हैं कि बड़ी तादाद में दी जा रही ऐसी राय के बीच पेशेवर फिल्म समीक्षक कहां होंगे? क्या अब उनकी कोई भूमिका है? लेकिन जो लोग प्रतिक्रिया देते हैं उनमें से कई को यह भी उम्मीद है कि लोग उनकी प्रतिभा स्वीकार करें। कई अन्य लोग अपनी प्रतिभा या कौशल से जुड़ा एक वीडियो बनाते हैं और दर्शकों को खोजने की उम्मीद में इसे अपलोड करते हैं।

दूसरा -बदलाव, इसने साइबरस्पेस को एक खुला, वैश्विक, ऑडिशन थिएटर बना दिया है जहां जिसका जो मन करे वो दिखा सकता है। आप यहां यह भी बता सकते हैं कि आपकी बिल्ली कैसे सोती है या आपकी मां कैसे नाचती हैं। इसने कई प्रतिभाशाली लोगों को एक रास्ता दिया है जो विज्ञापन, स्ट्रीमिंग शो, छोटे वीडियो, संगीत या फिल्मों की दुनिया में आ जाते हैं।दुनिया की सबसे बड़ी स्ट्रीमिंग सेवा, यूट्यूब पर लगभग 6.2 करोड़ क्रिएटर और 2.5 अरब दर्शक हैं। इस ब्रांड ने 2023 में विज्ञापन राजस्व से 31.5 अरब डॉलर कमाए हैं। इसका एक बड़ा हिस्सा पेशेवर वीडियो से नहीं बल्कि उपयोगकर्ता द्वारा बनाए गए वीडियो से आया है। इसमें कोई हैरानी की बात नहीं है कि यूट्यूब क्रिएटर तंत्र को बड़ी सावधानी से बढ़ावा देता है।

क्रिएटर के लिए कई वेबसाइटें हैं और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस टूल्स का इस्तेमाल वीडियो बनाने, अपलोड करने और उससे कमाई को आसान बनाने के लिए किया जा रहा है। यूट्यूब किसी वीडियो को मिलने वाली विज्ञापन राशि का लगभग आधा हिस्सा क्रिएटर के साथ साझा करता है।

आप दर्जनों ऐसे लोगों को यूट्यूब फैन फेस्ट और सम्मेलनों में बोलते हुए देखते हैं। ये वे लोग हैं जिन्हें ब्रांड, राजनीतिक दल और कभी-कभी फिल्म निर्माता भी ढूंढते हैं। इसी वजह से अब क्रिएटर शब्द, मशहूर हस्ती होने का पर्याय बन गया है।हालांकि तथ्य यह है कि केवल कुछ ही क्रिएटर जैसे कि भुवन बाम, जाकिर खान या रचना फाडके रानडे उस मुकाम तक पहुंच पाती हैं। यह किसी भी रचनात्मक क्षेत्र के विपरीत रुझान नहीं है जहां अभिनेताओं, लेखकों, संगीतकारों, कलाकारों या गीतकारों का एक छोटा हिस्सा ही लंबे समय में हिट हो पाता है।

रचनात्मक कारोबार की प्रकृति ऐसी ही होती है और केवल सर्वश्रेष्ठ में से सर्वश्रेष्ठ ही शीर्ष पर पहुंचते हैं। दरअसल बाजार जितना अधिक प्रतिस्पर्धी और वैश्विक स्तर के लायक होगा, सफलता पाना उतना ही कठिन होता जाएगा।इसे इस तरह इसे देखा जा सकता है कि भारत में एक वर्ष में 1,700-1,900 फिल्में बनती हैं। इनमें से केवल एक-तिहाई ही पैसा कमा पाती हैं या फिर नफा-न नुकसान के स्तर पर पहुंचती हैं। इसमें वे सभी कारक मसलन सिनेमाघरों, स्ट्रीमिंग अधिकारों आदि से होने वाली सभी संभावित आय शामिल है। बाकी फिल्में फ्लॉप हो जाती हैं।

यही बात प्रतिभाशाली लोगों के मामले में भी सच है। यह एक पिरामिड है और केवल असाधारण प्रतिभा, कड़ी मेहनत (और कुछ किस्मत) ही आपको शीर्ष पर ले जा सकता है। अधिकांश लोग बीच में ही रह जाते हैं और एक बड़ा हिस्सा नीचे रहता है।औसतन, संगीतकारों को प्रति स्ट्रीम (हर बार जब कोई गाना सुनता है) 0.003 डॉलर और 0.005 डॉलर के बीच रॉयल्टी मिलती है।

इसका मतलब है कि 15 डॉलर प्रति घंटे के काम के लिए प्रति माह 800,000 से अधिक स्ट्रीम की आवश्यकता होगी।क्रिएटर के लिए उचित भुगतान सुनिश्चित करने के लिए मिशिगन प्रतिनिधि राशिदा तलैब, न्यूयॉर्क के प्रतिनिधि जमाल बूमैन के साथ यूनाइटेड म्यूजिशियन्स ऐंड अलाइड वर्कर्स ने लिविंग वेज फॉर म्यूजिशियन्स एक्ट की पेशकश की है।इसके लिए स्ट्रीमर्स को एक अलग फंड बनाने की आवश्यकता होगी जो कलाकारों को हर बार किसी ट्रैक की स्ट्रीमिंग के लिए न्यूनतम कुछ रकम का भुगतान करेंगे।

फिर भी, हर दिन लाखों लोग फिल्मों, शॉर्ट्स, संगीत, पॉडकास्ट आदि के इस जाल में शामिल हो जाते हैं। इसे इस तरह समझें, अगर पार्टी में सभी लोग एक साथ बात करना शुरू कर दें, तो कौन सुनेगा? यानी अगर दुनिया में हर कोई क्रिएटर बन गया तब दर्शक कौन होंगे?

# लोस चुनाव: चौथे चरण के बाद सीटें जीतने का 'माइंड गेम' तेज

**अजय बोकिल**

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के मतदान के बाद मटन, मंगलसूत्र और पाकिस्तान जैसे मुद्दों के बाद जीतने वाली सीटों की संख्या का 'माइंड गेम' हावी होता दिख रहा है। इसकी शुरूआत तो सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संसद में इस घोषणा के साथ की थी कि इस चुनाव में भाजपा 370 तथा एनडीए 400 पार सीटें जीतेगी। तब बहुत से लोगों ने इसे दंभोक्ति के रूप में लिया था। भाजपा और एनडीए सचमुच यह आंकड़ा पार कर पाते हैं या नहीं, यह तो 4 जून को ही पता चलेगा, लेकिन चुनाव में जीत की मनोवैज्ञानिक बढ़त की नींव उसी वक्त रख दी गई थी। जब विपक्ष को देर से यह चाल समझ आई तब उसने पलटवार किया कि आखिर भाजपा को 400 पार चाहिए क्यों? कहा गया कि भाजपा संविधान बदलने के लिए ऐसा चाहती हैं। हालांकि ज्यादातर लोगों के लिए संविधान का मतलब आरक्षण ही है और जब यह कहा जाने लगा कि भाजपा दरअसल आरक्षण व्यवस्था खत्म करने के लिए 400 पार सीटें चाहती हैं तो भाजपा को समझ आया कि उसका नारा बूमरेंग हो रहा है। जो आत्मविश्वास का परिचायक कम और विघातक ज्यादा हो सकता है। ऐसे में ताबड़तोड़ तरीके से विपक्ष के नरेटिव की काट यह कहकर ढूंढी गई कि वह हिंदुओं में ओबीसी, दलित और आदिवासियों का आरक्षण खत्म कर मुसलमानों को देना चाहता है। जबकि हकीकत यह है कि इस देश मुसलमानों में भी करीब 41 फीसदी आबादी ओबीसी की है और वह ओबीसी आरक्षण की वर्तमान व्यवस्था में पहले से आरक्षण की हकदार है। फर्क इतना है कि यह आरक्षण उन्हें जाति के आधार पर मिला है न कि धर्म के आधार पर।

आरक्षण पर भाजपा के इस पलटवार और देश में चौथे चरण के साथ कुल 543 में से 380 सीटों पर मतदान के बाद हार जीत के नए कयास और गणित लगाए जा रहे हैं। अगर भाजपा के दावों को सही मानें तो तुलनात्मक रूप से वो चार चरणों के बाद सरकार बनाने के करीब दिखती है, जबकि विपक्षी दलों का मानना है कि भाजपा हवा में है। चुनाव की जमीनी हकीकत दूसरी है वोटर भाजपा के अहंकारी शासन से परेशान है और चुनाव में उसे हराकर अपनी नाराजगी का इजहार करेगा। लेकिन मामला इतना भी आसान नहीं है। क्योंकि इस देश का मतदाता मौजूदा सरकार को क्यों बदलना चाहता है, इसका भी कोई ठोस कारण उभर कर नहीं आ रहा है, सिवाय महंगाई, बेरोजगारी, जल संकट इत्यादि परंपरागत मुद्दों के। बहरहाल चौथे चरण के मतदान बाद विपक्षी इंडिया गठबंधन की ओर से सीटों की जीत के जो दावे हो रहे हैं, उन पर जरा नजर डालें। देश में सत्ता परिवर्तन का दावा करने वाला इंडिया गठबंधन 466 सीटों पर तो सत्ता में तीसरी बार वापसी का दावा करने वाला भाजपा नीत एनडीए कुल 541 सीटों पर चुनाव लड़ रहा है। इंडिया गठबंधन में भी दो तरह के गठबंधन हैं। एक राष्ट्रीय स्तर पर है और दूसरा क्षेत्रीय स्तर पर है। जिसमें राज्यवार क्षेत्रीय व राष्ट्रीय पार्टियां 233 सीटों पर चुनाव लड़ रही हैं। इंडिया गठबंधन में प्रमुख पार्टी कांग्रेस है, जो खुद 328 सीटों पर ही लड़ रही है, जबकि एनडीए में मुख?य पार्टी भाजपा है, जो खुद 441 सीटों पर चुनाव मैदान में है।

अब चौथे चरण के बाद भाजपा अपने दावों पर कायम हैं तो इंडिया गठबंधन के खुद की जीत से ज्यादा भाजपा को हराने के दावे हैं। पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा कि भाजपा नतीजों में 200 से भी कम सीटों तक सिमट जाएगी और इंडिया गठबंधन 315 सीटों पर जीतेगा। शिव सेना (ठाकरे) गुट के उद्धव ठाकरे ने दावा ि?कया कि इंडिया गठबंधन 300 से अधिक सीटें जीतेगा। कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी का दावा है कि इंडिया गठबंधन अकेले यूपी में 50 से ज्यादा जीतेगा तो सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने 'राजनीतिक जोक' के अंदाज में दावा किया कि यूपी में इंडिया गठबंधन 80 में से 79 सीटें जीतेगा केवल एक सीट ( वाराणसी) 'मुकाबले' में है। उन्होंने यह भी कहा कि देश की 140 करोड़ जनता भाजपा को 140 सीटों तक समेट देगी। यह शायद मोदी द्वारा 370 सीटें जीतने के दावे का अखिलेशी जवाब था। यानी आंकड़ों की तुकबंदी। सबसे हैरानी भरा दावा तो बिहार के सीएम नीतीश कुमार का रहा। उन्होंने एक सभा में मंच से पहले तो चार लाख फिर चार हजार और बाद में एनडीए के चार सौ सीटें जीतने की बात कही। हालांकि लोगों ने उनकी बढ़ती उम्र के मद्देनजर इसे जबान फिसलना मानकर अनदेखा किया। इसके अलावा चौथे चरण के मतदान के पहले जेल से छूटे अरविंद केजरीवाल ने भाजपा पर एक 'फार्मूला बम' फोड़ा कि लोकसभा चुनाव के बाद मोदी प्रधानमंत्री नहीं रहेंगे। वजह 75 पार का वो फार्मूला है, जो उन्होंने पिछले चुनाव में पार्टी के ही कुछ दूसरे नेताओं को 'निपटाने' के लिए लागू किया था। केजरीवाल ने यह भी दावे से कहा कि अगले पीएम अमित शाह होने वाले हैं। केजरीवाल को यह जानकारी कहां से मिली पता नहीं, लेकिन इससे दावे से भाजपा में अंदरखाने जरूर खलबली मच गई। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने तत्काल इसका खंडन किया कि वह तथाकथित अघोषित फार्मूला मोदी पर लागू नहीं होता। वो 2024 ही नहीं, 2029 में भी प्रधानमंत्री बनेंगे। यानी यह सीटें जीतने के माइंड गेम की नई चाल है। इस दावे ने विपक्ष से ज्यादा उन भाजपा नेताओंका टेंशन जरूर बढ़ा दिया है, जो पार्टी में प्रमोशन की आस लंबे समय से लगाए बैठे हैं।

अगर सीटें जीतने के दोनो गठबंधनों की सत्यता की पड़ताल करें तो एनडीए गठबंधन व्यावहारिकता के ज्यादा नजदीक लगता है। इसका कारण यह है कि एनडीए की मुख्य पार्टी भाजपा में मतदान और नतीजों के आकलन का अपना आंतरिक और पुख्ता सिस्टम है, जो हाई कमान को रिपोर्ट करता है। पार्टी को भरोसा है कि इस बार तुलनात्मक रूप से वोटिंग भले कम हुआ हो, लेकिन भाजपा के वोट ज्यादातर डल गए हैं। ऐसे में जीत का अंतर घट सकता है, लेकिन परिणामों में बहुत अंतर नहीं आएगा। दूसरी तरफ इंडिया गठबंधन में नतीजो के पूर्वाकलन का कोई ठोस सिस्टम नहीं है। कार्यकर्ताओ और पोलिंग एजेंटों के फीड, चुनाव सभाओंमें भीड़ और राजनीतिक महत्वाकांक्षा आदि के आधार पर संभावित नतीजों का आकलन ज्यादा किया जाता है। इस चुनाव में तीन चरणों का मतदान अभी बाकी है। लेकिन देश में नई सरकार किसकी बनेगी, यह काफी कुछ उत्तर प्रदेश में सीटों की जीत से तय होगा। यूपी में सर्वाधिक 80 लोकसभा सीटें हैं। प्रधानमंत्री पद के दो दावेदार और वर्तमान पीएम भी इसी राज्य से चुनाव लड़ रहे हैं। अगर यूपी में इंडिया गठबंधन के 50 से लेकर 79 तक सीटें जीतने के बंपर दावों की पड़ताल करें तो यह कहीं से भी संभव नहीं दिखता। कारण वहां दलों का अलायंस और उनका वोट बैंक है। राज्य में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन का कुल (पिछले लोकसभा चुनाव के आधार पर) वोट प्रतिशत लगभग 54 फीसदी बनता है,जबकि विपक्षी इंडिया गठबंधन का वोट शेयर 23 फीसदी ही होता है। एक और बड़ी पार्टी बसपा है, जिसका पक्का वोट शेयर 19.43 फीसदी है और जो किसी गठबंधन का हिस्सा नहीं है। यूपी में चुनाव नतीजों की असली गेम चेंजर बसपा ही है। बसपा जिस गठबंधन के ज्यादा वोट काटेगी, वही घाटे में रहेगा। वैसे बसपा प्रमुख मायावती की सभी चुनावी चालें भाजपा को लाभ पहुंचाती ज्यादा लगती है। लेकिन वह दुधारी तलवार भी है। क्योंकि मायावती ने इस बार लोकसभा चुनाव में 23 मुसलमानो और 14 ब्राह्मणों को टिकट दिए हैं। ये प्रत्याशी खुद भले न जीतें, लेकिन किसी को भी हार के गड्ढे में ढकेल सकते हैं। इस मायने में मायावती का माइंड गेम सबसे अलग और रहस्यमय है। फिर भी यूपी में भाजपा वर्तमान 61 सीटों के नीचे जाएगी, इस बात की संभावना काफी कम है। हालांकि पिक्चर अभी बाकी है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —संजय सक्सेना,
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म.प्र.। ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

# अंतरराष्ट्रीय संग्रहालय दिवस मनाया गया

भुसावल में रेलवे विरासत संग्रहालय देखने आए सभी बच्चों को संग्रहालय की विरासत की स्थिति पर एक लघु वृत्तचित्र दिखाया गया। उन्हें भुसावल मंडल की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत के बारे में जानकारी दी गई। इसके बाद बच्चों ने इंजन के आकार का केक काटा और चॉकलेट बांटी बच्चों को स्मृति चिन्ह के रूप में मग दिए गए और उन पर एक विरासत इंजन अंकित था इस मौके पर डीआरएम, एडीआरएम समेत अन्य शाखा अधिकारी अपने परिवार के साथ मौजूद थे

# बिजली कटौती से नगरवासी परेशान

ओबेदुल्लागंज । ओबेदुल्लागंज मै बिजली कटौती से सभी परेशान है पूर्व नपा अध्यक्ष तूफान सिंह राजपूत ने बताया कि बिजली विभाग ने जब से वार्ड 4 वार्ड 2 एवं मैन रोड का फीडर हिरानिया ट्रांसफार्मर से जोड़ा है तब से बिजली कटौती ज्यादा होने लगी है वोल्टेज की भी समस्या आ रही है व्यापार महासंघ एवं नगर के नागरिक ज्ञापन देने वाले थे मगर यह ज्ञापन अब जुलूस निकालेंगे फिर ज्ञापन देंगे प्रेस क्लब ने भी बिजली कटौती पर चिंता व्यक्त की है हैरान परेशान है तो नन्हे मुन्ने बच्चे बिलख बिलख कर रोते हैं व्यापार संघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी वरिष्ठ कैलाश डब्बू नागर, प्रदीप अरोरा, आशीष दीक्षित ,दिनेश सेन, विवेक मित्तल, रतन मेघानी, बबलू कहार, नीरज चावला, विक्रम धाड़ी, दिलीप मित्तल, बसंत साहू, सुदामा तिवारी, राकेश तिवारी, अशोक जायसवाल, दीपेश अरोरा आदि ने कहा 24 घंटे में बिजली व्यवस्था ठीक करो अर्जुन नगर में तो हाल बेहाल है नारी शक्ति की आरती यादव, पूर्व पार्षद मुकेश कहार, रवि शंकर राय, माखन सेन, डॉ सुनील गुप्ता पार्षद गुड्डू साहू नितिन सेन राधेश्याम यादव आदि ने बताया कि अर्जुन नगर में बिजली तीन तीन चार चार घंटे बिजली कटौती से जनजीवन प्रभावित है गर्मी के कारण बेहाल है बिजली दफ्तर के कंट्रोल रूम का टेलीफोन बंद है बिजली कटौती की सूचना किसको दें कोई सुनने देखने वाला नहीं हैद्य

# अस्पताल के वायरल हो रहे वीडियो मामले में संज्ञान लेते हुए कलेक्टर ने सिविल सर्जन को जांच के दिए निर्देश

**दमोह ।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने बताया आज एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें जिला अस्पताल दमोह से संबंधित सी.सी.टी.व्ही. फुटेज दिखाए गए हैं। इसमे मरीज के साथ कथित तौर पर अस्पताल के कर्मचारियों के द्वारा बर्बरता पूर्ण व्यवहार किया गया है। उन्होंने कहा इस वीडियो का तत्काल संज्ञान लिया गया है और इसके पहले भी इस संबंध में एक-दो दिन पहले शिकायत आई थी, उसे सिविल सर्जन को तीन दिन के अंदर जांच कर रिपोर्ट देने के लिए कहा गया था। आज यह वीडियो भी जांच के लिए उनको भेजा गया है। कल तक इसमें जांच की कार्रवाई पूरी हो जाएगी और जैसे ही रिपोर्ट आती हैं, जो भी दोषी है, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# अवैध शराब परिवहन करने वालों पर बम्हनी पुलिस की कार्यवाही




मण्डला--जिले में अवैध शराब का कारोबार तेजी से फल-फूल रहा है, इसके पहले भी आबकारी विभाग के अधिकारी का मामला सामने आया था जिसमें आबकारी विभाग के जिम्मेदारों ने उस अधिकारी की करतूतों को जांच का नाम देकर एक फाइल बनाकर किसी कोने में रख दिया गया है।मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है दिनांक 19/05/2024 को बम्हनी पुलिस को ग्राम ग्वारा में सूचना प्राप्त हुई जहां दो व्यक्ति जो मोटर सायकिल से बोरी में भरकर प्लास्टिक के डिब्बो में हाथ भट्टी महुआ की कच्ची शराब लेकर परिवहन कर रहे है सूचना पर वरिष्ट अधिकारीयो के दिशा निर्देशन में थाना प्रभारी वर्षा पटैल द्वारा थाना बम्हनी पुलिस स्टाफ टीम के द्वारा शराब रेड कार्यवाही कर दो व्यक्ति को मोटर सायकल सहित डिब्बो मे हाथ भट्टी महुआ की अवैध शराब अत्याधिक मात्रा में परिवहन करता पाये जाने पर आरोपी विकाश सोलंकी पिता सहाबुद्दीन उम्र 22 वर्ष निवासी काला पीपल थाना ऐछावर पोस्ट बोरदी जिला सिहौर एंव राजू भोसले (सिह्रोरे) पिता रावसा उम्र 50 वर्ष ग्राम झिरी पोस्ट झाडपा थाना रेहटगांव जिला हरदा को पकड दोनो के पास से अत्याधिक मात्रा में अवैध शराब कच्ची हाथ भट्टी की होना जिसका कोई वैध दस्तावेज नही होने पर दिनांक 19/05/2024 को आरोपीगण से अवैध शराब जप्त किया गया है। आरोपीगणो के विरूध्द आबकारी एक्ट की धारा के तहत अपराध पंजीबध्द कर गिरफतारी पश्चात माननीय न्यायालय मण्डला पेश किया गया है। उक्त कार्यवाही में निरी. वर्षा पटैल थाना प्रभारी बम्हनी, उप. निरी. जयत पिछौंडे, सहा. उप. निरी. भीमराव कनौजे, प्र.आर. विवेक, प्र.आर. भगवानी, प्र.आर. सचिन, आर. धीरेन्द्र, आर. कुनाल, आर. कृपाल, आर. सुनील, आर. शिवराम, चालक आर. नवीन की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

# इंजीनियरिंग के विद्यार्थियों को मिला कैरियर गाइडेंस



छतरपुर। पंडित देव प्रभाकर शास्त्री इंजीनियरिंग कॉलेज में एक दिवसीय कैरियर गाइडेंस सेमिनार का आयोजन किया गया। सेमिनार में इंदौर से आई डॉ. दीपिका जैन ने करंट एजुकेशन सिस्टम, लाइफ स्किल और इसके बेनिफिट, पर्सनल डेवलपमेंट, इफेक्टिव कम्युनिकेशन, प्रॉब्लम सॉल्विंग एंड क्रिटिकल थिंकिंग, एडेप्टेबिलिटी एंड फ्लैक्सिबिलिटी, टाइम मैनेजमेंट एंड ऑर्गेनाइजेशन जैसे महत्वपूर्ण विषय पर प्रकाश डाला। सेमिनार के अंत में मेडिटेशन करते हुए नकारात्मक विचारों से कैसे बचा जा सकता है इस विषय में कई महत्वपूर्ण बातें स्टूडेंट्स को बताई गई। इस अवसर पर कॉलेज का समस्त स्टाफ एवं स्टूडेंट्स मौजूद रहे। मैनेजमेंट से सचिव श्रीमती सरोज जैन, मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ दीक्षित एवं प्रिंसिपल डॉ. जे. सोनी बताते हैं कि संस्थान हर महीने विद्यार्थियों को उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए ऐसे ही सेमिनार का आयोजन करता आया है। भविष्य में और भी सेमिनार संपन्न होंगे जिनसे विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होगा।

# एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन के पास बने निर्माण हटवाएं , दुर्घटनाओं से बचाव की पहल

उज्जैन~ कलेक्टर श्री नीरज कुमार सिंह के निर्देशों का पालन करते हुए एम.पी. ट्रांस्कों ने उज्जैन स्थित अपनी 132 के.व्ही. एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन के नजदीक निर्माण को हटवाकर मानव जीवन को सुरक्षित बनाने की अनुपम पहल की ।

एम.पी. ट्रांस्कों के मुख्य अभियंता एस.के. गायकवाड़ ने बताया कि 132 के. व्ही. उज्जैन-रातडिया लाईन के लोकेशन क्रं. 11-12 के मध्य बैकुन्ठ धाम कालोनी,उज्जैन के एक निवासी द्वारा तारों के समानान्तर चार मंजिला मकान का निर्माण किया था।

निर्धारित मापदंडों के अनुसार निर्माण एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइनों से कम से कम 2.9 मीटर दूरी के बाद ही किये जाने चाहिए पर यह निर्माण मात्र 2.3 मीटर दूरी पर ही किया जा रहा था जो कि बेहद खतरनाक है।

गत दिवस इसी स्थल पर तेज आंधी के दौरान 132 के. व्ही. एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन का टॉप कंडक्टर तेज हवा में झूलकर मकान के संपर्क में आ गया था, जिससे लाईन ट्रिप हो गई थी। संयोग से उस दरम्यान घटना स्थल पर कोई उपस्थित नहीं था जिससे बड़ी जनहानि टल गई। ऐसे निर्माणों के कारण घातक विद्युत दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है, पर इस बार स्वयं पहल करते हुये एम.पी. ट्रांसकों के स्थानीय अधिकारियों ने बातचीत एवं समझाइश देकर निर्माण हटवाने का कार्य किया।

मकान मालिक द्वारा निर्माणाधीन मकान के तीसरी एवं चौथी मंजिल के लगभग तीन फुट एक्सटेंडेड एरिया को तोडने में पूरा सहयोग किया , जिससे निर्माण जनधन हानि की आंशका से सुरक्षित हो गया है।

इस कार्यवाही में एम.पी. ट्रांस्कों उज्जैन के कार्यपालन अभियंता श्री धनसिंह भलावी एवं सहायक अभियंता श्री शचीन्द्र शर्मा के अलावा मेंटेनेन्स टीम के श्री हेमराज पाटीदार, श्री दिनेश भुसारे,श्री गोवर्धन लाल डांगी, श्री अजीत कुमार मौजूद रहे। इसी के साथ कालोनी एवं शहर के कई हिस्सों में एक्स्ट्रा हाईटेंशन लाइन से सुरक्षित दूरी बनाये रखने संबंधी अनाउंसमेंट कराये गये एवं घर-घर जाकर समझाइश भी दी गई।



# देवास में वित्तीय अनियमितता करने पर 16 पटवारियों की सेवा समाप्त

देवास~फसल क्षति मुआवजा वितरण में वित्तीय अनियमितता के करने पर कन्नौद-खातेगांव-सोनकच्छ अनुभाग में पदस्थ 16 पटवारियों की संबंधित अनुविभागीय अधिकारी द्वारा सेवा समाप्त की गई है।

इनके नाम है~ बंशीलाल डाबर, प्यारसिंह सोलंकी, अमित कुशवाह, दिनेश सिसोदिया, दिलीप यादव, भैयालाल नरगावे, महेन्द्र मण्डलोई, नंद किशोर शर्मा, अनिरूद्ध यादव, अनिल धुर्वे, रायसिंह देवड़ा, विकास सरोठिया, नवीन धीमान, अर्जुन वर्मा, रामोतार जोनवाल और अजय चौधरी।

उल्लेखनीय है कि वित्तीय अनियमितता पर पूर्व में पटवारी अनिल मालवीय तहसील टोंकखुर्द, पटवारी समरथलाल जांगडे तहसील टोंकखुर्द तथा सहायक ग्रेड तीन तहसील कार्यालय कन~?नौद राहुल कर्मा, सहायक ग्रेड तीन तहसील कार्यालय सोनकच?छ राहुल माली की भी सेवा समाप्त की गई।



# 19 दिन में भाजपा छोड़ने वाले छिंदवाड़ा मेयर किस पार्टी में ? 4 जून को चलेगा पता

छिंदवाड़ा मेयर विक्रम अहाके किस पार्टी में हैं...? उन्होंने भाजपा की सदस्यता ले ली या कांग्रेस के साथ हैं? जवाब जानने के लिए %द सूत्र% ने विक्रम अहाके से बात की। उन्होंने कहा कि अभी इंतजार कर रहा हूं। जैसे ही चर्चा होती है तो बात आगे बढ़ेगी। फिलहाल तो 4 जून का इंतजार है।

द सूत्र के सवाल और विक्रम अहाके के जवाब...

सवाल~ आप भाजपा में हैं या कांग्रेस के साथ हैं?

विक्रम अहाके~-अभी तो 4 जून तक इंतजार कीजिए। उसके बाद ही कोई निर्णय लूंगा।

सवाल~ 4 जून को यदि नकुलनाथ जीते तो क्या आप कांग्रेस में रहेंगे?

विक्रम अहाके~ नहीं ऐसा नहीं है। मैंने आस्था व्यक्त कर दी है, आगे की कोई चर्चाएं हुई नहीं हैं उनसे। अभी इंतजार कर रहा हूं। जैसे ही चर्चा होती है तो बात आगे बढ़ेगी।

सवाल~ आपकी किन से बात नहीं हुई, बीजेपी से या कमलनाथ से?

विक्रम अहाके~ अभी मैं किसी की कनेक्टिविटी में नहीं हूं।

**सीएम डॉ.मोहन यादव ने दिलाई थी सदस्यता**

छिंदवाड़ा मेयर विक्रम अहाके ने 1 अप्रैल को सीएम डॉ.मोहन यादव की मौजूदगी में क्ब्ध्क्क जॉइन की थी। तब उनका कहना था कि उन्होंने यह कदम नकुलनाथ के आदिवासियों को लेकर दिए गए बयान से आहत होकर उठाया है। सीएम डॉ.मोहन यादव और क्ब्ध्क्क प्रदेश अध्यक्ष वीडी शर्मा ने विक्रम को सदस्यता दिलाई थी।

इसके बाद छिंदवाड़ा में वोटिंग वाले दिन यानी 19 अप्रैल को मेयर विक्रम अहाके ने एक वीडियो जारी कर सबको चौंका दिया था। तब उन्होंने कहा था कि %मैं बिना किसी दबाव के



आप सभी के सामने बात रख रहा हूं। कुछ दिन पूर्व मैंने किसी राजनीतिक दल (बीजेपी) जॉइन की थी, लेकिन जिस दिन मैंने वो दल जॉइन किया, उसी दिन से अंदर एक घुटन हो रही है। जीवन में राजनीति करने के बहुत अवसर आएंगे। मेरे साथ आगे क्या होगा, ये मुझे नहीं पता, पर अगर आज मैं कमलनाथ और नकुलनाथ के साथ खड़ा नहीं हुआ तो बड़ा दुख होगा। दरअसल, इस बयान के साथ ही विक्रम ने लोगों से कांग्रेस को वोट देने की अपील की थी।

**भाजपा को अब तक नहीं मिली है जीत**

गौरतलब है कि छिंदवाड़ा लोकसभा सीट पर भाजपा को 2014 में मोदी लहर के बावजूद जीत नहीं मिली थी। यहां से कमलनाथ ने 9 बार लोकसभा का चुनाव जीता और वह दो बार यहां से विधायक भी बनें। 2019 में छिंदवाड़ा ही एक मात्र सीट थी, जिसे भाजपाजीतने में असफल रही थी। तब यहां कमलनाथ के पुत्र नकुलनाथ सांसद चुने गए थे। फिर 2023 के विधानसभा चुनाव में छिंदवाड़ा की सातों विधानसभा सीटें कांग्रेस ने जीती थी। 2024 में लोकसभा चुनाव में नकुलनाथ एक बार फिर ?मैदान में हैं। उनके सामने क्ब्ध्क्कने विवेक बंटी साहू को उतारा है। छिंदवाड़ा प्रदेश की सबसे हॉट सीटों में शामिल है।

# शिक्षा जगत एवं समाज सेवा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले हुए सम्मानित



खंडवा।। शनिवार को राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा, खंडवा पत्रकार संघ एवं सीड संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शिक्षा क्षेत्र एवं समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों का सम्मान अतिथियों द्वारा सम्मान पत्र एवं पुष्प माला पहनाकर किया गया। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा के जिला प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि मदर टेरेसा सेवा सम्मान एवं सर्वपल्ली डा. राधाकृष्णन शिक्षक सम्मान 2024 समारोह माणिक्य वाचनालय के सभागृह में आयोजित किया गया। इस गरिमामय पूर्ण आयोजन के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में राष्ट्रीय करणी सेना मुंबई एवं थाई बॉक्सिंग की ब्रांड एंबेसडर आराधना सोलंकी, समाजसेवी रितेश गोयल, राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा राष्ट्रीय महासचिव जयसिंह चौहान, नगराध्यक्ष जितेंद्र चौधरी, वृद्धाश्रम संचालिका अनीता सिंह, राष्ट्रीय पत्रकार मोर्चा के प्रदेश महासचिव तवाज्जुल हुसैन, सशक्त पत्रकार समिति प्रदेशाध्यक्ष उमेश जंगाले, युनाइटेड प्रेस आर्गेनाइजेशन प्रदेशाध्यक्ष रिजवान अंसारी, जिलाध्यक्ष श्याम शुक्ला, ब्राह्मण समाज महिला इकाई अध्यक्ष अर्चना जोशी विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे। आयोजन के दौरान नेत्रहीन संघ के संचालक नंदराम अवचें, दादाजी वृद्धाश्रम संचालिका अनीता सिंह, पूर्व निर्माण सामाजिक एवं सांस्कृतिक सेवा समिति के सुनील जैन, बुरहानपुर, खंडवा आदि स्थानों के शिक्षक शिक्षिका एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। इस दौरान बुरहानपुर, खंडवा पत्रकार जगत के साथियों सहित बड़ी संख्या में नगरवासी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन अमित मिश्रा एवं आभार जिलाध्यक्ष श्याम शुक्ला ने व्यक्त किया।

# झाबुआ: तारखेड़ी पहुंचे विधायक गोलू शुक्ला , विश्व प्रसिद्द हनुमान प्रतिमा पर चढ़ाया 'चांदी' का मुकुट



झाबुआ ~इंदौर के क्षेत्र क्रमांक तीन के विधायक गोलू शुक्ला अपने बेटे के साथ आज विश्वमंगल धाम तारखेड़ी पहुंचे और हनुमान जी के दर्शन कर पूजन-अर्चन का लाभ प्राप्त किया। इतना ही नहीं इस दौरान विधायक गोलू शुक्ला ने हनुमान जी की प्रतिमा पर चांदी का मुकुट पहनाया और उसे मंदिर में भेंट किया। जानकारी के मुताबिक़ बीजेपी विधायक गोलू शुक्ला अपनी मन्नते पूरी होने के बाद आज अपने बेटे के साथ तारखेडी स्थित हनुमान जी के दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान मंदिर के पुजारी कालीचरणदास जी ने उनका स्वागत कर पूजन-अर्चन करवाई और बाबा को मंत्रोपचार के साथ चांदी का मुकुट पहनवाया।

उसके पश्चात मौके पर मौजूद अन्य कार्यकर्ताओं ने गोलू शुक्ला का माला पहनकर स्वागत किया। गोलू शुक्ला के साथ उनके बेटे और भारतीय जनता पार्टी के कई नेता भी मौजूद रहे। कहा जाता है कि यहां के मंदिर की ऐसी मान्यता है कि जो मांगों बाबा से वह पूरा होता है। यह मंदिर विश्व प्रसिद्द हनुमान मंदिर माना जाता है। यहां आने वाले भक्तों का तांता हर दिन लगा ही रहता है।

# कलेक्टर ने की बुजुर्ग की मदद



सांध्य प्रकाश, विदिशा। सोमवार को ग्राम जमाल्दी निवासी बुजुर्ग मोतीलाल खंगार अपनी पत्नी के साथ कलेक्टोरेट पहुंचे। जहां उन्होंने कैंसर के इलाज के लिए आर्थिक मदद की गुहार की। कलेक्टर की ओर से रेडक्रास से तत्कालिक रूप से 10 हजार रूपए की मदद की गई है।

मोतीलाल के साथ उनके साथ आए पड़ोसी रमेश कोरी ने बताया कि मोतीलाल के दो बेटे हैं, जिनमें से एक बेटा लंबे समय से लापता है तो वहीं दूसरा बेटा मंडीदीप में मजदूरी कर अपना परिवार चला रहा है। आर्थिक रूप से वह भी कमजोर है, ऐसे में मोतीलाल को कैंसर होने के बाद मेडिकल कॉलेज विदिशा में भर्ती कराया गया। जहां से जवाहरलाल नेहरू कैंसर हॉस्पिटल भोपाल भेज दिया गया। समय-समय पर होने वाली कीमोथैरेपी करवाने जाने के लिए उनके पास राशि नहीं है। रमेश कोरी ने बताया कि पिछले तीन महीने से पड़ोसी होने के नाते उनकी मदद कर रहे हैं, लेकिन मेरी स्थिति भी ज्यादा अच्छी नहीं है इसलिए कलेक्टोरेट आर्थिक मदद की गुहार लेकर आए हैं। उन्होंने कहा कि मोतीलाल और उनकी पत्नी की ऐसी स्थिति नहीं है कि वह मेहनत मजदूरी भी कर पाएं। हम अपने परिवार के साथ उनकी देखरेख कर रहे हैं। शासन से कुछ मदद मिले तो इनका कैंसर का इलाज पूरी तरह कर सके। इस मामले में कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने रेडक्रास की तरफ से तत्कालीक तौर पर 10 हजार रूपए की मदद की है। कलेक्टर स्टेनो उदय हजारी ने बताया कि आर्थिक मदद के साथ कीमोथैरेपी के लिए लाने- ले जाने के लिए भी वाहन की व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि आयुष्मान कार्ड से उनका इलाज निशुल्क चल रहा है। आने-जाने और अन्य आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मदद की गई है।

# एक नई हरी-भरी दुनिया का नाम है ''न्यू कुरावर सिटी''

कुरावर। कुरावर न्यू कुरावर सिटी बी.के.गुप्ता व गौरव सोनी का ड्रीम होम का सपना हैं,जो अब सच होने जा रहा हैं। न्यू कुरावर सिटी की लॉचिंग के दिन से ही अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा हैं। न्यू कुरावर सिटी नेशनल हाईवे 46, वार्ड नं. 4, लसूडल्या रामनाथ कुरावर में 20 एकड़ भूमि पर स्थित हैं। यह जयपुर,जबलपुर नेशनल हाईवे मेन रोड़ पर हैं। न्यू कुरावर सिटी में बुकिंग पर रजिस्ट्री शुल्क पर छूट के साथ अनेक आकर्षक उपहार भी दिये जा रहे हैं। बी.के.गुप्ता व गौरव सोनी ने बताया कि न्यू कुरावर सिटी में सर्व सुविधायुक्त कवर्ड केम्पस, आकर्षक दो प्रवेष द्वार,व बस स्टेण्ड से कुछ मिनिट की दूरी पर निर्मिम हैं। इससे सभी विभागों से मान्यता प्राप्त हैं। विकास कार्य 80 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका हैं। सभी प्लॉटस् वास्तु अनुरूप,केम्पस में ही स्कूल एवं शॉपिंग काम्पलेक्स,चौड़ी सीसी सड़क सघन



वृक्षारोपण,बच्चे के लिए झूले,सेल्फी पाईट,गजेबी (बैठक) सुव्यवस्थित डेऊनेज लाईन,सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट,सुव्यवस्थित वाटर लाईन, संपवेल,ओवरहेड टेंक,कुॅए,बोरिंग,प्रोजेक्ट के चारों ओर मजबूत बाउंड्रीवाल,भव्य मंदिर एवं सूसज्जित गौशाला है। न्यू कुरावर सिटी में खूबसूरत पार्क,पाथवे,चिल्ड्रन प्लेइंग जोन,बेडमिंटन जोन जॉगिंग ट्रक,सीसीटीवी सहित बैंक द्वारा फाईनेंस सुविधा उपलब्ध हैं। न्यू कुरावर सिटी की जानकारी 8120290031 व 8120290032 पर प्राप्त कर सकते हैं।



# कांग्रेस कार्यकर्ताओं का सम्मान

**सांध्य प्रकाश, विदिशा।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं का प्रमाण पत्र देकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर विदिशा-रायसेन लोकसभा के कांग्रेस प्रत्याशी प्रतापभानु शर्मा ने कहा आज जो भी कार्यकर्ता हमारे साथ हैं हम वादा करते हैं उनके सुख-दुख में उनके साथ रहेंगे और आने वाले में समय में कांग्रेस पार्टी में उन्हीं लोगों को महत्व दिया जाएगा जो किसी के बहकावे में नहीं आए और मुस्तेंदी से पोलिंग बूथ पर लड़े। कांग्रेस पार्टी की सरकार बनने वाली है सबको सम्मान देना हमारा नैतिक दायित्व है। जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहित रघुवंशी ने कहा हमारा कार्यकर्ता कल भी एक था आज भी एक है कुछ लोग पार्टी छोड़कर चले गए हैं जिनका कोई अस्तित्व नहीं है। कांग्रेस पार्टी में जल्दी नई नियुक्ति होगी और कांग्रेस कार्यकर्ता को बराबर सम्मान मिलेगा। इस अवसर पर पूर्व जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कमल सिलाकारी सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे। उक्त जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता अरुण अवस्थी द्वारा दी गई।

# जरा खुलकर मुस्कुराइए आप खजुराहो में हैः देवेन्द्र चतुर्वेदी

## खजुराहो में मंदिरों के अलावा और भी कुछ है पर्यटकों के लिए

खजुराहो विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल है। यह शहर अध्यात्म एवं पर्यटन के लिए जाना जाता है। यहां पर दुनिया भर से देसी विदेशी पर्यटक आते हैं और यहां की नक?काशी और खूबसूरत चित्रकारी देखकर पर्यटक मंत्रमुग्ध हो जाते हैं। मंदिर की दीवारों पर बनी 10 प्रतिशत नक?काशी ऐसी हैं, जो यौन गतिविधियों को दर्शाती है। वहीं 90 प्रतिशत नक?काशी उस वक?त यहां के लोगों के जीवन को प्रदर्शित करती हे। यह लेख पत्रकार देवेंद्र चतुर्वेदी के द्वारा लिखित है इसको जन-जन तक पहुंचाने के लिए आप सभी अधिक से अधिक शेयर कर सकते हैं।

**खजुराहो में रुकने के लिए फाइव स्टार और बजट होटल की है सुविधा–** खजुराहो में फाइव स्टार होटल जैसे की रेडिसन, चंदेला, द ललित, क्लर्क खजुराहो, रामाडा, बुंदेला रिजॉर्ट, गौतम होटल एंड रिजॉर्ट,एस होटल, झंकार, पायल, सिद्धार्थ, सूर्या, कासा दा विलियम, लेक साइड सहित अन्य जगह रुकने के लिए उपलब्ध है छोटे होटलों का चार्ज 1500 से प्रारंभ है। तो फाइव स्टार होटल का चार्ज आपकी क्षमता तक निर्भर करता है।

**खजुराहो में खानपान के लिए प्रसिद्ध कई छोटे बड़े रेस्टोरेंट मौजूद है–** जिनमे शुद्ध शाकाहारी के लिए बद्री सेठ मारवाड़ी भोजनालय काफी प्रसिद्ध है। जहां पर



लोगों की लाने लगी रहती है। और दूसरा है पंडित भोजनालय, इसके बाद शाकाहारी मांसाहारी के लिए सिद्धार्थ होटल, राजा कैफे आदि मुख्य रूप से प्रसिद्ध है। इनके अलावा भी शहर में काफी रेस्टोरेंट मौजूद है।

**खजुराहो में चाय, नाश्ता, लस्सी और पान मसाला काफी प्रसिद्ध है–** आपको बता दें कि यदि खजुराहो में घूमते हुए आपका मन चाय पीने का करें तो यहां की सबसे प्रसिद्ध चाय अमल बंगाली की है. और इनकी लस्सी भी यहां की काफी प्रसिद्ध मानी जाती है। बात की जाए तो चौरसिया पान भंडार खजुराहो का सबसे प्राचीनतम और प्रसिद्ध पान भंडार है। और कॉफी के लिए राजा कैफे अपने आप में एक अलग ही स्थान रखता है। अगर आपका चाट खाने का मन हो तो बाबू चाट भंडार की ठिलिया पर खाए। अगर दोसा चाऊमीन इत्यादि खाना हो तो गोल मार्केट में राजू रैकवार की दुकान काफी फेमस है।

**खजुराहो में घूमने के लिए कई स्थान पर्यटन स्थल मौजूद है–** यूं तो लोग खजुराहो के मंदिर घूम कर ही खजुराहो से निकल जाते हैं। पर आपको बता दें कि खजुराहो में घूमने के लिए बागेश्वर धाम, रने वॉटरफॉल, पांडवों की गुफाएं, पांडव फॉल, कुटने आइलैंड जो विशालकाय पानी के बीच बना हुआ है। समूह मंदिरों के अलावा, ब्रह्मा मंदिर, मतंगेश्वर मंदिर, जावरी मंदिर, 52 मंदिर काफी पसंद है। यहां का 64 जोगनी मंदिर योग साधना के लिए विश्व में विख्यात है। दूल्हा देव मंदिर जहां पर कुंवारी लड़कियां मानवच्छित दूल्हा (पति) की प्राप्ति के लिए पूजन करती है। खजुराहो में आकर आपको ऐसा प्रतीत होता मानो आप दुनिया की सबसे सुंदर और सुरक्षित नगरी में आप आ गए हो। आपको बता दें यहां पर और शहरों की तुलना में यहां पर 0 प्रतिशत अपराध है।

# ईकोलिंक ने शक्तिशाली पंखे लॉन्च किए जो बेहतर परफॉर्मेंस और एनर्जी एफिशियंसी प्रदान करेंगे

**मुंबई, एजेंसी।** लाईटिंग में ग्लोबल लीडर, सिग्निफाई ने गर्मियों में ग्राहकों की मांग को पूरा करने के लिए आज अपने अत्याधुनिक एनर्जी-एफिशियंट पंखों का लॉन्च करने की घोषणा की। इन इनोवेटिव पंखों में बेहतर परफॉर्मेंस के साथ आधुनिक टेक्नोलॉजी है, जो ग्राहकों को किसी भी जगह पर ताजा हवा प्रदान करती है। इन पंखों के पाँच नए इनोवेटिव मॉडलों - एयरोज्योमेट्री, एयरोज्वेल, एयरोजेफिर, एयरोसेरेनेड, और एयरोस्लीक का मूल्य 3000 रुपये से 5000 रुपये के बीच है। ये सभी पंखे बेहतर हवा फेंकने, प्रभावशाली परफॉर्मेंस देने और बिजली में भारी बचत करने के लिए डिज़ाईन किए गए हैं। सुमित जोशी, सीईओ, सिग्निफाई, ग्रेटर इंडिया ने कहा भारत में ग्राहकों को एनर्जी एफिशियंट समाधान प्रदान करने की अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप हम अपने पॉवर-पैक्ड ईकोलिंग पंखों की नई श्रृंखला पेश करने के लिए उत्साहित हैं। सिग्निफाई में हम ऐसे उत्पाद बनाने में यकीन रखते हैं, जो केवल ग्राहकों की जरूरत को पूरा ही न करें, बल्कि उनकी अपेक्षाओं से बढ़कर काम करें। हम अपने लेटेस्ट एनर्जी एफिशियंट फैंस की नई श्रृंखला पेश करके उत्साहित हैं, जो इनोवेशन और डिज़ाईन के मामले में एक बड़ी पहल हैं। हमने अनुसंधान की मदद से ग्राहकों की अपेक्षाओं को पूरा करने का प्रयास किया है, और ऐसे पंखे बनाए हैं, जो अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के साथ बेहतर परफॉर्मेंस और बिजली की बचत प्रदान करें। सी अरुण कुमार, हेड, कंज़्यूमर बिज़नेस, सिग्निफाई ग्रेटर इंडिया ने कहा हमने अपने नए ईकोलिंक पंखे कम से कम बिजली में चलने के लिए बनाए हैं, ताकि वो बिजली की बचत करें और बिजली का खर्च कम हो।

# रुशिल डेकोर लिमिटेड ने दक्षिण अमेरिकी बाजार में विस्तार के साथ वैश्विक उपस्थिति को मजबूत किया

**अहमदाबाद, एजेंसी।** रुशिल डेकोर लिमिटेड (बीएसई-533470, एनएसई रुशिल), पर्यावरण-अनुकूल एमडीएफ, लैमिनेट्स और प्लाइवुड के निर्माण में एक प्रमुख नाम, दक्षिण अमेरिका में अपने रणनीतिक विस्तार की घोषणा करते हैं पहले से ही 50 से अधिक देशों में निर्यात के साथ, रुशिल डेकोर वैश्विक स्तर पर एमडीएफ के सबसे बड़े बाजारों में से एक में प्रवेश करने के लिए तैयार है। इंटरज़म बोगोटा की पूर्व संध्या पर, रुशिल डेकोर के कार्यकारी निदेशक, श्री रुशिल ठक्कर ने अरबों डॉलर के वैश्विक लकड़ी पैनल बाजार के साथ बढ़ने के बारे में आशा और विश्वास व्यक्त किया। इंटरज़म बोगोटा फर्नीचर और लकड़ी प्रौद्योगिकी के लिए एक अंतरराष्ट्रीय उद्योग मेला है, जो 14 से 17 मई के बीच कोलंबिया, दक्षिण अमेरिका में आयोजित किया जा रहा है। भारत में एमडीएफ विनिर्माण में अग्रणी के रूप में, रुशिल डेकोर दक्षिण अमेरिका में उच्च मांग को पूरा करने के लिए भली प्रकार सज्ज है। कंपनी ने हाल ही में जनवरी से मार्च 2024 तिमाही में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 9त्न की वृद्धि दर्ज की है। वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही में निर्यात राजस्व ने कुल राजस्व में 28त्न का योगदान दिया, जो कंपनी के महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय पदचिह्न को उजागर करता है।

# प्रोमो देखें अभी कलर्स पर! एक चुड़ैल सुहागन बनने आई है, सच्चे प्यार से उसकी लड़ाई है!

**मुंबई एजेंसी।** सभी को अपने प्रियजनों की रक्षा करने की चेतावनी देने के बाद, कलर्स ने अपने आगामी फैंटसी-थ्रिलर-रोमांस 'सुहागन चुड़ैल' का एक और प्रोमो रिलीज़ किया गया है, जो सच्चे प्यार और दूसरी दुनिया की ताकत के बीच आसन्न युद्ध का संकेत देता है। इस मंत्रमुग्ध करने वाली कहानी में, सोलह श्रृंगार एक दोधारी ताबीज़ बन जाता है - जब इसे एक दुष्ट चुड़ैल, निशिगंधा पहनती है तो यह एक खतरनाक हथियार के रूप में कार्य करता है, लेकिन दीया के पहनने पर यह एक सुरक्षात्मक पवित्र आकर्षण के रूप में काम करता है। हर महिला का प्रिय 'सोलह श्रृंगार' दोनों के बीच एक महायुद्ध को जन्म देगा। निशिगंधा के रूप में निया शर्मा, दीया की भूमिका में देबचंद्रिमा सिंघा रॉय, और मोक्ष के रूप में ज़ैन इबाद खान अभिनीत, यह आगामी शो एक चुडैल की प्यास के खिलाफ प्यार की ताकत को दिखाएगा। 'सुहागन चुड़ैल' की भूमिका निभाने के बारे में बात करते हुए, निया शर्मा ने कहा, मैं 'नागिन' के शानदार सफर के बाद फैंटसी थ्रिलर 'सुहागन चुड़ैल' के लिए कलर्स के साथ दोबारा सहयोग करके बेहद रोमांचित हूं। दीया का किरदार निभाने वाली देबचंद्रिमा सिंघा रॉय कहती हैं, मैं 'सुहागन चुडैल' के साथ हिंदी टेलीविज़न में कदम रखने को लेकर आभारी हूं। यह मेरे लिए एक स्वप्निल शुरुआत है, और मैं इससे बेहतर अवसर की उम्मीद नहीं कर सकती थी।

# मित्सु केम प्लास्ट ने वित्त वर्ष 24 में 9 करोड के कर बाद लाभ की रिपोर्ट दी

**मुंबई, एजेंसी।** मित्सुकेम प्लास्ट लिमिटेड (मित्सु) (बीएसई 540078) ब्लो मोल्डिंग, इंजेक्शन मोल्डिंग और कस्टमाइज्ड मोल्डिंग की एक सबसे बड़ी निर्माता, कंपनी ने वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और वित्त वर्ष 24 के अपने ऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की है. प्रदर्शन पर टिप्पणी करते हुए मित्सु केम प्लास्ट लिमिटेड के चेयरमैन श्री जगदीश डेढ़िया ने कहा, मैं सहर्ष वित्त वर्ष 24 की चौथी तिमाही और पूरे वित्त वर्ष 2024 की घोषणा करता हूं. मित्सु ने उल्लेखनीय प्रदर्शन किया है और हमारा फोकस परिचालन कुशलता बढ़ाने, हमारे प्रोडक्ट पोर्टफोलियो का विस्तार करने और हमारी बाजार उपस्थिति मजबूत करने पर बना हुआ है.हमें इस तिमाही के दौरान हमारे हाल के राइट इश्यू को उत्कृष्ट प्रतिसाद प्राप्त हुआ है. हम हमारे प्रति दर्शाए गए ट्रस्ट और विश्वास की हार्दिक सराहना करते हैं. यह उपलब्धि उत्कृष्टता , इनोवेशन और टिकाऊ प्रगति के प्रति हमारे समर्पण को रेखांकित करती है.हम आगे के सुअवसरों के लिए उत्सुकतापूर्वक उम्मीद व्यक्त करते हैं और हमारी बाजार स्थिति मजबूत करने के लिए इन संसाधनों का विवेकपूर्वक इस्तेमाल करने के लिए तैयार हैं।

# अब आलू बिगाड़ देगा घर की रसोई का बजट

**नई दिल्ली।** साल भर घरों में सबसे ज्यादा बनाई जाने वाली सदाबहार सब्जी आलू के दाम बढ़ने से रसोई का बजट बिगड़ गया है। उत्तर प्रदेश और पश्चिम बंगाल जैसे प्रमुख आलू उत्पादक राज्यों में इस बार खराब मौसम के चलते उत्पादन में गिरावट आई है। इसके चलते आलू की कीमत में पिछले साल के मुकाबले काफी बढ़ोतरी देखने को मिल रही है। व्यापारियों और कोल्ड स्टोरेज के मालिकों का कहना है कि आने वाले दिनों में आलू और महंगा हो सकता है। नवंबर के अंत तक आलू के दाम ऐसे ही बने रहने की संभावना है। हालांकि, आलू की नई फसल मार्केट में आने की बाद कीमतों में गिरावट शुरू हो जाएगी। लेकिन आम लोगों को अभी 5 से 6 महीने महंगा आलू खरीदना होगा। 15 फरवरी से 31 मार्च के दौरान कटाई के बाद किसानों द्वारा आलू को कोल्ड स्टोरेज में रखा जाता है। इसमें उत्पादन का लगभग 60 फीसदी कोल्ड स्टोरेज में संग्रहीत किया जाता है, जबकि लगभग 15 फीसदी उपज कटाई के बाद सीधे बाजार में आती है।

# उच्च ब्याज दर का झांसा देकर फाइनेंस कंपनी ने ठगे 200 करोड़, निदेशकों पर मामला दर्ज



**हैदराबाद।** हैदराबाद पुलिस ने एक फाइनेंस कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ सोमवार को धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। कंपनी ने उच्च ब्याज दरों का वादा करके करीब 400 जमाकर्ताओं से 200 करोड़ रुपए की ठगी कर ली। एक 70 वर्षीय बुजुर्ग और अन्य की शिकायत के बाद पुलिस ने फर्म और उसके निदेशकों के खिलाफ कार्रवाई की है। वहीं, मामला दर्ज होने से पहले धोखाधड़ी का शिकार हुए लोगों ने सेंट्रल क्राइम स्टेशन (सीसीएस) का घेराव कर प्रदर्शन भी किया।

पुलिस के अनुसार, बुजुर्ग व्यक्ति ने सेंट्रल क्राइम स्टेशन (सीसीएस) पुलिस को दी शिकायत में बताया कि एबिड्स के बीच में स्थित फर्म के दो निदेशकों ने उन्हें अपनी निवेश योजना के बारे में बताय, जिसमें जमा राशि पर 18 से 24 फीसदी रिटर्न का वादा किया। आश्वासन पर विश्वास करते हुए उसने 2012 से 15 के बीच 6 लाख रुपए जमा कर दिए।

### निदेशकों पर धारा 406 और 420 के तहत केस दर्ज

शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि फाइनेंस कंपनी के निदेशकों ने आपराधिक इरादे से धोखाधड़ी कर 400 से 500 लोगों से निवेश कराया, जिसके बाद जमा राशि करीब 200 करोड़ रुपए को लेकर फरार हो गए। उन्होंने पुलिस से मामले में जांच कर धोखाधड़ी कर ली गई जमा राशि वापस कराने का अनुरोध किया। बुजुर्ग की शिकायत के आधार पर पुलिस ने फाइनेंस कंपनी और उसके निदेशकों के खिलाफ धारा 406 (आपराधिक विश्वासघात), 420 (धोखाधड़ी) और भारतीय दंड संहिता की अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### निदेशक की बैंक में महाप्रबंधक पत्नी ने की मार्केटिंग

एफआईआर के अनुसार, बुजुर्ग ने आरोप लगाया कि निदेशकों में से एक की पत्नी हैदराबाद के एक सहकारी बैंक में महाप्रबंधक के पद पर हैं, जिन्होंने उसका उपयोग करके सभी ग्राहकों की मार्केटिंग की।

### जनवरी 2024 तक नियमित मिला मासिक रिटर्न

हालांकि, निदेशकों ने जनवरी 2024 तक नियमित मासिक रिटर्न का भुगतान किया, जिसके बाद रिटर्न आना बंद हो गया। तब शिकायतकर्ता फर्म के ऑफिस पहुंचा तो वहां पर ताला लगा मिला। निदेशकों का फोन भी बंद आ रहा था। इस दौरान शिकायतकर्ता को पता चला कि उसके जैसे कई और हैं, जिनसे ठगी हुई है। सभी ने निदेशकों से संपर्क करने का प्रयास किया, लेकिन असफल रहे। जब शिकायतकर्ता निदेशकों के आवास पर पहुंचा तो वहां पर भी ताला लगा हुआ था। निदेशकों का कोई अता-पता नहीं था।

# कैंसर के सटीक डाइग्नोसिस पर न्यूयॉर्क में डॉ पल्लवी तिवारी ने व्याख्यान दिया



**न्यूयॉर्क।** कैंसर के सटीक डाइग्नोसिस तथा इलाज के क्षेत्र में अमेरिका में महत्वपूर्ण एकेडमिक कार्य कर रहीं डॉ. पल्लवी तिवारी ने न्यूयॉर्क में हाल ही में आयोजित इंटरनेशनल स्टीरियोटैक्टिक रेडियो सर्जरी सोसाइटी(ढ्डस्क्रस्) सम्मेलन में पूर्ण आमंत्रित वक्ता के रूप में अपना व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस मौके पर उनके द्वारा दिए प्रेजेंटेशन की उपस्थित विशेषज्ञों द्वारा सराहना की गई।

डॉ. तिवारी ने अपना प्रेजेंटेशन ÷आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और कम्प्यूटेशनल इमेजिंग– कैंसर की सटीक चिकित्सा में अवसर÷ विषय पर दिया. इस अवसर पर सभागार में दुनिया के कई ख्यातनाम विशेषज्ञ उपस्थित थे.

कैंसर के सटीक डाइग्नोसिस पर न्यूयॉर्क में डॉ पल्लवी तिवारी ने व्याख्यान दिया

बता दे कि पल्लवी इंदौर में पली और बड़ी होकर वर्तमान में ढ्ढ में एक भारतीय अमेरिकी बायोमेडिकल इंजीनियर हैं जो विस्कॉन्सिन-मैडिसन विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं। उनका शोध कैंसर रोग के सटीक निदान और उपचार में तेजी लाने के लिए कंप्यूटर एल्गोरिदम के विकास से जुड़ा हुआ है. उन्हें नेशनल एकेडमी ऑफ इन्वेंटर्स का फेलो चुना गया।

कैंसर के सटीक डाइग्नोसिस पर न्यूयॉर्क में डॉ पल्लवी तिवारी ने व्याख्यान दिया

डॉ. पल्लवी तिवारी ने अपनी रिसर्च में कैंसर के सटीक डायग्नोसिस तथा इलाज के क्षेत्र में मशीन लर्निंग एल्गोरिदम का विशेष रूप से प्रयोग किया. आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस टूल्स के माध्यम से मैग्नेटिक रेसोनेंस इमेजिंग डेटा का आकलन करके यह जानने की कोशिश की गई है कि शरीर के ऊतकों में घातक कैंसर रोग हैं या नहीं.

# रजनीश कुमार और मोहनदास पई बायजू की सलाहकार समिति से हटे

**नई दिल्ली।** भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के पूर्व चेयरमैन रजनीश कुमार और इन्फोसिस के पूर्व मुख्य वित्त अधिकारी मोहनदास पई ने थिंक एंड लर्न के संस्थापकों के साथ चर्चा के बाद कंपनी के सलाहकार परिषद के सदस्यों के रूप में पद छोड़ने का फैसला किया है।

बायजू के ब्रांड के मालिक थिंक एंड लर्न के संस्थापक रवींद्रन बायजू ने कंपनी के पुनरुद्धार में देरी के लिए कुछ विदेशी निवेशकों को दोषी ठहराया। उनके रवैये के कारण कंपनी को पुनर्गठन से जुड़ी दिक्कतों, वित्तीय परिणामों में देरी और 200 मिलियन डॉलर शेयर बेचने से मना करने के कारण लिक्विडिटी संकट का सामना करना पड़ा। थिंक एंड लर्न ने जुलाई 2023 में एडटेक फर्म को संकट से बाहर आने और शासन में सुधार करने के लिए सलाह देने के उद्देश्य से सलाहकार परिषद का गठन किया। कुमार और पई ने एक संयुक्त बयान में कहा, ÷सलाहकार के रूप में कंपनी के साथ हमारा जुड़ाव हमेशा एक वर्ष के लिए निश्चित अवधि के आधार पर होता है। संस्थापकों के साथ हमारी चर्चा के आधार पर, यह पारस्परिक रूप से निर्णय लिया गया कि सलाहकार परिषद का कार्यकाल नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। हालांकि औपचारिक जुड़ाव समाप्त हो गया है, संस्थापक और कंपनी हमेशा किसी भी सलाह के लिए हमसे संपर्क कर सकते हैं। हम संस्थापकों और कंपनी को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हैं।÷ यह संविदात्मक समझौता 30 जून, 2024 को समाप्त होने वाला है। इस बीच बायजू ने कहा कि वह सलाहकारों के साथ जुड़ाव को महत्व देता है और कठिन समय के दौरान कंपनी को नेविगेट करने में हम उनके सभी प्रयासों की बहुत सराहना करते हैं।

# अजूनी बायोटेक लिमिटेड के 43.81 करोड़ रुपए का राइट्स इश्यू आज खुलेगा

**अहमदाबाद, एजेंसी।** अग्रणी प्योर वेज पशु स्वास्थ्य देखभाल कंपनी अजूनी बायोटेक लिमिटेड 21 मई, 2024 को अपना 43.81 करोड़ रुपये का राइट्स इश्यू खोलने जा रही है। इश्यू के माध्यम से जुटाई गई धनराशि का उपयोग कार्यशील पूंजी आवश्यकताओं एवं कॉर्पोरेट उद्देश्यों का आंशिक वित्तपोषण,भूमि अधिग्रहण, साइट विकास और सिविल कार्य, संयंत्र और मशीनरी के अधिग्रहण के लिए किया जाएगा। राइट्स इश्यू में शेयरों की कीमत 5 रुपए प्रति शेयर निर्धारित की गई है जो की 18 मई 2024 को बंद शेयर मूल्य पर 20 प्रतिशत से अधिक की छूट पर आधारित है । राइट्स इश्यू 31 मई, 2024 को बंद होगा। कंपनी प्रमोटर समूह भी राइट्स इश्यू में भाग ले रहा है।

कंपनी इस राइट्स इश्यू में रुपये 5 प्रति इक्विटी शेयर के कुल 8,76,13,721 इक्विटी शेयर जारी कर 43.81 करोड़ रुपए हासिल करेगी। प्रस्तावित इश्यू के लिए राइट्स एंटाइटेलमेंट अनुपात 1–1 पर तय किया गया है (रिकॉर्ड तिथि - 7 मई, 2024



को इक्विटी शेयरधारकों द्वारा रखे गए प्रत्येक 1 इक्विटी शेयर के लिए 2 रुपये के अंकित मूल्य का 1 इक्विटी शेयर)। ऑन-मार्केट अधिकार अधिकारों के त्याग की अंतिम तिथि 27 मई, 2024 है। कंपनी जी.टी. रोड, खन्ना, पंजाब में (उनके मौजूदा संयंत्र के निकट) 87,000 वर्ग फुट का नया प्लांट पर 16.50 करोड़ रुपये के निवेश के साथ स्थापित करने की योजना बना रही है। । नई इकाई 3 प्रतिशत ब्याज छूट, भारत सरकार द्वारा 50 लाख की कैपिटल सब्सिडी, 100 प्रतिशत जीएसटी और 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति सहित कई अन्य लाभ प्राप्त होंगे । कंपनी वित्त वर्ष 2026-27 में 250-270 करोड़ का टर्नओवर रुपये के दायरे में रहने का अनुमान है और शुद्ध लाभ मार्जिन टर्नओवर का 5 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

कंपनी रुपये के निवेश से एक नया प्लांट स्थापित करने की योजना बना रही है। जी.टी.खन्ना, पंजाब में सड़क पर 16.50 करोड़ (उनके मौजूदा संयंत्र के निकट) 87,000 वर्ग फुट में फैली हुई है। नई इकाई 3 प्रतिशत ब्याज छूट, रुपये की पूंजी सब्सिडी सहित प्रोत्साहन की हकदार होगी। भारत सरकार द्वारा 50 लाख की पेशकश, 100 प्रतिशत जीएसटी और 100 प्रतिशत स्टांप शुल्क प्रतिपूर्ति सहित कई अन्य फायदे मिलेंगे।

# आईआईएम संबलपुर आई-हब फाउंडेशन ने अपने इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर प्रोग्राम में देशभर से महत्वाकांक्षी स्टार्टअप और उद्यमियों को आमंत्रित किया

**संबलपुर, एजेंसी।** आईआईएम संबलपुर आई-हब फाउंडेशन ने अपने प्रतिष्ठित इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर प्रोग्राम (2024-25) में भाग लेने के लिए देशभर से इच्छुक स्टार्टअप और उद्यमियों को आमंत्रित किया है। कार्यक्रम को शुरुआती चरण के स्टार्टअप, वेंचर्स और चेंजमेकर्स के लिए लॉन्चपैड के रूप में कार्य करने के लिहाज से डिज़ाइन किया गया है। यह प्रोग्राम फाइनेंशियल सस्टेनेबिलिटी को हासिल करने के साथ-साथ महत्वपूर्ण सामाजिक चुनौतियों का समाधान करने पर केंद्रित है। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसी दायित्वपूर्ण व्यावसायिक प्रथाओं को बढ़ावा देना भी है, जो अधिक न्यायसंगत और टिकाऊ भविष्य में योगदान कर सकें।



आईआईएम संबलपुर के डायरेक्टर प्रोफेसर महादेव जायसवाल ने बताया, ''आई-हब फाउंडेशन में हम एक ऐसा डायनेमिक ईको सिस्टम विकसित कर रहे हैं, जो इनोवेटिव किस्म के स्टार्टअप को बढ़ावा दे सके। इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर प्रोग्राम इन स्टार्टअप को कारोबारी दुनिया में आगे बढ़ने और कामयाबी हासिल करने के लिए पूरी तरह सपोर्ट करता है और इन्हें सशक्त बनाने का प्रयास करता है, ताकि वे अर्थव्यवस्था में स्थायी योगदान दे सकें। आई-हब फाउंडेशन के प्रमुख क्षेत्रों में टैक्सटाइल, कृषि, रक्षा, आपदा प्रबंधन, वित्तीय और डिजिटल समावेशिता और महिला और समावेशी उद्यमिता के साथ-साथ कला और ट्राइबल एंटरप्रेन्योरशिप भी शामिल है। इन प्रमुख क्षेत्रों पर गहरा ध्यान केंद्रित करते हुए, फाउंडेशन का लक्ष्य इनोवेशन और सस्टेनेबल डेवलपमेंट को बढ़ावा देना है।'' प्रो. जायसवाल ने आगे कहा, ''उद्योग और शैक्षणिक दुनिया के साथ-साथ वैल्यू चैन हितधारकों के साथ भी आई-हब फाउंडेशन का एक व्यापक नेटवर्क है और इसने कई समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किए हैं। इस तरह आई-हब स्टार्टअप्स को व्यापक सपोर्ट प्रदान करने में पूरी तरह सक्षम है।'' आई-हब फाउंडेशन के चेयरपर्सन प्रोफेसर दिवाहर नादर ने बताया, ''इच्छुक उद्यमियों को 30 मई, 2024 की समय सीमा से पहले अपने आवेदन जमा करके इनक्यूबेटर और एक्सेलेरेटर प्रोग्राम में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। सबमिशन के बाद, शॉर्टलिस्ट किए गए उम्मीदवारों को 1 जून से 14 जून, 2024 के बीच अपने प्रोजेक्ट प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा।

# सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने फाइनेंशियल इयर 24 के लिए शानदार वित्तीय नतीजे घोषित किए

**जम्मू, एजेंसी।** डोमेस्टिक और इंटरनेशनल बाज़ारों में ब्रांडेड और अन-ब्रांडेड बासमती और नॉन -बासमती राइस की मैन्युफैक्चरिंग, ट्रेडिंग, प्रोसेसिंग और मार्केटिंग के व्यवसाय में लगी सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड (बीएसई 543688, एनएसई) ने घोषणा की है 16 मई, 2024 को आयोजित बोर्ड मीटिंग में 31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही और पूरे वर्ष के लिए इसके ऑडिटेड फाइनेंशियल रिजल्ट्स घोषित कर दिए हैं।

31 मार्च, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए ऑपरेशनल रेवेन्यू 247.32 करोड़ रुपये (फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही) के मुकाबले 129.81 करोड़ रुपये (फाइनेंशियल ईयर 23 की चौथी तिमाही) 91 प्रतिशत की सालाना वृद्धि में प्राप्त हुए। इस प्रभावशाली वृद्धि का श्रेय मुख्य रूप से भारत सरकार की भारत चावल योजना के माध्यम से अधिक मात्रा में चावल की आपूर्ति और विस्तारित ग्राहक आधार को दिया जाता है। तिमाही के लिए एबिटा 14.20 करोड़ रुपये था, जिसमें सालाना 26 प्रतिशत की वृद्धि हुई। फाइनेंशियल ईयर 24 की चौथी तिमाही का लाभ 4.14 करोड़ रुपये था, जिसमें सालाना 129 प्रतिशत की वृद्धि हुई।31 मार्च, 2024 को समाप्त पूरे वर्ष के लिए,ऑपरेशनल रेवेन्यू फाइनेंशियल ईयर 24 में 869.59 करोड़ रुपये के मुकाबले फाइनेंशियल ईयर 23 में 689.32 करोड़ रुपये, सालाना 26 प्रतिशत की वृद्धि में प्राप्त हुए। यह वृद्धि क्2क्ग्राहकों को उत्पादों की आपूर्ति में वृद्धि से प्रेरित थी। फाइनेंशियल ईयर 24 के लिए एबिटा में 55.79 करोड़ रुपये, अर्थात सालाना 72 प्रतिशत की वृद्धि देखी गई, यह मुख्य रूप से नए जियोग्राफिक्स और वस्तुओं में उच्च बिक्री और विस्तार के कारण था। फाइनेंशियल ईयर 24 का लाभ 16.78 करोड़ रुपये, सालाना आधार पर 115 प्रतिशत की वृद्धि के साथ प्राप्त हुआ। परिणाम पर टिप्पणी करते हुए, सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड के चेयरमैन, श्री रोहित गुप्ता ने कहा कि, फाइनेंशियल ईयर 2024 के वित्तीय परिणाम हमारी कंपनी के लिए ग्रोथ और स्ट्रेटिजिक एक्सपेंशन की एक उल्लेखनीय अवधि को रेखांकित करते हैं। तिमाही के दौरान, हमने नेशनल एग्रीकल्चरल कोऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड से लगभग 6 मिलियन अमरीकी डालर ( 50 करोड़ रुपये) का आकर्षक एक्सपोर्ट ऑर्डर हासिल किया। यह हमारे ग्लोबल फुटप्रिंट का विस्तार करने और रेवेन्यू स्ट्रीम्स को बढ़ाने में हमारी सफलता को उजागर करता है।

## आर्ट ऑफ़ लिविंग के उत्कर्ष योग का समर कैंप 23 से 26 तक

**छिंदवाड़ा।** परम पूज्य श्री श्री रविशंकर द्वारा संस्थापित संस्था के उत्कर्ष योग का समर कैंप 23 से 26 मई 2024 को छिंदवाड़ा में आयोजित हो रहा है। डॉ रंजना टांडेकर, एवं दीक्षा दिवाकर ने बताया कि छिंदवाड़ा शहर में 23 से 26 मई ,शाम 6 से 8.30 बजे तक, श्री श्री साधना केन्द्र, विवेकानंद कॉलोनी, डॉ रंजना तांडेकर के निवास स्थान छिंदवाड़ा में उत्कर्ष योगा का समर कैंप होने जा रहा है। आर्ट ऑफ लिविंग द्वारा 8 से 12 वर्ष के बच्चों के लिए डिज़ाइन किया गया,यह कार्यकम समग्र रूप से उनके सर्वांगीण विकास पर केंद्रित है। इस कार्यकम में सिखाई जाने वाली सांस लेने की तकनीक बच्चों को डर, शर्म, घबराहट, चिंता, हताशा, ईर्ष्या आदि जैसी नकारात्मक भावनाओं पर आसानी से काबू पाना सिखाती है।साथ ही विभिन्न प्रकार के मनोरंजक गेम्स और आनंद व मस्ती के साथ खेल कूद और आकर्षक गतिविधियों के द्वारा बच्चो को पढ़ाई में ध्यान लगाना,आत्म- अनुशासन, मानवीय मूल्यों को अपने जीवन में उतारना, आत्म -विश्वासी होना सीखता है।यह कार्यकम वादा करता है कि आपका बच्चा एक बड़ी सी मुस्कान और *हां* कहने वाले मन के साथ घर वापस आएगा।

## जरूरतमंदों दुकानदारों को धूप से बचने के लिए निशुल्क छाते का वितरण



छिंदवाड़ा। राष्ट्रीय हिंदू सेना द्वारा कड़कती धूप मैं अपना जीवन यापन करने वाले फुटपाथ पे बैठे जरूरतमंदों दुकानदारों को धूप से बचने के लिए निशुल्क छाते का वितरण किया गया लगभग सैकड़ो छाते बाटे गए इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिंदू सेना के जिला अध्यक्ष यमन साहू प्रथमेश वर्मा आकाश महाराज संगीत शर्मा वैभव साहू बिट्टू चौबीटकर एवम अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# नाली खोदने के बाद पाइप नहीं डलने से किसानों में गुस्सा

### माईक्रो पेंच वन लिफ्ट इरीगेशन परियोजना की धीमी गति, बखरानी के साथ बोनी के लिए चिंतित किसान



छिंदवाड़ा। माईक्रो वन लिफ्ट इरीगेशन परियोजना किसानों के आंदोलन और चुनाव बहिष्कार के निर्णय के बाद क्षेत्र के 15 गांव के किसानों के खेतों में पाईप लाईन के माध्यम से पहुंचने वाली परियोजना में ठेकेदार ने काम तो शुरू कर दिया लेकिन जिस तेज गति से काम होना था वह नहीं होने से किसानों में गुस्सा है और वे शीघ्र ही बैठक कर ज्ञापन कलेक्टर को सौपेंगे। किसानों ने बताया कि माचागोरा डेम के पास पंप हाउस का काम शुरू किया गया है इसे पूरा करने के लिए विभाग ने 31 जून तक का समय मांगा था लेकिन यहां भी काम की गति तेज नहीं हुई है उसके साथ ही खेतों में पाइप लाइन बिछाने का काम शुरू किया गया है। ठेकेदार ने क्षेत्र के किसानों के खेतों में पाइप लाइन डालने लाइन खोद दी है। पाइप लाइन के साथ पाइप भी डाले जा रहे हैं। लेकिन जिस तेज गति से काम होना चाहिए वह नहीं हो रहा है। खेत के बीचोबीच नाली खोदने से किसान बखरानी करने में परेशानी हो रही है। किसानों ने बताया कि बखरानी के बाद उन्हें बोनी भी करना है। बोनी 10 जून के पहले शुरू हो जाएगी उसके पहले पाइप डलना जरूरी है,उसके पहले बखरानी का काम किसान करेंगे। लेकिन कई किसानों के खेतों में बीच में नाली खुदने से बखरानी पिछड़ रही है। किसान संघर्ष समीति के संयोजक मंगल बंजारा ने बताया कि उन्होने प्रभारी चीफ इंजीनियर श्री डेहरिया से बात की थी लेकिन उन्होने संतोषजनक जवाब नहीं दिया उन्होने कहा कि किसानों की मांग है कि 20 दिन से कम बोनी के बचे हैं। विभाग को जिन जिन खेतों में नाली खोदी गई है वहां पाइप लाइन बिछाने का काम पूरा करना होगा अन्यथा किसाना बोनी नहीं कर पाएंगे।

## 5 वाहनों से लिया गया 21500 रूपये का जुर्माना व 1 वाहन जप्त

### बिछुआ-खमारपानी मार्ग में की गई वाहनों की सघन जाँच



**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज बिछुआ-खमारपानी मार्ग में सभी वाहनों की बारीकी से जांच की गई। जिसमें सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई । अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि बिछुआ-खमारपानी मार्ग में वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 05 वाहनों से 21500 रूपये का जुर्माना लिया गया। साथ ही 01 वाहन बिना पंजीयन क्रमांक दर्ज किये बिना दस्तावेज के संचालित पाये जाने पर जप्त कर खमारपानी चौकी में सुरक्षार्थ खड़ा कराया गया। वर्तमान में उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, हेलमेट एवं सीट बेल्ट के संबंध में भी जांच की जा रही है, जिसमें हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने पर 2 वाहनों पर 1000 रूपये की चालानी कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी जा रही है कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें।

## शिकायतों के निराकरण में छिंदवाड़ा जिला टॉप 3 में

### पुलिस और नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा प्रदेश में अव्वल

**छिंदवाड़ा।** राज्य स्तर से सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के निराकरण में माह अप्रैल 2024 की ग्रेडिंग जारी कर दी गई है। इस बार भी छिंदवाड़ा जिला प्रदेश में टॉप 3 में रहा है। कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा सीएम हेल्पलाइन शिकायतों के संतुष्टिपूर्ण निराकरण पर विशेष जोर दिया जाता है और प्रतिदिन विभागवार व अधिकारीवार इसकी समीक्षा की जाती है। लापरवाही पर कार्यवाही भी की जाती है। परिणाम स्वरूप छिंदवाड़ा जिला लगभग हर माह जारी रैंकिंग में प्रदेश के टॉप 5 जिलों में शामिल रहता है। इसी प्रकार इस बार जारी रैंकिंग में नगर निगम छिंदवाड़ा ने 99.27 प्रतिशत वेटेज स्कोर करते हुए ए ग्रेड के साथ प्रदेश के सभी नगर निगमों में पहला, छिंदवाड़ा पुलिस ने 92.43 प्रतिशत वेटेज स्कोर करते हुए ए ग्रेड के साथ प्रदेश पहला और जिला पंचायत छिंदवाड़ा ने 82.87 प्रतिशत वेटेज स्कोर करते हुए ए ग्रेड के साथ प्रदेश में 16 वां स्थान प्राप्त किया है। कलेक्टर श्री सिंह ने सीईओ जिला पंचायत पार्थ जैसवाल, पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री व नगर निगम आयुक्त सी.पी.राय सहित ए ग्रेड एवं अच्छी रैंकिंग प्राप्त करने वाले सभी विभागों के अधिकारियों और प्रभारी अधिकारी सीएम हेल्पलाइन संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर को बधाई दी है। साथ ही बी और सी ग्रेड प्राप्त करने वाले विभागों को और मेहनत करने के लिए प्रोत्साहित किया है, जबकि डी ग्रेड में रहे विभागों को सख्त हिदायत दी है।

## परिजन शव लेकर पहुंचे एसपी कार्यालय

### सुसराल पक्ष पर कार्रवाई करने की मांग



छिंदवाड़ा। कुंडीपुरा थाना क्षेत्र के वनगांव जम्होड़ी में नवविवाहिता की मौत का मामला गरमा गया है। परिजन पोस्टमार्टम के बाद शव को एसपी कार्यालय लेकर पहुंचे। जहां उन्होंने सुसराल पक्ष पर तत्काल कार्रवाई करने की मांग की है। नवविवाहिता के माता पिता का कहना है कि उसका प्रति उसे प्रताड़ित करता था। उसे मारकर फांसी पर लटका दिया है। उन्होंने इस मामले में जांच करने की मांग की है। हालांकि इस हंगामे के बाद कुंडीपुरा पुलिस भी मौके पर पहुंची है।

जानकारी अनुसार शिरीन बानो पति एजाज अली 25 साल वनगांव जम्होड़ी की रहने वाली है। बीती रात उसने अपने कमरे में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। इसके बाद पूरे में हडकंप मच गया। फांसी के बाद मृतिका के माता पिता को दूसरे दिन सुबह सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया। आज दोपहर 12 बजे करीब महिला का पोस्टमार्टम किया गया। इस दौरान मृतिका के परिजनों ने साफ साफ उसके पति और उसके परिवार वालों पर आरोप लगाए है। उन्होंने स्पष्ट तौर पर कहा है कि पति ने मारकर लटका दिया होगा। इसलिए उन्होंने रात को सूचना देने की बजाए सुबह सूचना दी। मृतिका की चाची ने भी मीडिया से मुखातिब होते हुए पति और उसके माता पिता को मौत का जिम्मेदार ठहराया है। वही उनका कहा है कि पुलिस इस मामले को दबाने की कोशिश कर रही है। अभी तक इस मामले में एफआईआर नहीं की गई। इसलिए परिजन शव को लेकर एसपी कार्यालय पहुंचे। जहां मृतिका के परिजनों का कहना है कि तत्काल सुसराल पक्ष पर कार्रवाई की जाए। वही 14 महीने के बेटे को हमे दिलाया जाए। जब तक कार्रवाई नहीं होगी हम लोग यहां से नहीं जाएंगे।

### दहेज के लिए करते थे परेशान

मृतिका के परिजनों ने आरोप लगाया है कि आए दिन मारपीट करने के साथ ही पति और उसके माता पिता पैंसों की मांग करते थे। वही गाड़ी की मांग भी कर रहे थे। उसने फोन पर अपने माता पिता को एक एक बात की जानकारी दी है। मृतिका के पक्ष के लोगों ने बताया कि इनके माता पिता बहुत सीधे है। उन्होंने कभी दमाद को कभी किसी बात को लेकर परेशान नहीं किया।

### दो साल पहले हुई शादी

मृतिका की चाची ने बताया कि विवाह के अभी 24 महीने हुए है। उनका 14 महीने का एक बेटा है। शादी के बाद से ही प्रताड़ित करना शुरू कर दिया था। मृतिका का पति कभी सुसराल नहीं जाता था। पत्नी को छोडने और लेने के अलावा कभी सुसराल में नहीं रूकता था। वही पत्नी को कभी खर्च के लिए पैसे भी नहीं देता था। मृतिका के माता पिता आए दिन खर्च के लिए पैसे देते थे। पति भी मृतिका से वह पैसे छीन लेता था।

### इनका कहना

नवविवाहिता के मामले में मर्ग कायमी के बाद नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। राजपत्रित अधिकारी पूरे मामले की जांच करेंगे। जांच के बाद नियमानुसार मृतिका के सुसराल पक्ष पर कार्रवाई होगी।

**मनीष खत्री, पुलिस अधीक्षक छिंदवाडा**

## बिछुआ के जंगल में मिली शराब

### आबकारी ने नष्ट किए अड्डे, शराब जप्त



**छिन्दवाड़ा।** सोमवार की सुबह से बिछुआ के जंगल में आबकारी के अमले ने ताबड़-तोड़ कार्यवाही कर शराब के अड्डों को नष्ट किया। चौरई और सौंसर वृत्त के आबकारी अमले ने पुलिस के सहयोग से कार्यवाही कर 11 हजार किलो लाहन और सौ लीटर हाथ भट्टी मदिरा बरामद कर कुल सात प्रकरण दर्ज किए। आबकारी के इस संयुक्त अमले ने सौंसर वृत्त के ग्राम छाबडी के जंगल की गहरी खाई में उतर शराब के अड्डों से तीन हजार किलो लाहन और तीस लीटर शराब जप्त किया। जबकि मझियापार के जंगल के अंदर बहने वाली नदी के किनारों से भी चार हजार किलो लाहन बरामद हुआ। आमाकुही के शराब के अड्डों से पैंतीस सौ किलो लाहन और चालीस लीटर शराब बरामद कर मामला दर्ज किया गया। चौरई वृत्त के ग्राम कुरई में बहने वाली बरसाती नदी के किनारों पर बने शराब के दो अड्डों से पाँच सौ किलो लाहन और तीस लीटर शराब जप्त कर अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया। इस कार्यवाही के दौरान एडीईओ जीएल मरावी, भारती गौड, आरक्षक सचिन श्रीवास्तव,जितेंद्र धुर्वे,अशोक शर्मा,मुकेश राहंगडाले, उत्कर्ष ठाकरे,भावना हेड़ाऊ और श्रद्धा राहंगडाले के साथ ही बिछुआ थाने के बसंत बघेल और वीरेंद्र राव भी उपस्थित थे।

## प्रो.अमर सिंह अंतर्राष्ट्रीय जूरी अवार्ड से सम्मानित



**छिन्दवाड़ा।** छिंदवाड़ा जिले के शासकीय महाविद्यालय चांद के प्राचार्य और अंग्रेजी के विभागाध्यक्ष प्रो.अमर सिंह को भारत और इंग्लैंड के बीच संपन्न हुई अंग्रेजी में लघुकथा लेखन की स्पर्धा के लिये गठित त्रि-सदस्यीय जूरी के पैनल में अहम भूमिका के निर्वहन के लिये अंतर्राष्ट्रीय जूरी सम्मान से नवाजा गया है। यह सम्मेलन बैंगलोर में आयोजित किया गया था। इस स्पर्धा का आयोजन केरल की अंग्रेजी की पुस्तकों के प्रमुख संपादक गोपकुमार की प्रकाशक संस्थाएं एक्सप्रेस पब्लिकेशंस और पॉयसिस प्रकाशन द्वारा संयुक्त रूप से किया गया है। बैंगलोर में आयोजित इन दोनों देशों के अंग्रेजी के साहित्यकारों के इस सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि प्रो.अमर सिंह ने भारत के अंग्रेजी साहित्यकारों का बेहतरीन विश्व निर्माण में योगदान विषय पर अपना वक्तव्य दिया।

### समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक

## जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था सुधारने की दी हिदायत

### मतगणना की तैयारियों के संबंध में भी दिए आवश्यक दिशा निर्देश



छिन्दवाड़ा/चौरई कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह ने निर्देश दिए कि सिविल सर्जन और आर.एम.ओ.जिला अस्पताल की सफाई व्यवस्था ठीक करवाएं। जिला प्रशासन के अधिकारियों द्वारा लगातार निरीक्षण के दौरान साफ-सफाई व्यवस्था को लेकर नेगेटिव रिपोर्टिंग की जा रही है। ठेका कंपनी से सख्ती से सफाई कार्य करवाएं। आगे भी इसमें सुधार नहीं पाया गया तो संबंधित अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कार्यवाही की जाएगी। बंद लिफ्ट को भी यथाशीघ्र सुधरवाएं। इस संबंध में उन्होंने 22 मई को जिला अस्पताल और सिम्स प्रबंधन की बैठक आयोजित करने के भी निर्देश दिये। उन्होंने जुन्नारदेव, तामिया, हर्रई, अमरवाड़ा, चौरई के एसडीएम और सीईओ जनपद पंचायत को निर्देश दिए कि आदिवासी न्याय महाभियान के अंतर्गत भारिया परिवारों की समग्र आईडी का ईकेवाईसी कार्य आगामी 3 दिनों में शत-प्रतिशत पूर्ण कराएं। इसी तरह पेंडिंग 243 आधार पंजीयन और 961 आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य भी आगामी एक सप्ताह में अभियान चलाकर पूरा कराएं। उन्होंने अभी तक पेंडेंसी रहने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। कलेक्टर श्री सिंह आज समय सीमा प्रकरणों की समीक्षा बैठक में समय सीमा के लंबित प्रकरणों की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दे रहे थे। बैठक का आयोजन कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया था, जिसमें सीईओ जिला पंचायत पार्थ जैसवाल, एसडीएम छिंदवाड़ा श्री सुधीर जैन, संयुक्त कलेक्टर श्रीमती ज्योति ठाकुर व श्रीमती अंकिता त्रिपाठी, डिप्टी कलेक्टर राहुल कुमार पटेल व आर.के.मेहरा, उप संचालक कृषि जितेंद्र कुमार सिंह, नगर पालिक निगम छिंदवाड़ा के आयुक्त सी.पी.राय, परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास अभिकरण श्री आर.एस.बाथम सहित सभी विभागों के जिला अधिकारी कलेक्टर कार्यालय के सभाकक्ष में उपस्थित थे, जबकि अन्य सभी एसडीएम, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ सहित सभी खंड स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से बैठक में शामिल हुए। बैठक में शिकायतों के निराकरण, न्यायालय के प्रकरणों, विभिन्न आयोगों एवं वरिष्ठ कार्यालयों के पत्रों, लोक सेवा गारंटी अधिनियम के अंतर्गत समय सीमा बाह्य प्रकरणों, सभी नागरिकों की ई.के.वाय.सी. कार्य में प्रगति आदि की भी समीक्षा की गई। विभिन्न अंतर्विभागीय समन्वय से जुड़े विषयों और लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतगणना की तैयारियों के संबंध में भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। मतगणना की तैयारियों के संबंध में चर्चा करते हुए कलेक्टर श्री सिंह ने सभी अधिकारियों को उन्हें सौंपे गए दायित्वों की जानकारी दी और पर्याप्त संख्या में अधिकारी-कर्मचारियों की ड्यूटी लगाते हुए उन्हें समय पर प्रशिक्षण देने और मतगणना की तैयारियां शुरू करने के निर्देश दिए।

## पोलिथिन की थैली में दे रहे होटल वाले चाय

छिंदवाड़ा। आम तौर पर देखा जा रहा कि होटल वाले पालिथिन की थैली में चाय देते है, चाय गरम रहती है और पालिथिन पिघलती है तो कुछ उसका अंश चाय में चला जाता है जिससे कैंसर होने की संभावना बढ जाती है। नगर निगम और समाजिक संस्थायें जागरूकता अभियान चलाकर पोलिथिन की थैली में चाय देना बन्द करे।

## मिलावट से मुक्ति अभियान किया निरीक्षण

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर पांढुर्णा अजय देव शर्मा के मार्गदर्शन एवं उप संचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.जी.सी. चौरसिया के निर्देशन में जिले में चलाए जा रहे मिलावट से मुक्ति अभियान के अंतर्गत विभागीय जांच दल एवं पुलिस दल द्वारा गत दिवस पांढुर्णा जिले में राधिका गृह उद्योग का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जांच के लिये मिर्च पाउडर के दो नमूने संग्रहित किए गए।

## निर्धन परिवार के बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को दैनिक उपयोग वस्तुएँ प्रदान की




**छिंदवाड़ा।** सामाजिक सरोकार से जुड़ी संस्था प्रत्यंचा सृजन समिति और तारिणी पंजाबी सेवा समिति के द्वारा विगत दिनों छिंदवाड़ा जिले के बिछुआ विकासखंड ग्राम पलाषपानी, धनेगॉव, सेमरटोला, आमाझिरी एवं अन्य ग्रामों में निर्धन परिवार के बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों को दैनिक उपयोग की वस्तुएँ प्रदान कीं। संस्था के सचिव नितिन वर्मा ने बताया कि समिति के सदस्यों के द्वारा इन गांवो के निर्धन परिवारों को चप्पलें, दैनिक उपयोग के कपड़े, साड़ियॉं, खिलौने और खाने पीने की सामाग्री बॉंटी गई। समिति सदस्यों ने ये सामाग्री शासकीय स्कूलों, पंचायत कार्यालय सहित मार्ग में चल रहे ग्रामीणों को एवं घर घर जाकर वितरित की। जिन्हें पाकर ग्रामीण बहुत खुष हो गए। सभी ने दोनों समिति के सदस्यों और पदाधिकारियों का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर प्रत्यंचा सृजन समिति के सचिव नितिन वर्मा, तारिणी पंजाबी सेवा समिति से श्रीमति निर्मला घेई, शासकीय षिक्षक राजेष साहू, धनेगॉव के पंचायत सचिव सुरेष कोचे, नाट्यगंगा के अध्यक्ष सचिन वर्मा और अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## पुलिस ने माल सहित चोर को पकड़ा



**छिंदवाड़ा।** पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के निर्देशन में जुन्नारदेव पुलिस ने चोरी पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पुलिस ने बताया कि योगेश खरकाटे पिता विठ्ठल राव उम्र 48 वर्ष ने रिपोर्ट लिखाई कि वह 19 मई को घर में ताला लगाकर खेत चला गया था, वापस आने पर घर का ताला टूटा मिला जिसमें लगभग 9 हजार रूपए का सोना एवं जेबरात चोरी हो गए। रिपोर्ट के बाद नगर निरिक्षक राकेश बघेल के निर्देशन में एक महीने की कड़ी मेहनत के बाद निगरानी बदमाश शहवाज उर्फ बट्टू खान से कड़ी पूछताछ की और उसनेचोरी करना कबूल किया, जिसमें उसका साथी आफताब उर्फ बुल्लू चोरी में साथ था, पुलिस ने कुल 14,600/- रूपए का माल जप्त किया और आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

## नकुलनाथ ने मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम का किया अवलोकन

### कलेक्टर की चुनाव आयोग से करेंगे शिकायतः नकुलनाथ



**छिन्दवाड़ा।** संसदीय क्षेत्र छिन्दवाड़ा के मतदाताओं का अभिमत 19 अप्रैल से ईवीएम में बंद है। मशीनों को सुरक्षार्थ स्ट्रांग रूम में रखा गया है। धरमटेकड़ी स्थित शासकीय पीजी कॉलेज को स्ट्रांग रूम बनाया गया है जिसमें जिलेभर की मशीनें रखी गई है। सुरक्षा इंतजामों व अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लेने जिले के सांसद व लोकसभा प्रत्याशी नकुलनाथ पीजी कॉलेज पहुंचे।

जिले के युवा सांसद नकुलनाथ अपने पूर्व निर्धारित कार्यक्रमों के अनुसार स्थानीय पीजी कॉलेज पहुंचे जहां उन्होंने शासन के सम्पूर्ण नियमों का परिपालन करते हुये मतगणना स्थल व स्ट्रांग रूम का अवलोकन कर व्यवस्थाओं का जायला लिया। स्क्रीन रूम में पहुंचकर उन्होंने सभी स्क्रीन पर नजर घूमते हुये देखा कि चालू है अथवा बंद। विदित हो कि विगत दिनों अचानक ही स्क्रीन बंद होने का मामला सामने आया था जिसके उपरांत प्रशासनिक अधिकारी व कांग्रेस पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारीगण वहां पहुंचे थे। बताया जा रहा है कि स्क्रीन खराब होने के कारण उनमें कुछ दिखाई नहीं दे रहा था। छिन्दवाड़ा-पांढुर्ना की सातों विधानसभाओं की ईवीएम रखी गई है। सांसद श्री नाथ ने स्ट्रांग रूम का निरीक्षण करने के साथ ही सुरक्षा इंतजामों को लेकर उन्होंने आवश्यक जानकारी ली।

### प्रशासन नहीं दे रहा प्रतिदिन की रिकॉर्डिंग

सांसद नकुलनाथ ने अवलोकन उपरांत मीडिया से चर्चा में कहा कि प्रशासन स्ट्रांग रूम की प्रतिदिन की रिकॉर्डिंग उपलब्ध नहीं करा रहा है। जिला निर्वाचन अधिकारी को प्रतिदिन के फुटेज उपलब्ध कराने हेतु आवेदन दिया गया था, किन्तु उन्होंने प्रस्तुत आवेदन को संज्ञान में नहीं लिया, अभी तक फुटेज भी उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। फुटेज नहीं देने के सम्बंध में भी कोई स्पष्ट जवाब अथवा कारण उन्होंने नहीं बताया है। इसीलिये इस मामले की शिकायत अब चुनाव आयोग से की जावेगी। सांसद श्री नाथ के साथ जिला कांग्रेस अध्यक्ष विश्वनाथ ओक्टे, शहर कांग्रेस अध्यक्ष पप्पू यादव, निगम अध्यक्ष सोनू मागो, राजकुमार मिश्रा सहित कांग्रेस के अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।


## मोटर व्हीकल चालानी कार्यवाही

**छिंदवाड़ा।** उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशानुसार एंव दुर्घटनाओ की रोकथाम हेतु यातायात नियमो के उल्लघंनकर्ता वाहन चालको के विरूद्व हेल्मेट एंव सीट बेल्ट आदि शीर्ष मे प्रभावी कार्यवाही हेतु श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय छिन्दवाडा श्री मनीष खत्री के मार्ग दर्शन, दिशा निर्देश के क्रम में उप पुलिस अधीक्षक श्री रामेश्वर चौबे यातायात छिंदवाड़ा के नेतृत्व में रक्षित निरीक्षक श्री राकेश तिवारी थाना प्रभारी थाना यातायात छिन्दवाडा द्वारा आज दिनांक 20 मई 2024 को, छिंदवाड़ा यातायात पुलिस ने शहर के विभिन्न चौराहों पर विशेष यातायात जांच अभियान चलाया। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य यातायात नियमों के पालन को सुनिश्चित करना और सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना था। इस अभियान मे थानों एंव ग्रातायात द्वारा कार्यवाही कर सयुक्त रूप से निम्नलिखित कार्यवाही की गई -हेलमेट न पहनने वाले दोपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 235 समन शुल्क 70500 रूपये, सीट बेल्ट न बांधने वाले चारपहिया वाहन चालकों के खिलाफ प्रकरण 60 समन शुल्क 30000 रूपये, वाहन मे विधिवत नम्बर प्लेट न होने वाले वाहन के विरूद्व प्रकरण 02 राशि 1000/-, वाहन के कागजात प्रस्तुत न करने वाले चालक के विरूध्द प्रकरण 01 राशि 500/-, नो पार्किंग मे वाहन खडा करने वाले चालको के विरूध्द प्रकरण 6 राशि 3000/-माल वाहन मे परिचालक न होने से चालक के विरूध्द प्रकरण 01 राशि 500/-, तेज गति से वाहन चलाने वाले चालक के विरूध्द प्रकरण 02 राशि 6000/-, दो पहिया वाहन के चालक द्वारा खराब सायलेंसर का उपयोग करने पर प्रकरण 01 राशि 1000/-, पात्रता से अधिक सवारी बैठाने वाले चालक के विरूध्द प्रकरण 01 राशि 200 रूपये वसूल की गई।इसी तारतम्य में शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको के खिलाफ अभियान चलाकर 17 वाहन चालको के विरूध्द कार्यवाही कर धारा 185 मो. व्ही.एक्ट के तहत प्रकरण तैयार कर माननीय न्यायालय पेश किया जाता है। तथा अपील की जाती है। कि शराब पीकर वाहन न चलाये एंव भविष्य मे भी इसी तरह की कार्यवाही लगातार जारी रहेंगीएंव सिवनी रोड मे खतरनाक तरीकों से खड़े ट्रको पर कार्यवाही की गई जिसमे ट्रक क्र. MH40CD7215, MP09HJ4527, MP28G5834, CG08V9261, MP28H2869, MH40CD6012 पर मो. व्ही. एक्ट की धारा 117/177,111/177 मो. व्ही.एक्ट पर कार्यवाही कर 2500 रूपये समन शुल्क वसूल किया गया एंव ट्रक चालको को रोड में वाहन पार्किंग न करने की समझाईश दी गई।



## भगवान महावीर के दर्शन और वाणी की वर्तमान् युग में प्रासंगिकता की रचना पर रचनाकार होंगे पुरस्कृत

**भोपाल।** वीतराग प्रभु महावीर के 2550 वें निर्वाण महोत्सव के पुनीत अवसर पर भगवान महावीर फाउंडेशन चैनई भगवान महावीर की वाणी की आज के युग में प्रासंगिकता विषय पर देश के विद्धान लेखकों से उनकी हिंदी या अंग्रेजी में मौलिक, प्रकाशित /अप्रकाशित रचनाओं को डाक्टर नेमी चन्द जैन मेमोरियल अवार्ड के लिए लेख बुलाए गए हैं । इन लेखों में प्रमुख रूप से भगवान महावीर के दर्शन को प्रतिबिंबित करता



हो, उनके दर्शन की वर्तमान युग में भी प्रासंगिकता की तथ्यात्मक पुष्टि करता हो। लेखकों की रचनाएं भगवान महावीर द्वारा प्रतिपादित सिध्दांतो पर आधारित स्वास्थ्य, स्वच्छता, शासकीय नीतियों, प्रशासनिक प्रबंधन, शाकाहार के प्रमाणिक वैज्ञानिक महत्व और लाभ, अहिंसा के औचित्य, बेजुबान पशुओं के प्रति क्रूरता के लिए रोकथाम, पर्यावरण एवं वृक्षों के संरक्षण शामिल होना चाहिए। यह लेख हिन्दी या अंग्रेजी में मान्य हैं। सर्वश्रेष्ठ एक रचना पर भगवान महावीर फाउंडेशन द्वारा दो लाख रुपये का पुरस्कार, प्रशस्ति पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया जायेगा।

रचना प्रकाशित / अप्रकाशित, लेकिन स्वलिखित होनी चाहिए। पुरस्कार का चयन भगवान महावीर फाउंडेशन चेन्नई द्वारा चयनित कमेटी द्वारा किया जाएगा। रचना न्यूनतम 150 पृष्ठ की होनी चाहिए। रचनाभेजने की अंतिम तिथि 31 दिसम्बर 2024 हैं।

### नर्सिंग जांच घोटाला: 4 महीने से इंस्पेक्टर -प्रिंसिपल की बात सुन रही थी सीबीआई

# कार्रवाई इतनी गोपनीय कि सरकारी वकील भी दिल्ली से लाए, 2.33 करोड़ रुपए जब्त

**भोपाल।** शनिवार, 18 मई की रात को मध्यप्रदेश पुलिस और सीबीआई के अफसर जब दफ्तर से छुट्टी के मूड में अपने घरों के लिए रवाना हो रहे थे, तब भोपाल की पॉश प्रोफेसर कॉलोनी में सीबीआई इंस्पेक्टर राहुल राज के घर दिल्ली सीबीआई सोने के बिस्किट और नकदी गिन रही थी। किसी को इस कार्रवाई की कानों कान खबर नहीं थी।

अगले दिन रविवार को सीबीआई ने इंस्पेक्टर राहुल के घर से 7.80 लाख रुपए और सोने के बिस्किट बरामद कर दावा किया कि ये पैसे और सोना राहुल राज ने नर्सिंग कॉलेजों से रिश्वत के रूप में लिया है। राहुल राज के साथ ही सीबीआई ने 2 और लोगों को गिरफ्तार किया। जब इन सभी को कोर्ट में पेश किया गया, तब एमपी के अफसरों को इस छापामार कार्रवाई की भनक लगी। अफसर कुछ समझते उससे पहले ऐसी ही कार्रवाई रतलाम में भी की गई। अब तक सीबीआई इस मामले में 2 इंस्पेक्टर सहित 13 लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। सीबीआई ने इंदौर, भोपाल, रतलाम और जयपुर में 31 ठिकानों पर छापा मारकर 2.33 करोड़ रुपए 4 गोल्ड के बिस्किट और 36 मोबाइल जब्त किए हैं।

अहम सवाल ये है कि दिल्ली सीबीआई को एमपी में आकर इतने गुपचुप काम करने की जरूरत क्यों पड़ी? असल में अप्रैल 2023 में हाईकोर्ट की ग्वालियर बेंच ने नर्सिंग कॉलेजों की जांच के लिए सीबीआई को आदेश दिए थे। सीबीआई ने 17 जनवरी 2024 को बंद लिफाफे में



हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश की। इस रिपोर्ट के सामने आने पर इस पर सवाल उठे। ये भी पता चला कि रिपोर्ट के बाद ही इस मामले की जांच कर रहे इंस्पेक्टर के फोन सीबीआई ने सर्विलॉन्स पर डाल दिए थे। चार महीने तक कॉल रिकॉर्डिंग की, जब अधिकारियों और नर्सिंग कॉलेज संचालकों के साठगांठ के पुख्ता सबूत मिले तो छापा मार कार्रवाई कर रिश्वत के इस खेल को उजागर किया।

17 जनवरी को सीबीआई ने बंद लिफाफे में हाईकोर्ट के सामने जो रिपोर्ट पेश की उसमें कॉलेजों की 3 कैटेगरी थी। सूटेबल, डिफिशिएंट और अनसूटेबल। सीबीआई ने प्रदेश के कुल 308 में 169 कॉलेज को सूटेबल बताया था। यानी इन्हें क्लीन चिट दी थी।

इनमें से 73 कॉलेजों को डिफिशिएंट बताया गया था यानी इनमें सुधार की जरूरत थी। 66 कॉलेजों को अनसूटेबल बताया था यानी इन्होंने नॉर्म्स का पालन ही नहीं किया था। इस रिपोर्ट के सामने आने के बाद इस पर सवाल उठ गए। नर्सिंग घोटाले से जुड़े व्हिसिल ब्लोअर रवि परमार कहते हैं कि जब ये रिपोर्ट बाहर आई तो पता चला कि सीबीआई ने इसमें कई ऐसे कॉलेजों को भी सूटेबल बता दिया था, जिसमें खामियां थी। परमार का तर्क है कि उन्होंने 15 अप्रैल को भोपाल सीबीआई को इसकी शिकायत भी की थी।

इस शिकायत में बिलखिरिया के मलय नर्सिंग कॉलेज, एम्स के पास एपीएस एकेडमी, जहांगीराबाद में महको नर्सिंग कॉलेज और इंदौर के आरडी नर्सिंग कॉलेज को सूटेबल बताए जाने पर आपत्ति दर्ज की थी। इसके पक्ष में उन्होंने तर्क भी दिए थे। शिकायत पर ध्यान देने के बजाय भोपाल सीबीआई अपने रोजमर्रा के दूसरे काम में जुटी रही। भोपाल की सीबीआई ब्रांच के प्रमुख डीआईजी प्रमोद कुमार मांझी का फोकस आर्थिक गड़बड़ियों से जुड़े दूसरे मामलों पर था। उन्हें अपने ही दफ्तर के जांबाज इंस्पेक्टर्स पर कोई संदेह नहीं था।

### दिल्ली सीबीआई की इंटरनल विजिलेंस टीम को कैसे लगी रिश्वत की भनक

हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई ने नर्सिंग कॉलेजों की जांच के लिए 7 कोर टीम और 5 सहायक टीम का गठन किया था। इनमें सीबीआई अधिकारियों के साथ पटवारी और मप्र के नर्सिंग कॉलेजों द्वारा नामित किए अधिकारी शामिल थे। जब सीबीआई ने हाईकोर्ट में रिपोर्ट पेश की और इस पर सवाल उठे तो सीबीआई की इंटरनल विजिलेंस टीम ने इस पर नजर रखना शुरू किया। सीबीआई के सूत्र बताते हैं कि जल्द ही विजिलेंस टीम को पता चल गया कि इंस्पेक्टर राहुल राज रिश्वत लेकर नर्सिंग कॉलेज की रिपोर्ट में फेर बदल कर रहे हैं।

## डॉ.श्वेता झा पी.एच.डी. की डिग्री से सम्मानित

**भोपाल।** डॉ.संदीप झा और श्रीमती सोनी झा की पुत्री एवं पूर्व सांसद व भाजपा के वरिष्ठ नेता श्री प्रभात झा एवं श्रीमती रंजना झा की पुत्रवधू तथा तुष्मुल झा की पत्नी डॉ.श्वेता झा को पी.एच.डी. की डिग्री से सम्मानित किया गया है।



उन्हें बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय, भोपाल (मध्य प्रदेश) से प्रबंधन में डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी (पी.एच.डी) की डिग्री से सम्मानित किया गया है। उनके शोध का विषय मध्यप्रदेश के व्यावसायिक शिक्षा संस्थानों में कार्यबल विविधता और मानव संसाधन चुनौतियों का प्रबंध था, उन्हें यह डिग्री एल.एन.सी.टी. भोपाल एम.बी.ए के प्रोफेसर और निदेशक डॉ. मुकेश चंसोरिया तथा सी.आर.आई.एम. के निदेशक और प्रबंधन बरकतुल्लाह विश्वविद्यालय के डीन संकाय डॉ. विवेक शर्मा के मार्गदर्शन में प्रदान किया गया है। डॉ.श्वेता झा पी.एच.डी. की डिग्री से सम्मानित किये जाने पर अयत्न झा, श्रीमती शुभ्रा झा, डॉ. तान्या झा, आर्यन झा ने शुभकानमाएं दी है साथ ही, अभीष्ट झा, अभिज्ञा झा और अपेक्षित झा द्वारा उन्हें विशेष शुभकामनाएं दी गई है।



पीसीसी कार्यालय में आज स्वर्गीय प्रधानमंत्री राजीव गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इस मौके पर पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, भोपाल के लोकसभा प्रत्याशी अरुण श्रीवास्तव, जिला महिला कांग्रेस अध्यक्ष संतोष कसाना, विवेक त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

## कलेक्टर आशीष सिंह की पहल पर नोटरी वाली संपत्तियों की होगी रजिस्ट्री

**इंदौर।** कलेक्टर आशीष सिंह की पहल पर इंदौर में नागरिकों को उनकी संपत्ति का वास्तविक मालिकाना हक दिलाने के लिये पायलेट प्रोजेक्ट के रूप में अनुकरणीय अभियान प्रारंभ किया गया है। इस अभियान के तहत शहर के ऐसी अवैध कॉलोनियां जिन्हे राज्य शासन के निर्देशानुसार वैध किया गया है,वहां के रहवासियों की संपत्ति की रजिस्ट्री कराई जायेगी।

इसके लिये अभी पायलेट प्रोजेक्ट के तौर पर यह कार्य वार्ड नम्बर 31 में स्थित शीतल नगर रेडिसन होटल के पास तथा वार्ड नम्बर 30 में स्थित मालवीय नगर हेतु किया जायेगा। इन स्थानों पर बेहतर परिणाम प्राप्त होने के उपरांत अन्य क्षेत्रों में भी बढाया जा सकेगा।

कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा आम जनता के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया है कि- कई वर्षों से अविवादित सम्पत्ति की नोटरी के माध्यम



से मालिक बने आमजन को अब नगर पालिका की सम्पत्ति कर रसीद तथा असेस्मेंट के आधार पर पंजीयन कार्यालय में अपने दस्तावेज का पंजीयन कराया जा सकेगा। ऐसे भूस्वामी जिनके पास मालिकाना हक की पुरानी नोटरी है, वे उसके आधार पर आगे के दस्तावेज जैसे दान, विक्रय, सहस्वामी आदि दस्तावेज पंजीयन कार्यालय में पंजीयन करा सकेंगे।

# राजगढ़ में बस पुलिया से नीचे गिरी, 2 की मौत, 40 घायल

### इंदौर से अशोकनगर जा रही थी; महिला बोली- ड्राइवर ने शराब पी रखी थी

**शाजापुर।** राजगढ़ में सोमवार रात इंदौर से अशोकनगर जा रही निजी बस पुलिया से नीचे गिर गई। हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। बस में 55 यात्री सवार थे, जिनमें से 40 घायल हो गए। 19 का इलाज इंदौर, 3 का शाजापुर, 10 का ब्यावरा और 3 का पचोर अस्पताल में चल रहा है। घायलों में बच्चे-बुजुर्ग शामिल हैं। हादसे के बाद बस ड्राइवर और कंडक्टर फरार हो गए हैं। एक महिला यात्री ने



बताया कि ड्राइवर ने शराब पी रखी थी और बार-बार मोबाइल देख रहा था।

जानकारी अनुसार इंदौर से आकर पिछोर जा रही बालाजी बस सर्विस की बस क्रमांक यूपी-78-जीटी-3394 आगरा-मुंबई हाईवे पर पचोर के पास पुलिया से नीचे गिरी है। हादसा रात एक से डेढ़ बजे के बीच हुआ। सूचना मिलते ही पचोर थाना प्रभारी आकांशा शर्मा टीम के साथ मौके पर पहुंचीं। घायलों को ट्रैक्टर-ट्रॉली की मदद से पचोर अस्पताल पहुंचाया गया। पचोर से शाजापुर रेफर किया गया। जिला अस्पताल में पदस्थ आरएमओ डॉ. सचिन नायक ने बताया कि 22 घायल यात्रियों को यहां लाया गया, जिसमें से 19 गंभीर रूप से घायल थे, उनको इंदौर रेफर किया गया है। शाजापुर से घायलों को इंदौर रेफर किया

थाना प्रभारी ने बताया कि हरिओम पिता हसरत सिंह कुशवाह निवासी भटोली अशोकनगर और एक अज्ञात की मौके पर ही मौत हो गई है। इसकी उम्र लगभग 30 साल होगी। पचोर अस्पताल में प्राथमिक इलाज के बाद 22 घायलों को शाजापुर रेफर किया गया। शाजापुर जिला अस्पताल के डॉक्टरों के अनुसार उपचार के बाद 19 घायलों को इंदौर रेफर किया है।

## भाजपा विधायक हजारी लाल दांगी के पोते ने इंदौर में आत्महत्या की



**इंदौर।** खिलचीपुर से भाजपा विधायक हजारी लाल दांगी के पोते ने इंदौर में सुसाइड कर लिया। वो यहां एलएलबी की पढ़ाई करने आया था। घटना सोमवार रात की है। शव का पोस्टमॉर्टम मंगलवार को किया जाएगा। जानकारी के मुताबिक विधायक हजारी लाल के बेटे बापूलाल का बेटा विजय इंदौर में रहता था। उसने यहां गांधी नगर में सुसाइड कर लिया। सुसाइड के पीछे दोस्ती का विवाद बताया जा रहा है। शव रात को जिला अस्पताल ले जाया गया, तब वहां विधायक के रिश्तेदार पहुंच चुके थे। बापूलाल बिल्डर हैं और पुश्तैनी जमीन पर खेती करते हैं। उनका दूसरा बेटा एमबीए कर रहा है।

## भोपाल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित करने का आरोप, चुनाव आयोग को शिकायत

**भोपाल।** लोकसभा क्षेत्र भोपाल से कांग्रेस प्रत्याशी अरूण श्रीवास्तव ने प्रदेश के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी अनुपम राजन को ज्ञापन सौंप कर भोपाल में एक मंत्री के इशारे पर उनके रिश्तेदार पुलिस अधिकारी द्वारा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को प्रताड़ित और धाराएं लगाकर थाने में बंद कराने का आरोप लगाया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी से मिलने वाले प्रतिनिधिमंडल में पूर्व मंत्री पीसी शर्मा, अवनीश भार्गव,महिला कांग्रेस की प्रदेश अध्यक्ष विभा पटेल, जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रवीण सक्सेना, कैप्टन श्याम श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।




आज सौंपे गए शिकायत पत्र में कहा गया है कि मतदान दिनांक 7 मई 2024 के 2-3 दिन पूर्व से ही लोकसभा क्षेत्र भोपाल के अन्तर्गत नरेला विधानसमा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी के मंत्री विश्वास सारंग के रिश्तेदार एक एसीपी द्वारा 25-30 कांग्रेस कार्यकर्ताओं के विरूद्ध झूठे मुकदमे अन्तर्गत धारा 151 दंड प्रक्रिया संहिता एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही अन्तर्गत प्रांरा 107-116 अन्तर्गत 3 दंप्रतं दर्ज कर कार्यकर्ताओं को जेल मिजवा दिया गया है। इसके परिणाम स्वरूप अन्य कांग्रेस कार्यकर्ताओं में भी भय का वातावरण निर्मित होने से चुनाव का मतदान प्रभावित हुआ तथा पुलिस अधिकारी द्वारा जानबूझकर साम्प्रदायिकता के आधार पर अल्पसंख्यक वर्ग नेताओं के विरूद्ध कार्यवाही कर उन्हें अनावश्यक प्रताड़ित कराया गया। कांग्रेस के प्रतिनिधिमंडल ने चुनाव आयोग से पूरे मामले की जांच करवा कर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है।

# 24-25 मई से पूरे प्रदेश में लू की संभावना

### ग्वालियर, चंबल-निमाड़ सबसे गर्म; निवाड़ी, दतिया, नौगांव में पारा 45 पार

**भोपाल।** प्रदेश में गर्मी के तेवर तीखे हैं। ग्वालियर, चंबल और निमाड़ में भीषण गर्मी पड़ रही है। सोमवार को निवाड़ी जिले का पृथ्वीपुर मध्यप्रदेश में सबसे गर्म रहा। यहां पारा 45.9 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इससे पहले दतिया में रविवार को तापमान 47.5 डिग्री तक था।

छतरपुर का नौगांव, रतलाम-राजगढ़ भी सोमवार को हॉट रहे, जबकि ग्वालियर, चंबल-निमाड़ भी लू का असर देखा गया। दिन के साथ रातें भी गर्म हैं। आईएमडी भोपाल के सीनियर मौसम वैज्ञानिक डॉ. वेदप्रकाश सिंह ने बताया, 24-25 मई से पूरा प्रदेश लू की चपेट में रहेगा। नौगांव (छतरपुर), रतलाम और दतिया खूब तपे। यहां पारा 45.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। राजगढ़ में पारा 45 डिग्री दर्ज किया गया। ग्वालियर में 44.7 डिग्री, उज्जैन में 44 डिग्री, शिवपुरी में 44.2 डिग्री, शाजापुर-गुना में 44.6 डिग्री और खजुराहो में 44.8 डिग्री रहा। भोपाल




में पारा 41.8 डिग्री, इंदौर में 43.1 डिग्री, जबलपुर में 41.2 डिग्री दर्ज किया गया। रायसेन, नरसिंहपुर, खरगोन, दमोह, खंडवा, धार और टीकमगढ़ में भी सोमवार को गर्मी के तेवर तीखे रहे।

**आज धूल भरी हवाएं चलेंगी-** मौसम विभाग ने बताया कि अभी एक चक्रवाती घेरा सक्रिय है। वहीं, एक पश्चिमी विक्षोभ और ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस वजह से अगले 24 घंटे में पूर्वी हिस्से के कुछ जिलों में धूलभरी हवाएं चलेंगी। वहीं, गरज-चमक और हल्की बारिश की संभावना है। उत्तरी-पश्चिमी हिस्से में गर्म हवाएं चलेंगी।

# चार महीने में होगा मप्र कांग्रेस का पुनर्गठन

### सीनियर नेता वर्कर्स से मंथन कर चुनौतियों पर करेंगे चर्चा, अक्टूबर में अधिवेशन होगा

**भोपाल।** विधानसभा चुनाव में हार के बाद और लोकसभा चुनाव के दौरान पार्टी में मची भगदड़ के बीच लोकसभा चुनाव की वोटिंग के बाद अब पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने कांग्रेस के संगठन को दुरुस्त करने की कवायद शुरु की है। एमपी में चार महीनों तक कांग्रेस के संगठन को नए सिरे से खड़ा करने के लिए सभी बड़े नेता वर्कर्स के साथ मंथन करेंगे। लोकसभा चुनाव के परिणाम के अगले ही दिन 5 जून से ही कांग्रेस का मंथन कार्यक्रम शुरु हो जाएगा। 15 अगस्त तक चलने वाले मंथन में सभी कार्यकर्ता बूथ स्तर से लेकर जिला स्तर तक कार्यकर्ताओं की बात सुनकर सुधार के लिए रिपोर्ट बनाएंगे।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मात्र 66 सीटें मिलीं। इस करारी हार के बाद कई हारे हुए उम्मीदवारों ने बूथ पर संगठन को कमजोर बताया था। कई केंडिडेट्स ने संगठन में पद लेकर काम ना करने वालों को जिम्मेदार ठहराया था। आगामी समय में होने वाले त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव, नगरीय निकाय चुनाव और परिसीमन के बाद होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर कांग्रेस बूथ से लेकर जिला स्तर तक संगठन को दुरुस्त करने की कोशिश में जुट गई है।

**29 लोकसभाओं में सबसे सीनियर लीडर बनेंगे प्रभारी-** मंथन कार्यक्रम के अंतर्गत कांग्रेस पार्टी के सबसे सीनियर लीडर कमलनाथ, दिग्विजय सिंह, कांतिलाल




भूरिया, डॉ गोविंद सिंह, विवेक तन्खा जैसे वरिष्ठ नेताओं को लोकसभा का प्रभार दिया जाएगा। इसके बाद जिला अध्यक्ष, जिला प्रभारी बूथ स्तर से लेकर मंडलम, सेक्टर लेवल के कार्यकर्ताओं के साथ ब्लॉक लेवल पर बैठक करेंगे। बैठक में नेता भाषण देने के बजाए कार्यकर्ताओं की बात सुनेंगे।

**कार्यकर्ताओं के बीच से चिन्हित होंगी चुनौतियां-** कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी भंवर जितेन्द्र सिंह और पीसीसी चीफ जीतू पटवारी के निर्देश पर मंथन कार्यक्रम में ब्लॉक स्तर पर बैठक लेने वाले नेता कार्यकर्ताओं के बीच से ही चुनौतियों को चिन्हित करेंगे। कार्यकर्ताओं द्वारा उठाए गए विषयों की पूरी रिपोर्ट बनाई जाएगी। इसके बाद जिला स्तर पर सभी नेताओं की बड़ी बैठक होगी। इस बैठक में जिले भर में कांग्रेस की कमजोरी और चुनौतियों का डॉक्युमेंट तैयार किया जाएगा।

### प्रदेश स्तर पर बनेगा कोर ग्रुप

प्रदेश भर में जिलाध्यक्ष जिला प्रभारी, लोकसभा प्रभारी और विधानसभा चुनाव लड़े उम्मीदवार हर ब्लॉक में कार्यकर्ताओं की मीटिंग लेंगे। यदि स्थानीय स्तर पर कोई समस्या है तो इसका समाधान लोकल लेवल पर क्या है? इस पर चर्चा होगी। मंथन कार्यक्रम के तहत ब्लॉक से शुरु होकर ये जिला स्तर पर बैठकें होंगी। फिर प्रदेश स्तर पर बैठक होगी। प्रदेश भर से आई बातों का डॉक्यूमेंट बनेगा। फिर महिला कांग्रेस, यूथ कांग्रेस, एनएसयूआई, एसटी कांग्रेस, एससी कांग्रेस को मिलाकर कोर ग्रुप बनाया जाएगा।

### सितंबर-अक्टूबर में होगा अधिवेशन

प्रदेश भर में बैठकों के बाद सितंबर के अंतिम सप्ताह या अक्टूबर के पहले सप्ताह में कांग्रेस का तीन दिवसीय अधिवेशन होगा। ये पूरी प्रक्रिया चार महीने की चलेगी। इस बीच पीसीसी का गठन हो जाएगा। जिला अध्यक्षों के खाली पद भर दिए जाएंगे। हम कार्यकर्ताओं को सुनेंगे। उसके बाद फिर अधिवेशन में प्रस्ताव पास किए जाएंगे। कांग्रेस में अधिवेशन लंबे समय से नहीं हुआ है। इस साल होने वाले अधिवेशन में पीसीसी डेलीगेट, जिलाध्यक्ष विधायक, सांसद, हारे हुए उम्मीदवार, एआईसीसी डेलीगेट, लोकसभा प्रभारी, जिला प्रभारियों सहित करीब डेढ़ हजार नेता, पदाधिकारी शामिल होंगे। इस अधिवेशन में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष सहित तमाम राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी शामिल होंगे।